# देशबन्धु

वर्ष – 8 । अंक–254 । सागर, शुक्रवार, 3 नवम्बर 2023 । पृष्ठ –8 । मूल्य – 3.00 रुपए







## सार-समाचार

### भूटान के राजा वांगचुक आज से भारत की यात्रा पर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भूटान के राजा जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक 03 से 10 नवंबर तक भारत की आधिकारिक यात्रा पर आ रहे हैं। विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को यहां बताया कि भूटान नरेश अपने देश की शाही सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ कल नयी दिल्ली पहुंचेंगे। वह यहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात करेंगे। विदेश मंत्री एस जयशंकर और भारत सरकार के वरिष्ठ अधिकारी भूटान नरेश से मुलाकात करेंगे। भूटान नरेश असम और महाराष्ट्र की यात्रा पर भी जाएंगे।

### 1 दिसम्बर तक न्यायिक हिरासत में भेजे गए प्रबीर पुरकायस्थ

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली की एक अदालत ने गुरुवार को न्यूजक्लिक के संस्थापक-संपादक प्रबीर पुरकायस्थ और एचआर प्रमुख अमित चक्रवर्ती को गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम के प्रावधानों के तहत दर्ज मामले में 1 दिसंबर तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया। पुलिस हिरासत पूरी होने पर दोनों को पटियाला हाउस कोर्ट की विशेष न्यायाधीश हरदीप कौर के सामने पेश किया गया। 31 अक्टूबर को, अदालत ने पुरकायस्थ के एक आवेदन पर जवाब दाखिल करने के लिए दिल्ली पुलिस को 10 नवंबर तक का समय दिया था, जिसमें पुलिस द्वारा जब्त किए गए उनके इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस को जारी करने की मांग की गई थी।

### एनआईए ने बेंगलुरु आतंकी मामले को अपने हाथ में लिया

**बेंगलुरु, एजेंसी।** कर्नाटक पुलिस द्वारा बेंगलुरु में कथित आतंकी साजिश का भंडाफोड़ करने और पांच लोगों को गिरफ्तार करने के तीन महीने बाद, मामले को राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने अपने हाथ में ले लिया है, सूत्रों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने आरोपियों के पास से पांच जिंदा ग्रेनेड, सात देशी पिस्तौल, 45 गोलियां, वॉकी-टॉकी, 12 मोबाइल और तेज धार वाले हथियार बरामद किए थे। आरोपियों को 19 जुलाई को गिरफ्तार किया गया था।

### तमिल अभिनेता बलैया का 70 साल की उम्र में निधन

**मुंबई, एजेंसी।** दिग्गज अभिनेता टी.एस. बलैया के तीसरे बेटे, जूनियर बलैया के नाम से मशहूर अभिनेता रघु बलैया का गुरुवार को दम घुटने के चलते निधन हो गया। एक्टर ने चेन्नई के वलसारावक्कम स्थित अपने आवास पर अंतिम सांस ली। वह 70 साल के थे। जूनियर बलैया को सुंदरकंदम, कराकाटकरन, सत्ताई और अन्य फिल्मों के लिए जाना जाता है। फिल्मों के अलावा उन्हें टीवी शो में भी देखा गया, जिनमें चिथी, वाजकई और चिन्ना पापा पेरिया पापा शामिल हैं।

### पूर्व डीजीपी हुए कांग्रेस में शामिल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** तमिलनाडु के पूर्व पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) बी.के. रवि गुरुवार को कांग्रेस में शामिल हो गए। उन्होंने कुछ महीने पहले वोलंटरी रिटायरमेंट ली थी। दिल्ली में पार्टी मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन में कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) के सदस्य सैयद नसीर हुसैन ने कहा, रवि हमारी पार्टी में शामिल हो गए हैं। वह पहले तमिलनाडु पुलिस के डीजीपी थे और उन्होंने पार्टी में शामिल होने के लिए रिटायरमेंट ली है।

### कर्नाटक में दलित नेता की हत्या के मामले में 3 गिरफ्तार

**रायचूर, एजेंसी।** कर्नाटक पुलिस ने एक दलित नेता की हत्या के मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है, जिनकी इस हफ्ते की शुरुआत में रायचूर जिले में हत्या कर दी गई थी। 40 वर्षीय प्रसाद की सोमवार को मानवी तालुक के पास मुदलापुर में हत्या कर दी गई थी। गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान केशव, रामू और देवा रेड्डी के रूप में हुई है। तीनों आरोपियों ने कबूल किया कि पीड़ित ने उन्हें प्रताड़ित किया था और बदला लेने के लिए उन्होंने उसकी हत्या कर दी। पुलिस के मुताबिक, हत्यारों ने पीड़ित को उस वक्त रोका जब वह बाइक पर जा रहा था और उस पर धारदार हथियारों से हमला किया। पीड़ित की हथेली कटी हुई थी और उसके पूरे शरीर पर कट के निशान थे। घटना के बाद रायचूर एसपी निखिल ने घटनास्थल का दौरा किया और जांच में जुट गई।

मुख्यमंत्री ने चुनावी सभाओं में कमलनाथ पर साधा निशाना, कहा -

## सरकार नहीं चला पाए, आरोप हम पर लगा रहे हैं



**सागर, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि ये वही कमलनाथ और कांग्रेस हैं, जो सवा साल के लिए आए थे और आकर प्रदेश में जन कल्याणकारी योजनाओं को बंद कर दिया था। अब कमलनाथ कह रहे हैं कि भाजपा श्रेय लेती है, लेकिन कमलनाथ जी का क्या हुआ... 15 साल में सरकार बनाई वही ठीक से नहीं चलाई, अब हमसे बात करते हैं।

श्री चौहान ने गुरुवार को देवरी, टीकमगढ़. पृथ्वीपुर, महाराजपुर में चुनावी सभाओं को संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि अब कमलनाथ मॉडल अब नहीं चलने वाला, ये ओल्ड मॉडल है। उन्होंने कहा कि, कमलनाथ ने सवा साल में वल्लभ भवन को भ्रष्टाचार और दलालों का अड्डा बना दिया था। मध्यप्रदेश को बर्बाद ■ शेष पृष्ठ 5 पर

### बहन के हाथों खाया सीताफल

मुख्यमंत्री जब देवरी पहुंची तो सभा मंच के पास एक बहन टोकरी में उनके लिए सीताफल लेकर पहुंची। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने भी लाड़ली बहन का मान रखते हुए उसे सभा के मंच पर बुला लिया और उनके हाथों से सीताफल खाया।

खुरई में पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ बोले-

## नौजवानों का भविष्य सबसे बड़ी चुनौती



**सागर, देशबन्धु।** पूर्व मुख्यमंत्री और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने कहा कि खुरई का भविष्य अब आपके हाथ में है और मैं हर मंच से कहता हूं कि आज हमारी सबसे बड़ी चुनौती हमारे नौजवानों का भविष्य है। यहां से युवाओं का पलायन बड़ी संख्या में हो रहा है।

उन्होंने कहा कि नौजवान अपने व्यवसाय के लिए सरकार से थोड़ी सी मदद और अपने हाथों को काम चाहता है, लेकिन सागर और खुरई में उनकी सभी संभावनाओं पर पानी फिर चुका है। कांग्रेस सरकार नौजवानों की सरकार होगी। कमलनाथ आज खुरई में कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थन में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने यह भी कहा कि खुरई की जिम्मेदारी कमलनाथ की जिम्मेदारी है और खुरई को मैं छिंदवाड़ा का हिस्सा मानूंगा। उन्होंने कहा कि पूरे बुंदेलखंड का झूठा विकास आपके सामने है, 8 हजार करोड़ का बुंदेलखंड पैकेज देने का काम राहुल गाँधी ने किया था, अगर भाजपा की 50 प्रतिशत कमीशन वाली सरकार नहीं होती तो इसका पूरा लाभ बुंदेलखंड को मिलता। कमलनाथ ने कहा कि आज नौजवान अपने रोजगार के लिए भटक रहे हैं। अगर इन नौजवानों का भविष्य ■ शेष पृष्ठ 5 पर

राहुल ने तेलंगाना में किया चुनाव प्रचार, कहा-

## केसीआर ने जनता का पैसा चुराया



**हैदराबाद, एजेंसी।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी तेलंगाना में चुनावी दौरे पर हैं। गुरुवार को उन्होंने अम्बाटपल्ली में जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान राहुल ने कहा कि राज्य के मुख्यमंत्री केसीआर ने जनता का जितना पैसा चोरी किया है, कांग्रेस सबको उतना पैसा लौटाएगी।

राहुल ने कहा कि कालेश्वरम प्रोजेक्ट केसीआर का एटीएम है। इस एटीएम को चलाने के लिए तेलंगाना के सभी परिवारों को 2040 तक हर साल 31 हजार 500 रुपए देने होंगे। तेलंगाना में कांग्रेस की सरकार बनी तो महिलाओं के बैंक अकाउंट में हर महीने 2500 रुपए भेजा जाएगा। 1000 रुपए का सिलेंडर 500 रुपए में मिलेगा। कांग्रेस सांसद ने कहा कि बसों में महिलाओं फ्री में सफर कर सकेंगी। उनके ट्रैवल का 500 से 1000 रुपए बचेगा। इस तरह महिलाओं को ■ शेष पृष्ठ 5 पर

छत्तीसगढ़ में बोले प्रधानमंत्री मोदी

### भ्रष्टाचारियों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी



**कांकेर, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा हैं कि चोर लुटेरों के भ्रष्टाचार को रोकने और उन पर कार्रवाई के लिए लोगो ने उन्हे सत्ता में बिठाया है,और यह काम वह पूरी ताकत से कर रहे है। कोई कुछ भी कर ले, लेकिन वह यह काम कतई रोकने वाले नही है। मोदी ने एक चुनावी सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ हो या कोई राज्य,कहीं भी जिसने लोगो को लूटा है,उनको सब कुछ लौटाना ■ शेष पृष्ठ 5 पर

कांग्रेस की गुटबाजी पर पूर्व केन्द्रीय मंत्री ने कसा तंज, छिंदवाड़ा में बोले-

## राहुल गांधी कांग्रेस में कब मोहब्बत पैदा करेंगे



**भोपाल, देशबन्धु।** पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद रविशंकर प्रसाद ने पूर्व मुख्यमंत्री और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ से सवाल पूछा है कि राहुल गांधी मोहब्बत की दुकान खोलने की बात करते हैं, लेकिन वे कांग्रेस में मोहब्बत कब पैदा करेंगे। कांग्रेस में कुर्ता फाड़ बयान जारी हो रहे हैं। कांग्रेस में मोहब्बत नहीं बिखराव है।

वह आज छिंदवाड़ा में पत्रकार वार्ता में कांग्रेस पर आक्रामक नजर आए। श्री प्रसाद ने कहा कि बिहार अक्सर राजनीति को नये-नये शब्द देने के लिए मशहूर है, लेकिन इस बार बिहार को पीछे छोड़कर मध्यप्रदेश ने राजनीति को एक नया शब्द दिया है 'कुर्ता फाड़' राजनीति। उन्होंने कहा कि दो बड़े नेता, जिनमें से एक मुख्यमंत्री पद का दावेदार है और दूसरा पूर्व मुख्यमंत्री है। इनमें से मुख्यमंत्री पद के दावेदार पूर्व मुख्यमंत्री के लिए कहते हैं कि इसके कपड़े फाड़ो। श्री प्रसाद ने कहा कि इससे पता चलता है कि कांग्रेस में अंदर खाने सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। ये कांग्रेस के नेताओं के राजनीतिक स्वार्थ का टकराव है। श्री प्रसाद ने यह आरोप भी लगाया कि कमलनाथ और नकुलनाथ राहुल गांधी को कुछ नहीं मानते। उन्होंने विपक्षियों के अलायंस पर ने कहा कि यह एलायंस अवसरवादी लोगों का गठबंधन है, जो बनने से पहले ही बिखर गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी मध्यप्रदेश से बहुत स्नेह रखते हैं। इसी कारण प्रधानमंत्री बनने के बाद नरेंद्र मोदी अभी तक 38 दौरे कर चुके हैं।

कांग्रेस का महाजनसंपर्क अभियान, 15 दिन में होंगी 17 बड़ी रैलियां

## खड़गे, राहुल, प्रियंका सहित कई दिग्गज होंगे शामिल



**भोपाल, देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस प्रदेश में महाजनसंपर्क अभियान शुरू करेगी। इस अभियान में पार्टी के शीर्ष नेता शामिल होंगे और मतदाताओं के बीच भाजपा सरकार की नाकामियों के साथ ही कांग्रेस की ओर से दी गई गारंटियां और वचन पत्र में दिए गए वचनों को लोगों के लिए ले जाया जाएगा। अगले 15 दिन में पार्टी राज्य में 17 बड़ी रैलियां करेगी।

कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता और आईटी विभाग की अध्यक्ष सुप्रिया श्रीनेत ने आज पत्रकारों को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पार्टी 150 से ऊपर की सीटों के लक्ष्य को लेकर चल रही है और इसी क्रम में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष

### डेढ़ सौ से अधिक सीटें जीतने का लक्ष्य

मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और प्रियंका वाड्रा राजय में 17 रैलियां करेंगे। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ 70 रैली, दिग्विजय सिंह 60, पार्टी प्रभारी रणदीप सुरजेवाला 30 रैलियां करेंगे। पार्टी के प्रदेश के अन्य नेता भी सभी 230 विधानसभा क्षेत्रों में लगातार जनसंपर्क करेंगे। श्रीमती श्रीनेत ने बताया कि 4 नवंबर को श्री खड़गे की कटंगी और शहपुरा में, पांच नवंबर को प्रियंका गांधी वाड्रा की कुक्षी और इंदौर-5 में, सात नवंबर को श्री खड़गे की उज्जैन और ग्वालियर पूर्व में, आठ नवंबर को श्रीमती वाड्रा की सांवेर और खातेगांव में और नौ नवंबर को श्रीमती वाड्रा की रीवा में रैली होगी। उन्होंने बताया कि राहुल गांधी 9 नवंबर को नई सराय अशोकनगर, चंदेरी और जबलपुर पूर्व में रैली होगी। इसी दिन वे जबलपुर पश्चिम में ■ शेष पृष्ठ 5 पर

## महुआ ने आचार समिति की बैठक से किया बहिर्गमन

- समिति पर गंदे सवाल पूछने का आरोप लगाया
- सदस्य पूछ रहे थे, रात में किस से बात करती हों

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा गुरुवार को लोकसभा की आचार समिति के सामने पेश हुई। उन्होंने तकरीबन डेढ़ घंटे तक समिति के सामने अपना पक्ष रखा। इस दौरान उनसे कई तरह के सवाल पूछे गए। पूछताछ के बाद बाहर निकली महुआ आचार समिति के सवालों को लेकर बेहद नाराज दिखी और आरोप लगाया कि उनकी निजी जिंदगी को मुद्दा बनाया जा रहा है। आचार समिति के सदस्य उनसे गंदे सवाल पूछ रहे थे। कुछ ऐंसे सवाल पूछे गए,जिनके बारे में बताया नहीं जा सकता है। जबकि उन्होंने कुछ भी गलत नहीं किया है। वकील जय अनंत देहाद्राही के बारे में कहाकि उनके आरोप दुश्मनी से प्रेरित हैं,क्योंकि उन्होंने उनके साथ अपने व्यक्तिगत संबंध तोड दिए थे।

### पैसा लेकर सवाल पूछने के आरोपों का खंडन किया

पैसा लेकर सवाल पूछने के आरोपों का उन्होंने खंडन किया। हालांकि यह माना कि उन्होंने कारोबारी दर्शन हीरानंदानी को अपना संसदीय लॉगिन साझा किया था। कांग्रेस सांसद व आचार समिति के सदस्य उत्तम कुमार रेड्डी ने कहाकि उन्हें आचार समिति के अध्यक्ष द्वारा महुआ मोइत्रा से पूछे गए सवाल अशोभनीय व अनैतिक लगे। आचार समिति के एक अन्य सदस्य बसपा सांसद दानिश अली ने कहाकि समिति के सदस्य महुआ से पूछ रहे थे कि रात में किस से बात करती हों। जिसके चलते उन्होंने समिति की पूछताछ का बहिष्कार किया और बाहर निकल गए। पूरे मामले की शुरुआत भाजपा सांसद निशिकांत दुबे के आरोपों से हुई।

पुरानी पेंशन को लेकर दिल्ली में जुटे कर्मचारी

## रामलीला मैदान में तीसरी रैली आज

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर दिल्ली के रामलीला मैदान में सरकारी कर्मियों की दो रैलियां हो चुकी हैं। अब 3 नवंबर को तीसरी बड़ी रैली होने जा रही है।

इस रैली में सात सूत्री एजेंडे पर हुंकार भरी जाएगी, जिसमें पहले नंबर पर एनपीएस की समाप्ति और ओपीएस की बहाली है। इसके बाद केंद्र सरकार में रिक्त पदों को नियमित भर्ती के जरिए भरना, निजीकरण पर रोक, आठवें वेतन आयोग का गठन और कोरोनाकाल में रोके गए 18 महीने के डीए का एरियर जारी करना, ये बातें भी कर्मचारियों की मुख्य मांगों में शामिल हैं। यह रैली कॉन्फेडरेशन ऑफ सेंट्रल गवर्नमेंट एम्प्लाइज एंड वर्कर्स के बैनर तले होगी। इसमें ऑल इंडिया स्टेट गवर्नमेंट एम्प्लाइज फेडरेशन सहित करीब 50 कर्मी संगठन हिस्सा लेंगे। कॉन्फेडरेशन ऑफ सेंट्रल गवर्नमेंट एम्प्लाइज एंड वर्कर्स के महासचिव एसबी यादव ने बताया कि सरकारी कर्मचारियों की लंबित मांगों को लेकर पिछले साल से ही चरणबद्ध तरीके से प्रदर्शन किए जा रहे हैं। दिसंबर 2022 को दिल्ली के तालकटोरा इंडोर स्टेडियम में कर्मियों के ज्वाइंट नेशनल कन्वेंशन के घोषणा पत्र के मुताबिक, कर्मचारियों की मुहिम आगे बढ़ाई जा रही है। राज्यों में भी कर्मियों की मांगों के लिए सम्मेलन/सेमीनार और प्रदर्शन आयोजित ■ शेष पृष्ठ 5 पर

चुनावी बॉन्ड पर सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा

## चुनाव आयोग से सभी पार्टियों के चंदे का ब्यौरा मांगा

- 2 सप्ताह के भीतर जानकारी देने को कहा
- लगातार 3 दिनों तक चली सुनवाई
- केंद्र व याचिकाकर्ताओं की दलीलें सुनी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को लगातार तीन दिनों तक सुनवाई के बाद चुनावी बॉन्ड योजना को दी गई चुनौतियों पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। हालांकि, अदालत ने भारतीय चुनाव आयोग (ईसीआई) को 30 सितंबर तक चुनावी बॉन्ड के माध्यम से सभी राजनीतिक दलों द्वारा प्राप्त फंड की डिटेल दो सप्ताह के भीतर जमा करने का निर्देश दिया है।

भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, बीआर गवई, जेबी पारदीवाला और मनोज मिश्रा की अध्यक्षता वाली एक संविधान पीठ ने केंद्र और योजना को चुनौती देने वाले याचिकाकर्ताओं की दलीलें सुनीं। केंद्र द्वारा अपनी दलीलें पूरी करने के बाद पीठ ने ईसीआई से आज तक चुनावी बॉन्ड से प्राप्त फंडिंग का डेटा कोर्ट में जमा करने को कहा है। हालांकि, ईसीआई की ओर से पेश अधिवक्ता अमित शर्मा ने बेंच को बताया कि उनके पास आवश्यक डेटा नहीं है।

### डेटा नहीं रखने पर आयोग पर नाराजगी जताई

पीठ ने अप्रैल 2019 में पारित एक अंतरिम आदेश के बावजूद आवश्यक डेटा बनाए नहीं रखने के लिए ईसीआई के प्रति अपनी नाराजगी व्यक्त की, जिसमें आयोग को गुरुवार तक प्राप्त चुनावी बॉन्ड के डेटा को बनाए रखने का निर्देश दिया गया था। अधिवक्ता अमित शर्मा ने पीठ को बताया कि ईसीआई ने सोचा कि अप्रैल 2019 का आदेश केवल 2019 के लोकसभा चुनावों के संबंध में जारी चुनावी बॉन्ड तक ही सीमित था। हालांकि, पीठ ने इस दलील को स्वीकार करने से इनकार कर दिया और कहा कि आदेश के अनुसार डेटा लगातार एकत्र किया जाना था और कहा कि ईसीआई को स्पष्टीकरण मांगना चाहिए था।

अप्रैल 2019 के अंतरिम आदेश में सुप्रीम कोर्ट ने ईसीआई को निर्देश दिया था कि सभी राजनीतिक दल जिन्होंने चुनावी बॉन्ड के माध्यम से दान प्राप्त किया है, उन्हें बैंक विवरण के साथ दाताओं और प्रत्येक बॉन्ड के खिलाफ प्राप्त राशि का विस्तृत विवरण एक सीलबंद कवर में चुनाव पैनल को पेश करना चाहिए। इसे लेकर चार याचिकाएं दाखिल की गई हैं। याचिकाकर्ताओं में एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स कांग्रेस नेता जया ठाकुर और सीपीएम शामिल है। केंद्र सरकार की ओर से अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी और सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता सुप्रीम कोर्ट में पेश हुए। सीनियर एडवोकेट कपिल सिब्बल ने याचिकाकर्ताओं की तरफ से पैरवी की।

### भीमा कोरेगांव केस में शोमा सेन की जमानत पर सुनवाई टली

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को भीमा कोरेगांव मामले में आरोपी प्रोफेसर शोमा के. सेन द्वारा दायर अंतरिम जमानत याचिका की सुनवाई 24 नवंबर तक के लिए स्थगित कर दी। न्यायमूर्ति अनिरुद्ध बोस और न्यायमूर्ति बेला एम. त्रिवेदी की पीठ ने मामले में एनआईए का प्रतिनिधित्व करने वाले अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस.वी. राजू की गैरमौजूदगी के कारण याचिका पर सुनवाई टाल दी।

# विधानसभा निर्वाचन हेतु कर्मचारियों के द्वितीय रेंडमाइजेशन की प्रक्रिया पूर्ण



**सागर, देशबन्धु।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में गुरुवार को ईएमएस पोर्टल के माध्यम से कर्मचारियों का द्वितीय रेंडमाईजेशन किया गया। इस रेंडमाइजेशन के द्वारा विधनसभा निर्वाचन हेतु अधिकारियों कर्मचारियों एवं माइक्रो ऑब्जर्वर के रेंडमाइजेशन की प्रक्रिया पूर्ण हुई। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक आर्य ने बताया कि इस प्रक्रिया से प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के लिए कर्मचारियों का बूथवार चिह्नीकरण किया गया है। इससे पूर्व भी ईवीएम का रेंडमाईजेशन सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के सामने कराया जा चुका है। उन्होंने बताया कि निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुपालन में मतदान प्रक्रिया को पूर्ण रूप से पारदर्शी एवं निष्पक्षता से कराने के लिए रेंडमाइजेशन किया गया है। उल्लेखनीय है किए विधानसभा का चुनाव कराने गठित मतदान दलों में शामिल अधिकारियों कर्मचारियों की द्वितीय रेंडमाइजेशन की प्रक्रिया भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षकों की मौजूदगी में संपन्न हुई। प्रेक्षकों में सागर एवं बण्डा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए नियुक्त प्रेक्षक के हर्षवर्धन, खुरई एवं सुरखी के लिए नियुक्त प्रेक्षक गंधम चंद्रुडु, देवरी के लिए नियुक्त प्रेक्षक सुनील कुमार यादव, बीना के लिए नियुक्त प्रेक्षक प्रेमकुमार व्ही आर, नरयावली, रहली के प्रेक्षक अंबामुथन एमपी मौजूद रहे। बता दें कि रेंडमाइजेशन की इस प्रक्रिया से मतदान दलों का गठन किया गया है तथा उन्हें विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र आवंटित किये गए हैं। विधानसभा निर्वाचन में सभी विधानसभा क्षेत्रों में ऑल वुमेन मैनेज पोलिंग बूथ भी बनाए गए हैं। जहां केवल महिला मतदान कर्मियों की ड्यूटी रहेगी। चुनाव आयोग के निर्देशानुसार ये सभी महिला मतदान कर्मी संबंधित विधानसभा क्षेत्र से ही रहेंगी। प्रेक्षकों द्वारा जिला प्रशासन द्वारा संपन्न कराई गई रेंडमाईजेशन की कार्यवाही पर संतोष व्यक्त किया गया। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी भव्या त्रिपाठी, एनआईसी से प्रशांत करोले सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

चुनाव प्रेक्षक ने की प्रत्याशियों के साथ बैठक

# आयोग की गाइड लाइन का करें पूर्ण रूप से पालन: प्रेक्षक केहर्षवर्धन




**सागर, देशबन्धु।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा सागर एवं बंडा विधानसभा क्षेत्र के लिए नियुक्त प्रेक्षक के हर्षवर्धन ने गुरुवार को 41.सागर विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशियों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि सभी प्रत्याशी निर्वाचन आयोग की गाइड लाइन का पूर्ण रूप से पालन करें। उन्होंने यह भी कहा कि आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन पर तुरंत शिकायत भी दर्ज कराएं। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित इस बैठक में श्री हर्षवर्धन ने कहा कि किसी प्रतिनिधि प्रत्याशी द्वारा कहीं आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन होना पाया जाता है तो वे सर्किट हाउस क्रमांक 1 के कक्ष क्रमांक एक में दोपहर 3 बजे से उनसे मिलकर बात कर सकते है। उन्होंने कहा कि कोई भी प्रत्याशी मतदाताओं को घूस, धन या अन्य तरीकों से लुभाने से कार्य करता है तो उस प्रत्याशी पर सख्त कार्रवाई होगी। निष्पक्ष मतदान के लिए आवश्यक है कि कोई भी प्रत्याशी आयोग से निर्धारित सीमा से अधिक व्यय न करने पाए। उन्होंने कहा कि सभी प्रत्याशी रिप्रेजेंटेशन ऑफ पीपुल्स एक्ट के सेक्शन 127.ए का विशेष रूप से ध्यान रखें। प्रचार-प्रसार के लिए प्रयोग में लाए जाने वाले पंपलेट पर प्रिंटर तथा पब्लिशर का नाम अवश्य अंकित हो। इसी प्रकार इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में प्रचार के लिए पूर्व प्रमाणीकरण भी आवश्यक है। सभी खर्चों का एक्सपेंडिचर रजिस्टर में लेखा जोखा भी आवश्यक रूप से रखें।

## पुलिस ने गांजा ले जा रहे युवक को किया गिरफ्तार




**बीना, देशबन्धु।** थाना अंतर्गत मगरधा तिराहा से पुलिस ने बाइक से गांजा ले जा रहे एक युवक को गिरफ्तार कर 1100 ग्राम गांजा जब्त किया है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि खुरई की ओर से एक युवक बाइक से गांजा लेकर जा रहा है। इसके बाद थाना प्रभारी भरत सिंह ठाकुर ने टीम गठित कर युवक को पकड़ने के लिए रवाना किया और पुलिस मौके पर पहुंचीए तो बाइक पर एक युवक मिला। जिसकी जांच करने पर एक पॉलीथिन में गांजा मिला। पुलिस ने पूछताछ की तो उसने अपना नाम लक्ष्मण पिता सुमेर सिंह कुर्मी निवासी बेरी थाना खुरई देहात का होना बताया। पुलिस आरोपी को गिरफ्तार कर थाने लेकर आई, जहां पर गांजा की तौल करने पर 1100 ग्राम निकला, जिसकी कीमत 11 हजार रुपए आंकी गई है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। आरोपी को गिरफ्तार कर बाइक भी जब्त की गई है। बीना थाना प्रभारी भरत सिंह ठाकुर ने बताया कि मुखबिर से मिली सूचना के बाद टीम को मौके पर भेजा गया था। जहां टीम ने एक आरोपी को गांजे के साथ पकड़ा है। आरोपी से गांजा जब्त कर उसके खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। आरोपी को बाइक के साथ गिरफ्तार कर लिया गया है।

# आरपीएफ ने गोंडवाना एक्सप्रेस में 32 किलो चांदी के साथ एक आरोपी को पकड़ा



**बीना, देशबन्धु।** मालखेड़ी रेलवे स्टेशन पर चैकिंग के दौरान आरपीएफ ने गोंडवाना एक्सप्रेस ट्रेन से 32 किलो कीमत 19 लाख 20 हजार रुपए की चांदी के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। उससे पूछताछ शुरू कर दी गई है। विधानसभा चुनाव के मद्देनजर ट्रेनों से हो रही अवैध शराब, गांजा, चांदी आदि के परिवहन की रोकथाम को लेकर रेलवे पुलिस भी लगातार सतर्क बनी हुई है। ऐसे ही मालखेड़ी रेलवे स्टेशन पर पहुंची ट्रेन 22182 गोंडवाना एक्सप्रेस की सघन चेकिंग किए जाने के दौरान कोच एस.3 में एक व्यक्ति को संदेह के आधार पर व्यक्ति से नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम श्याम पिता राजवीर चौधरी 21 निवासी अंता की गढी थाना सादाबाद जिला हाथरस हाल पता बाईपास रोड मसानी मथुरा उत्तर प्रदेश बताया। व्यक्ति के पास रखे पिट्ठू बैग की जांच की गई तो बैग के अंदर 4 सफेद कपड़ों की थैलियां में पायजेब में लगने वाली चांदी की घुंघरु मिला। इस पर रशीद, बिल, पावती मांगने पर नहीं होना बताया। आगे भी पेश नहीं करना बताए जाने पर 32 किलो चांदी कीमत 19 लाख 20 हजार रुपए की चांदी जब्त कर कार्रवाई शुरू कर दी।

मालखेड़ी रेलवे स्टेशन के आरपीएफ के उपनिरीक्षक आरके चाहर ने बताया कि विधानसभा चुनाव को लेकर ट्रेनों की सघन चेकिंग की जा रही है। वह अपने स्टाफ सहायक उपनिरीक्षक विवेकानंद कुमार, आरक्षक राजेंद्र दहिया के साथ गोंडवाना एक्सप्रेस ट्रेन में चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान शंका होने पर एक आरोपी से 32 किलो चांदी जब्त की गई है। आरोपी के खिलाफ धारा 138, 145 रेल अधिनियम के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया गया है। इसके अलावा इसकी जानकारी आयकर विभाग को भी दी गई है।

## शहर में विभिन्न रेस्टोरेंट का किया गया औचक निरीक्षण

**दमोह, देशबन्धु।** डीओ खाद्य सुरक्षा प्रशासन राकेश अहिरवाल के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा अधिकारी माधवी बुधौलिया ने तेंदूखेड़ा नगर के विभिन्न दुग्ध शीतलन केंद्र एवं दमोह शहर स्थित विभिन्न रेस्टोरेंट का औचक निरीक्षण किया है। तेंदूखेड़ा नगर में वार्ड नं. 07 स्थित खुराना डेरी के मिल्क चिलिंग सेंटर एवं बस स्टैंड स्थित साहू डेरी के मिल्क चिलिंग सेंटर में संग्रहित दूध की जांच की गई है। परिसर में समुचित सफ सफाई की व्यवस्था करने के दिशा निर्देश मौके पर मिल्क चिलिंग सेंटर के संचालकों को दिए गए हैं। दमोह शहर में बस स्टैंड स्थित ब्रजवासी फैमिली रेस्टोरेंट के किचिन की जांच करके किचिन में साफ सफाई व्यवस्था को ठीक करने के दिशा निर्देश दिए गए हैं। मैजिक बॉक्स की सहायता से रेस्टोरेंट में संग्रहित पनीर, हल्दी पाउडर, मिर्च पाउडर, धनिया पाउडर, आटा, मैदा, बेसन आदि की जांच की गई है। मौके पर रेस्टोरेंट संचालक को परिसर में पेस्ट कंट्रोल प्रबंधन व्यवस्था करवाने की निर्देश दिए गए हैं।

## मप्र स्थापना दिवस पर भाषण, निबंध व पोस्टर प्रतियोगिताओं का आयोजन




**सागर, देशबन्धु।** पं दीनदयाल उपाध्याय शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. संजीव दुबे के मार्गदर्शन में संयोजक हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ. सरोज गुप्ता द्वारा मध्यप्रदेश स्थापना दिवस पर महाविद्यालय के समस्त संकायों के विद्यार्थियों द्वारा मध्यप्रदेश गान प्रस्तुत किया गया। डॉ. रानाकुंजर सिंह ठाकुर ने विद्यार्थियों को सम्बोधित किया तत्पश्चात् भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गयी जिसका विषय मध्यप्रदेश के विकास में युवाओं की भूमिका रखा गया। कार्यक्रम संचालन डॉ. बसुन्धरा गुप्ता ने किया। भाषण प्रतियोगिता के निर्णायक डॉ. भरत शुक्ला, डॉ. शिखा चौबे, डॉ. रश्मि दुबे तथा प्रथम वेदांत गुप्ता, द्वितीय सृष्टि बोहरे, तृतीय पूनम चौरसिया स्थान प्राप्त किया। हिन्दी के विकास में मध्यप्रदेश के साहित्यकारों का स्थान विषय पर निबंध प्रतियोगिता का संयोजन डॉ. सबीहा तावीर द्वारा किया गया। विद्यार्थियों ने मध्यप्रदेश के ऐतिहासिक स्थलों को पोस्टर प्रतियोगिता के द्वारा रेखांकित किया। ऋषिका चढ़ार, उदयभान अहिरवार, करीना यादव ने विशेष स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महाविद्यालय के समस्त संकायों के विद्यार्थी एवं महाविद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

## नौ दिवसीय 25मंडलीय समोशरण महामंडल विधान के समापन पर निकली रथयात्रा

### एक लाख मंत्रों से हवन में आहुतियां दी

**शाहगढ़, देशबन्धु।** सर्व जीवों की मंगल शांति की कामना को लेकर गुरुवार को एक लाख मंत्रों द्वारा हवन में आहुतियां देकर नगर भवन में चल रहे 25 मंडलीय समवशरण महामंडल विधान एवं विश्व शांति महायज्ञ के समापन पर जनसंत मुनि श्री विरंजन सागर महाराज संसध सान्निध्य में रथ यात्रा निकाली गई। भगवान आदिनाथ को रथ में विराजमान कर रथ ट्रैक्टर से खींचा गया। 12 बग्गियो पर समोश रण के 24 सोधर्म इंद्र सवार थे। बैंड बाजा की धुनों पर नाच कर युवा वर्ग विधान की खुशियां मना रहे थे रथ यात्रा शाहगढ़ नरेश की परिक्रमा करते हुए बस स्टैंड, अम्बेडकर चौक, मेन रोड होते हुए वापस नगर पहुंची। इस दौरान समाज के पुरुष सफेद कुर्ता पैजामा व महिलाएं पीली साड़ी धारण की थी। समाज के लोगों द्वारा अपनी दुकानें बंद कर एवं घरों के सामने रंगोली सजाकर स्वागत किया गया। रथ यात्रा में भगवान आदिनाथ की प्रतिमा पर मंगल आरती एवं श्रीफल भेंटकर आशीर्वाद प्राप्त किया। धर्म सभा को संबोधित करते हुए जनसंत मुनि श्री 108 विरंजन सागर महाराज ने कहा कि जैन समाज के लोगों के महान पुण्य के संचय से नौ दिवसीय समवशरण महामंडल विधान एवं विश्व शांति महायज्ञ के ऐतिहासिक आयोजन का अवसर मिला। महामंडल विधान में समूचे मध्यप्रदेश के अलावा अन्य कई राज्यों के भक्तों का नगर आगमन से विधान में चार चांद लग गया। कार्यक्रम में जैन समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे, आभार चतुर्मास समिति द्वारा किया गया।

## जिला कांग्रेस कमेटी शहर के तत्वाधान में व्यापक जन संपर्क अभियान चलाया



**सागर, देशबन्धु।** जिला कांग्रेस कमेटी शहर के तत्वाधान में कांग्रेस सागर विधानसभा प्रत्याशी निधि जैन के समर्थन में व्यापक जन संपर्क अभियान निरंतर जारी है। जिला शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजकुमार पचौरी के निर्देशानुसार लक्ष्मीपुरा वार्ड एवं सूबेदार वार्ड में अभियान चलाया गया। वरिष्ठ कांग्रेस नेता मुन्ना चौबे, उपाध्यक्ष प्रदीप पप्पू गुप्ता एवं जिला शहर कांग्रेस प्रवक्ता डॉ. दिनेश पटैरिया के मार्गदर्शन में ब्लॉक अध्यक्ष योगराज कोरी, समीर खान, प्रेमनारायण विश्वकर्मा, सेवादल शहर अध्यक्ष सिंटू कटारे, सेवादल ग्रामीण अध्यक्ष महेश जाटव की विशेष उपस्थिति में नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने दोनों वार्डों की मुख्य सड़कों एवं गलियों में घूमकर भाजपा के कुशासन की जानकारी प्रदान की एवं कांग्रेस के शासन में प्रदान करने वाली योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की। सही जगह-जनता का व्यापक समर्थन मिला जनसंपर्क अभियान सरस्वती मंदिर से प्रारंभ हुआ एवं दोनों वार्डो की परिक्रमा कर वहीं पर समाप्त हुआ। संपर्क अभियान में रामनाथ यादव, जमुना प्रसाद सोनी, चंद्रप्रभा दुबे, चमन अंसारी, ओमकार साहू, ओमप्रकाश पांडे, सुधा रजक, निक्की तिवारी, कल्लू कोरी, कुंजी लाडिया, राकेश अहिरवार, मगन लाल, राजकुमार दुबे, राहुल रजक, गोपी यादव, उमेश यादव, गोलू सोनी, पुष्पेंद्र राजपूत, दुर्गा रावत, राजू कोरी आदि उपस्थित रहे।

## पुलिस ने एक गुंडा बदमाशों को 6 माह की अवधि के लिए किया जिला बदर



**सागर, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक अभिषेक तिवारी द्वारा चलाये जा रहे गुण्डा, निगरानी बदमाशों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही हेतु अभियान के तहत गुण्डा बदमाश अनावेदक आमिर सोहिल पिता शब्बीर हसन कुरैशी उम्र 26 साल निवासी बरौदिया नौनागिर थाना खुरई ग्रामीण द्वारा वर्ष 2013 से लगातार आपराधिक गतिविधियों में लिप्त होकर, मारपीट, नकबजनी, बलवा, गुण्डागर्दी, महिला प्रताडना, छेडछाड, नाबालिक लड़की का अपहरण, हत्या का प्रयास, अवैध हथियार रखने जैसे कुल 09 अपराध पंजीबद्ध होकर न्यायालय विचाराधीन है जिसका जिला बदर प्रकरण तैयार कर कलेक्टर भेजा गया था जिससे कलेक्टर द्वारा अनावेदक आमिर सोहिल पिता शब्बीर हसन कुरैशी उम्र 26 साल निवासी बरौदिया नौनागिर थाना खुरई ग्रामीण जिला सागर के विरूद्ध मप्र राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 35 के तहत सीमा दमोह, छतरपुर, रायसेन, नरसिंहपुर, विदिशा, अशोकनगर एवं टीकमगढ की राजस्व सीमाओं से बाहर करने हेतु छह माह के लिये जिला बदर किया है जिससे 02 नवम्बर 2023 को जिला बदर आदेश तामील कर अनावेदक को सागर जिले के सीमाओं से बाहर से किया गया है।

## कभी भूलकर भी किसी की निंदा, बुराई मत करो, हर व्यक्ति में एक न एक अच्छाई जरूर होती है: मुनिश्री

**मकरोनिया, देशबन्धु।** तुम किसी की निंदा करो या बुराई करो पर सामने वाले का तीव्र पुण्य का उदय है तो कहीं ना कहीं कार्य सफल होकर ही रहेगा, पर यह पक्का है कि उसका नाम कही लिखा जाएगा तो आग लगाने वालों में लिखा जाएगा, बुझाने वालों में नहीं, क्योंकि उसने विघ्न किया है यह बात मुनिश्री सुदत्तसागर जी महाराज ने अंकुर कॉलोनी स्थित श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर में धर्म सभा के दौरान अपने प्रवचन में कही। मुनि श्री ने कहा दूसरों की निंदा करने से, अपनी प्रशंसा करने से नीच गोत्र का बंध होता है, और अपनी निंदा और दूसरों की प्रशंसा करने से उच्च गोत्र का बंध होता है, कभी भूलकर भी किसी की निंदा बुराई मत करो, हर व्यक्ति में एक न एक अच्छाई जरूर होती है। क्षुल्लक श्री चंद्र दत्त सागर जी महाराज ने कहा की दिवाली पर घर की सफाई के साथ-साथ दिल की सफाई भी करो और भीतर बैठे क्रोध, कषायो, राग द्वेष रूपी बुराइयों को आप ढूंढ-ढूंढ कर निकालो इस दिवाली पर अपने विरोधी, बैरी, दुश्मन के पास भी गिफ्ट लेकर जाना। हृदय से हृदय मिलाना, पुरानी बातें भूल जाना। दीपावली दिल मिलाने में कारण बनेगी, नहीं तो दिवाला आउट हो जावेगा।

# राजनेतिक दलों वा अभ्यर्थियों की व्यव लेखा संबंधित बैठक का आयोजन



**रहली, देशबन्धु।** निर्वाचन आयोग के निर्देश पर गुरुवार को राजनेतिक दलों वा अभ्यर्थियों की बैठक का आयोजन एसडीएम गोविंद दुबे की अध्यक्षता में किया गया। जिसमे राजनेतिक दलों वा अभ्यर्थी को व्यय लेखा वा शेष द्वितीय रैण्डेमाइजेशन, कमीशनंश एमसीसी सुविधा, सी विजिल सहित अन्य जानकारी दी गई। बैठक में उपस्थित सभी को व्यय करने की सूची प्रदान की गई और इसी अनुसार व्यय करने के निर्देश दिए गए। एसडीएम गोविंद दुबे ने बताया की रहली विधानसभा में कुल 398 दिव्यांग वा सीनियर सिटीजन मतदाता है जिनके लिए घर पर ही मतदान करने की सुविधा निर्वाचन आयोग द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी। आगामी 6 व 7 नवंबर को निर्वाचन में तैनात अधिकारी कर्मचारी उन मतदाताओं के घर मतदान करवाने के लिय जायेगे। कई बार देखने में आया है की दिव्यांग वा सीनियर सिटीजन मतदान नही कर पाते थे उनकी सुविधा के लिय यह व्यवस्था निर्वाचन आयोग द्वारा की गई है इससे मतदान का प्रतिशत बढ़ने की संभावना है। बैठक में सभी राजनेतिक दल वा अभ्यर्थी, प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## आत्मनिर्भर अभियान के तहत ज्ञानवीर आईटीआई के छात्रों ने समझी सौर ऊर्जा की व्यावहारिक विधि



**सागर, देशबन्धु।** ज्ञानवीर आईटीआई के प्रशिक्षणार्थियोंके कार्य कौशल में वृद्धि एवं व्यावसायिक शिक्षा की उद्योगो में उपयोगिता समझाने के लिए आईटीआई के छात्रों को शैक्षिणक भ्रमण कराया गया इस भ्रमण में कार्तिक सेन ट्रेनिंग ऑफिसर व दीपक रोहित के नेतृत्व में सौर ऊर्जा पावर प्लांट गए छात्रों को विद्युत निर्माण के साथ सौर ऊर्जा प्लांट में प्रयोग होने वाले पेनल, ट्रांसफार्मर तडक चालक इत्याणदि जानकारी मिली जिसमें संस्थान प्राचार्य नीतेश प्रजापति ने अपने संदेश में कहात कि वैसे तो इंसान जीवन भर कुछ सीखता रहता हैं मगर सीखने का स्वाकर्णिम काल ही छात्र जीवन है जीवन में युवा पीढी को जितना सीखने का अवसर दिया जाएगा उसकी मेधा उतनी परिष्कृीत होगी। छात्र जीवन इंसान को जिन्दीगी में आगे बढने का मौका देता है। इसी लिहाज में प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण के साथ नियमित अंतराल में शैक्षणिक भ्रमण के अवसर मिलने चाहिए। संस्थान के चेयरमेन आदित्यत सिंह राजपूत ने कहा कि अध्यनकाल में निरन्तररजितना पुस्तूकों का महत्वय होता है उतना ही प्रशिक्षणार्थियों को उद्योगों के भ्रमण से कार्य कौशल में वृद्धि एवं व्यहवसयिक शिक्षा का ज्ञान प्रासो करने के लिए भ्रमण काअधिक महत्त्व होता है। सौर ऊर्जा पावर प्लांट से टेक्निनशियन अजय पटैरिया द्वारा कंपनी की प्रत्ये क इकाई का अवलोकन कराया गया।

# भगनी निवेदिता का भारत प्रेम राष्ट्रीयता के प्रति समर्पण की प्रचंड शक्ति को दर्शाता है: नीलरतन पात्रा



**सागर, देशबन्धु।** स्वामी विवेकानंद की विदेशी शिस्या भगनी निवेदिता की जयंती के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया। विवेकानंद केंद्र कन्याकुमारी की सागर शाखा के तत्वावधान में स्वामी विवेकानंद की विदेशी शिस्या भगनी निवेदिता की जयंती के उपलक्ष्य में सुंदरलाल श्रीवास्तव विद्यालय मकरोनिया में व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता व स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्जवलन से हुई। तीन ओमकार प्रार्थना और प्रेरणा गीत देश हमें देता है सबकुछ हम भी तो कुछ देना सीखे का गायन संगीता हर्डिकर ने करवाया। कार्यक्रम के मुख्य बकता केंद्र के विभाग संपर्क प्रमुख नीलरतन पात्रा ने भगनी निवेदिता के जीवन पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा की जीवन में सारे युवा सपने देखते है, लेकिन कुछ युवा ही सपनों को साकार कर पाते है। देखे हुए सपने साकार करने का उपाय क्या है। जीवन की समस्याओं से कैसे जूझना चाहिए। सपने भी कैसे देखने है। स्वामी विवेकानन्द की विदेशी शिष्या जो भारत में मागरिट नोबेल भगिनी निवेदिता के नाम से प्रसिद्ध हुई उनका जीवन हमें इन विषयों में मार्ग दर्शन कर प्रेरणा देता है। मार्गरेट नोबेल हर कठिनाई में जीवन का अर्थ खोजती की शाश्वत सत्य क्या है। और जब स्वामी विवेकानन्द के सान्निध्य में लंदन में इस सत्य को खोजती है तो लंदन में उसका एक शिक्षाविद्, साहित्यिक करके जो स्थान था उसको छोड़कर दूर के देश भारत में आती है और अपना सम्पूर्ण जीवन भारत की सेवा में समर्पित कर देती है और फिर केवल नौ वर्ष में भारत के हर क्षेत्र में राजकीय, सामाजिक, शैक्षिक, साहित्यिक, सेवा, विज्ञान, कला, स्त्री-शिक्षा, स्वतंत्रता आंदोलन में मूलभूत योगदान करती हैं। जिस कारण अग्नी शिखा, लोकमाता, भारत समर्थक, महाश्वेता, भगिनी ऐसे अनेक नामों से जानी जाती है कल्पना कीजिए की क्या योगदान रहा होगा उनका कि आज भी भारत में उनकी जयंती मनायी जा रही है। वह चाहती थी कि भारतीय युवा जीवन के हर क्षेत्र में जिस भी क्षेत्र में वह जाना चाहता है उसमे चमक उठे, युवाओं को हर क्षेत्र में राष्ट्रीयता और उत्कृष्टता का पाठ वह पढ़ाती है। युवाओं को निवेदिता के उदान्त व्यक्तित्व और प्रखर कर्तव्य के बारे में जानना चाहिए इससे युवाओं का व्यक्तित्व और कर्तुत्व निखरेगा। भगिनी निवेदिता का जीवन उत्कट भारत प्रेम, राष्ट्रीयता और उत्कृष्टता और समर्पण की प्रचण्ड शक्ति को युवाओं के जीवन में जागृत करता है। व्याख्यान कार्यक्रम का समापन चंद्रप्रकाश शुक्ला ने शांति मंत्र से करवाया कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षकगण उपस्थित रहे।

## सार समाचार

### कांग्रेस के स्टार प्रचारक गुड्डू राजा की सभा आज



**घुवारा, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव के मतदान की तारीख जैसे जैसे नजदीक आती जा रही है बैसे बैसे उम्मीदवारों ने प्रचार प्रसार तेजगति से करते हुए बड़े बड़े नेताओ की आमसभाएं कराना शुरू कर दी है उसीक्रम में बड़ामलहरा विधानसभा 53 से



एक कांग्रेस पार्टी की उम्मीदवार साध्वी राम सिया भारती के द्वारा जहां क्षेत्र में जाकर जनता से जन आशीर्वाद लें रही तो वहीं जनता द्वारा रामसियाभारती को भरपूर आशीर्वाद दे रही उसी क्रम में कांग्रेस प्रत्याशी द्वारा कांग्रेस पार्टी द्वारा स्टार प्रचारक के रुप नियुक्त उ प्र के जाने माने बुंदेला बंधु गुड्डु राजा को आमसभा के लिए भेजा जा रहा है।

जिला निर्वाचन आयोग द्वारा आमसभाओ को स्वीकृति देते हुए बड़ामलहर विधानसभा कांग्रेस उम्मीदवार रामसिया भारती की आमसभा को स्वीकृति देते हुए आज 1 बजे से 4 बजे की अनुमति दी है जिसमें गुड्डु राजा हैलीकॉप्टर से हाईसैंकडी स्कूल मैदान में उतरे कर कांग्रेस उम्मीदवार के पक्ष में विशाल आमसभा को सम्बोधित करते हुए कार्य कर्मों से भेंट करेंगे।

### कुशवाह ने दिया इस्तीफा



**नौगाँव, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह की सभा नौगाँव में होनी थी उसके पहले बीजेपी से नाराज मउ सहानिया वार्ड से जनपद सदस्य एवम भाजपा किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष कमलेश कुशवाहा सेकड़ो महिलाओ के साथ तहसील चोराहे पर प्रेस वार्ता कर बीजेपी के सभी पदों से इस्तीफा दे दिया इसे पार्टी के लिए एक झटका माना जायेगा कमलेश कुशवाहा द्वारा बीजेपी प्रत्याशी पर आरोप लगाया कि यह पिछड़ा जाति के बिरोधी है इससे हम इनका समर्थन नही कर सकते बीजेपी असन्तुष्ट गुट से सम्बंधित नजर आ रहे है अब देखना होगा आगे इनकी क्या रणनीति होती है।

## असंतुष्ट खेमा भी नजर आया मंच पर, लाड़ली बहना योजना पर रहा फोकस, शिवराज बोले

# कामाख्या नहीं मैं यहां से चुनाव लड़ रहा हूं

- मैं जनता को बीच आकर हमेशा खड़ा रहूंगा



**नौगांव/छतरपुर, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गुरूवार को नौगांव पहुंचकर गर्ल्स स्कूल चौराहे पर एक आमसभा संबोधित की और सभा में भाजपा प्रत्याशी के लिये वोट मांगे। उन्होने कांग्रेस पर निशाना साधा और लोगों से कहा अगर कांग्रेस की सरकार आती है तो सबसे पहले मेरी द्वारा चलायी जा रही योजानाओं को बंद करेंगे। साथ में कमलनाथ पर निशाना साधा। भाजपा के लिये महाराजपुर विधानसभा में एक सुखद खबर यह है मुख्यमंत्री के आने से पहले पार्टी से नाराज कार्यकर्ता न केवल मंच पर दिखे बल्कि भाजपा सरकार की योजना के बारे में बता रहे थे। मुख्यमंत्री के जाने के बाद पूर्व विधायक मानवेन्द्र सिंह के साथ फोटो खिंचाते नजर आये।

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गर्ल्स चौराहे पर आमसभा संबोधित करने से पहले पांच कन्याओं का पूजन किया। दीप प्रज्जवलन के बाद सभी ने एक साथ फूलमाला पहनाकर उनका स्वागत किया। कार्यक्रम पहले से लेट हो चुका था सीधे मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान आमसभा संबोधित करने लगे उनका फोकस लाड़ली बहना पर मुख्य रूप से रहा। उन्होने बताया कि आने वाले समय में 21 साल की अविवाहित बेटी को इस योजना में शामिल किया जायेगा और यह राशि तीन हजार तक पहुंचेगी। आने वाले समय में 10 हजार तक पहुंच जायेगी। प्रदेश में मैरिट में आने वाले बच्चों को लेपटॉप भाजपा सरकार ने दिये। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना ट्रेन के साथ प्लेन से करायी जा रही। लाड़ली बहना योजना मे सिलेण्डर 450 रूपये में मिलेगा। बड़े हुये बिजली बिल को कम करने की घोषणा सीएम ने की। साथ में यह भी कहा किसान निधि भी एक हजार रूपये प्रतिमाह किसानो के खाते में डाली जा रही है और अगर भाजपा सरकार अगर प्रदेश में बनती है तो प्रत्येक परिवार में एक रोजगार योजना अब सरकार लायेगी।

उन्होने आमसभा को संबोधित करते हुये कहा कि इस विधानसभा में कोई विकास कार्य नहीं रोके जाते है आने वाले समय और ओर होगे इंजीनियरिंग कॉलेज, नवीन मंडी, सीएम राईस स्कूल और माननीय प्रधानमंत्री के द्वारा केन बेतवा लिंक परियोजना के अंतर्गत क्षेत्र के हर किसान के खेत में पानी पहुंचाने का काम सरकार कर रही है। यहां से कामाख्या नहीं तुम्हारा भाई, मामा चुनाव लड़ रहा है। साथ में उन्होने प्रदेश को मंदिर, जनता को भगवान ओर अपने आपको सेवक बताया और जनता से अपील की।

कमल के फूल का बटन दबाने हाथ उठाकर संकल्प दिलाया। साथ में कमलनाथ को करप्शननाथ कहा कांग्रेस सरकार बनते ही उन्होने तीर्थ दर्शन योजना बंद कर दी थी अब वह लाड़ली बहना योजना बंद कर देगे और जाते जाते नौगांव वार्ड नं 1 में बन रहे लाड़ली बहना पार्क को लेकर कहा कि क्रिकेट प्रेमी निराश न हो पार्क भी बनेगा ग्राउण्ड भी रहेगा। हम किसी की भावना को ठेस नहीं पहुंचायेगे।

वहीं मंच से भाजपा प्रत्याशी कामाख्या प्रताप सिंह ने आम सभा को संबोधित करते हुये कहा कि भाजपा ने मेरे रूप विश्वास जताया है और मुझे प्रत्याशी बनाया है मैं आम जनता से वादा करता हूं कि मुझे महाराजपुर विधानसभा में मौका मिला तो हमेशा जनता के बीच खड़ा रहूंगा। क्योकि आपकी सेवा करना ही मेरा फर्ज है। मुख्यमंत्री के आने से पहले भाजपा के नाराज कार्यकर्ता मंच पर दिखाई दिये आमसभा को संबोधित किया। मुख्यमंत्री के जाने के बाद भाजपा प्रत्याशी के पिता पूर्व विधायक मानवेन्द्र सिंह के साथ फोटो खिचाते नजर आये।

## कई कांग्रेसियों ने थामा सपा का दामन, गढ़ीमलहरा में हुआ कार्यालय का उद्घाटन

# अजय दौलत तिवारी बोले महाराजपुर में बदलाव की बयार



**छतरपुर, देशबन्धु।** कब तक उन्हीं चेहरों के भरोसे हम अपनी आने वाली पीढियों का भविष्य बर्वाद करते रहेंगे। कब तक जुल्म, अत्याचार और घोटालेबाज नेताओं को चुनकर महाराजपुर के विकास को रोकते रहेंगे। हमें बदलाव के साथ आगे बढ़ते हुए ऐसे नेता और ऐसे दल को मजबूत करना होगा जो युवाओं को साथ लेकर महाराजपुर क्षेत्र का विकास कर सके। यह बात आज महाराजपुर विधानसभा क्षेत्र के सपा प्रत्याशी अजय दौलत तिवारी ने गढ़ी मलहरा में पार्टी के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन करते हुए कही।

इस मौके पर अनेक कांग्रेसी कार्यकर्ताओं और बुजुर्ग पार्टी नेताओं ने कांग्रेस को त्यागते हुए सपा का दामन थाम लिया।श्री तिवारी ने खुद ऐसे नेताओं को अपने हाथों से सपा की टोपी पहनाते हुए उनका पार्टी में स्वागत किया। श्री तिवारी को अपने बीच पाकर गढ़ीमलहरा के अनेक युवाओं ने उनका फूल माला पहनाकर स्वागत किया। अपने समर्थकों के बीच मीडिया से बातचीत करते हुए श्री तिवारी ने जनता का आहवान करते हुए कहा कि यह क्षेत्र दो परिवारों के जुल्म और धोखे का शिकार हो रहा है।भाजपा प्रत्याशी का क्षेत्र में कोई दखल नही है उनको घर बैठे बगैर काम किये टिकिट दे दी गई है। उनको जनता के सुख दुख का अंदाज़ा ही नही है जबकि दूसरी तरफ कांग्रेस ने ऐसे व्यक्ति को टिकिट देकर जनता के बीच भेज दिया है जिन्होंने पांच वर्षों तक क्षेत्र के लिए एक भी उल्लेखनीय काम नही किया। उन्होंने सिर्फ घोटाले, गुंडागर्दी और परिवारवाद को बढ़ावा दिया है। अब जनता इन चेहरों से तंग आकर बदलाव चाहती है। अगर क्षेत्र को विकास की नई सोच देनी है तो हम सभी को मिलकर साइकिल का साथ देना होगा। इस कार्यालय के उदघाटन के बाद उन्होंने टटम और लुगासी क्षेत्र का भृमण करते हुए जनता से साइकिल के पक्ष में वोट मांगे।

## पीजी कॉलेज में युवा उत्सव का समापन, कई विद्याओं में छात्रों ने दिखाया हुनर



**गुना, देशबन्धु।** स्थानीय पीजी कॉलेज गुना में युवा उत्सव के अंतिम दिवस भी कई विद्याओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक सभी कार्यक्रम का शुभारंभ प्रश्न मंच मौखिक से किया गया तथा पोस्टर निर्माण प्लास्टिक हटाओ विश्व बचाओ पर विश्व में फैले प्लास्टिक के कचरे को मिटाने की ओर ध्यान आकर्षित किया गया। इसके बाद एकांकी स्किट (हास्य नाटिका ) आदि मतदाता जागरूकता के ऊपर स्वामी विवेकानंद कला समूह के द्वारा सियासी सियासी खेला शीर्षक पर बहुत ही शानदार प्रस्तुति दी एवम प्रथम स्थान प्राप्त किया। एकांकी में प्रथम स्थान रानी ओझा एंड ग्रुप, पोस्टर निर्माण में प्रथम यशिका कुशहवाह, मिमिक्री में प्रथम दामिनी बालके माइम में प्रथम शिवानी एंड ग्रुप रंगोली में प्रथम साक्षी नामदेव, दामिनी बालके, क्ले मॉडलिंग हरिओम रघुवंशी, समूह गायन में मनमोहन मीना, कोलाज में दिव्यांश बक्षी आदि अन्य विधाओं में भी कई विद्यार्थियों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सभी विधाओं के प्रथम प्रतिभागी जिला स्तर पर प्रतिनिधित्व करेंगे। जिले के बाद विश्वविद्यालय एवं राज्य स्तर पर प्रतिनिधित्व करेंगे। प्राचार्य डॉ बीके तिवारी ने कहा कि सभी विद्यार्थियों ने इस युवा उत्सव की इस परंपरा को बनाए रखा सभी ने बढ़ चढ़ कर सभी ने प्रतिभागिता की जिन विद्यार्थियों ने प्रतिभागिता की निश्चय ही उनके व्यक्तित्व में विकास हुआ होगा अब वे हर कार्यक्रम में इसी प्रकार से भागीदारी करते रहे। कार्यक्रम की संयोजक सोनू जैन ने सभी विद्यार्थियों प्राध्यापकों सहयोगी एवम प्राचार्य महोदय का बहुत बहुत आभार व्यक्त किया । एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी अनिल कुमार शुक्ला ने कहा कि एनएसएस के स्वयंसेवकों ने तीन दिवसीय युवा उत्सव में अपनी सेवाएं दी ,प्राचार्य महोदय का बहुत बहुत आभार एनएसएस स्वयं सेवकों को सेवा देने का मौका मिला।

**नुक्कड़ नाटक का किया आयोजन :** इस अवसर पर महाविद्यालय में स्वीप योजना अंतर्गत आयुक्त उच्च शिक्षा एवं आयुक्त ग्वालियर संभाग के आदेशों के पालनार्थ महाविद्यालय प्राचार्य बी के तिवारी के संरक्षण में महाविद्यालय मतदाता जागरूकता अधिकारी अनिल कुमार शुक्ला तथा उनके सहयोगी मेंटर श्री मति सोनू जैन, संजीव कुमार कुशवाह, विकास कुमार जैन द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें हर्षिता सिंह एंड ग्रुप में रानी ओझा, मोनिका कुशवाह, साक्षी नामदेव, तेजल विश्वास, उमा ने एक नुक्कड़ नाटक का मंचन किया। जिसमे उन्होंने बताया कि कैसे बिना लोभ और प्रलोभन के मतदान करना है।उक्त कार्यक्रम में जिला मतदाता जागरूकता कार्यक्रम समन्वयक पुरुषोत्तम गौतम के साथ साथ महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक तथा छात्र छात्राएं और इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब के सदस्य उपस्थित रहे।

## खेत में पाईप लाईन डालने को लेकर भिड़े 2 पक्ष, क्रॉस मामला दर्ज

**गुना, देशबन्धु।** आरोन थानांतर्गत ग्राम तिंदारी में खेत में पाईप लाईन डालने को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़ गए। मारपीट में दोनों पक्षों से लोग घायल हुए हैं। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर एक-दूसरे पर क्रॉस मामला दर्ज किया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पहले पक्ष के फरियादी कैलाश बंजारा ने थाने में शिकायत दर्ज कराई कि गत शाम उसके चक वाले खेत मे पानी चल रहा था। उसकी पाईप लाईन रामस्वरुप बंजारा के खेत होकर निकली है। जिस प रामस्वरु बंजारा आया और मुझसे बोला कि मेरे खेत में से पाईप की लाईन क्यों डाली ।जिस पर उसने कहा कि हर कोई डाल लेता है। इसी बात पर रामस्वरूप ने गाली गलौंच कर लेजम काट दी। जिस फयिादी ने इसका विरोध किया तो आरोपी ने मारपीट कर दी।

## भाजपा प्रत्याशी राय ने किया ग्रामीण क्षेत्र में जनसंपर्क



**सीहोर, देशबन्धु।** भाजपा प्रत्याशी विधायक सुदेश राय ने सीहोर विधानसभा के शीलपुरी, अवंतिपुरा, भरतपुर, बिजोरा, रोला, मानपुरा, जानपुर बावडिया, जाखाखेड़ी, राजूखेड़ी, सेमलीखुर्द, बिजौरी और कौडिया छीतू आदि ग्रामीण अंचलों में जनसंपर्क किया। इस दौरान बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और उनके समर्थक साथ थे।

ग्रामीण क्षेत्र में जनसभा में कार्यकर्ताओं से अपील की कि बूथ के अंतर्गत आने वाले सभी मतदाताओं से संपर्क अवश्य करें। घर-घर जाकर उनसे संवाद करें और केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं की जानकारी दें। हम कांग्रेस की तरह झूठे वादे नहीं करते, जो कहते हैं, वो करके दिखाते हैं। मैं गर्व से कहता हूं कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने मध्यप्रदेश के हर क्षेत्र में विकास किया है और निरंतर करती रहेगी। उन्होंने कहाकि क्षेत्र का विकास मेरी पहली प्राथमिकता है। मैं इस क्षेत्र का विधायक नहीं आपका प्रधान सेवक हूं।

जनसंपर्क के दौरान श्री राय ने कहा कि क्षेत्र में जो काम अधूरे पड़े हैं। पिछले 10 सालों में जो काम नहीं हो पाए वो काम पूरे कराना प्राथमिकता है। सबसे पहली प्राथमिकता अंत्योदय है। समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े लोगों को योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। गुरुवार को भी अपने जनसंपर्क के दौरान ग्रामीणों ने ढोल-नगाड़े के साथ भाजपा प्रत्याशी श्री राय का पुष्प माला पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर विधायक श्री राय को ग्रामीण क्षेत्रों में जनसंपर्क के दौरान आशीर्वाद और स्नेह मिला।

## एकाधिकार के खिलाफ लड़ाई में जनता हमारे साथ : शशांक



**सीहोर, देशबन्धु।** यह चुनाव अमीर और गरीब के बीच का चुनाव है। एक तरफ आम जनता है तो दूसरी और पूंजीवादी ताकतें हैं जो ऐन केन प्रकरण सत्ता पर काबिज होना चाहती है। बीते दस सालों से यहां पर एक ही परिवार का एकाधिकार बढता जा रहा है। आमजन मंहगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार से त्रस्त है लेकिन भाजपा के जनप्रतिनिधियों की सम्पत्तियां बढ रही हैं। लोग आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। यह बात गुरूवार को जनसंपर्क के दौरान सीहोर विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी शशांक सक्सेना ने लोगों से कही। नगर में जनसंपर्क के दौरान सक्सेना लोगों से सीधे संवाद कर रहे हैं और भाजपा सरकार की खामियों को जनता के सामने रख रहे हैं। केन्द्र, प्रदेश और निकायों में भाजपा सरकार होने के बाद भी सीहोर विधानसभ में कभी विकास कार्य नहीं हुए। मेडिकल कालेज बुधनी में बनाया जा रहा है जबकि यह सीहोर मुख्यालय पर बनना था। भाजपा के नेता झूठ बोलना जानते हैं झूठे वादे करना जानते हैं। उन्होंने कहा कि रेल इंजन कारखाने का भूमिपूजन दस साल पहले सीएम शिवराज सिंह चौहान ने किया था आज तक नहीं बना। उन्होंने कस्बा क्षेत्र के वार्ड 29,30,34,35 में डोर टू डोर जनसंपर्क किया।

कांग्रेस प्रत्याशी शशांक सक्सेना ने कहा कि भाजपा के जनप्रतिनिधि विकास का राग अलापते हैं, स्मार्ट सिटी बनाने की वादे करते हैं हकीकत यह है कि बीते दस वर्षों में सीहोर पिछडता ही जा रहा है।

मुख्यालय पर आज हाल यह हैं कि महत्वपूर्ण ट्रेन नहीं रूकती, लोग मंहगे सफर को मजबूर हैं। पर इन्हें क्या यह पूंजीपती लोग है। इन्हें अपने व्यापार से मतलब। कहा कि जनता अब ऐसे स्वार्थी लोगों को नकार चुकी है। कांग्रेस की सरकार बनने पर ऐसे लोगों को एकाधिकार समाप्त हो जाएगा।

जनता का राज कायम होगा। विभागों में काम करवाने के लिए जनता को भटकना नहीं पडेगा। कमलनाथ एक दूरदृष्टि रखने वाले नेता हैं, उनके नेतृत्व में प्रदेश समृद्ध और खुशहाल होगा।

## मतदाता जागरूकता अभियान के तहत शिविर आयोजित



**आष्टा, देशबन्धु।** भारत स्काउट एवं गाइड मध्य प्रदेश जिला संघ के तत्वाधान में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तथा जिला शिक्षा अधिकारी एस.एस.तोमर नायब तहसीलदार मुकेश सांवले, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी अजब सिंह राजपूत, सीएम राइज प्राचार्य सितवत खान के निर्देशन में विकासखंड में स्वीप प्लान मतदाता जागरूकता अभियान के तहत एक दिवसीय शिविर का आयोजन शासकीय सीएम राइज विद्यालय में किया गया।

आयोजन में विकासखंड के विभिन्न विद्यालय से शिक्षक, स्काउट/गाइड ने प्रतिभागिता की आयोजन में मुख्य रूप से जिला सचिव स्काउट रमेश चंद्र मेवाड़ा ने रंगोली, पोस्टर, श्लोगन ड्राइंग पेंटिंग प्रतियोगिता करवाई सुधीर विश्वकर्मा और राजेश मेवाडे द्वारा स्काउट गाइड के नियम, प्रतिज्ञा,प्रार्थना,झंडा गीत,ध्वज शिष्टाचार आदि का ज्ञान कराया गया। मतदाता जागरूकता हेतु चित्रकला, रांगोली,चार्ट एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन हुवा। जिसका संस्था के स्काउट मास्टर मनोज बड़ोदिया, मुकेश सोलंकी, अर्चना श्रीवास्तव, करूणा भार्गव, विष्णु पंवार, अंतेश धारवा, निर्मल बैरागी,अनिल श्रीवास्तव समन्वयक,गजराज सिंह राठौर और उपस्थित टीम ने निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान माडल से आयुष अजनवादिया व पोस्टर में नीलम विश्वकर्मा सिद्दीगंज द्वातीय स्थान पर सीएम राइज से मोनिका मेवाड़ा व पूजा ड्राइंग में कोठरी तृतीय स्थान पर संजना राया कन्या ड्राइंग में नितिन वर्मा खड़ी को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र ,शील्ड का वितरण किया।

## मनोहर ने कांग्रेस के पक्ष में नाम लिया वापस

**आष्टा, देशबन्धु।** कांग्रेस पार्टी के लिए और विशेष कर कांग्रेस प्रत्याशी कमल सिंह चौहान के लिए आज का दिन राहत भरा रहा,आज कांग्रेस से टिकट न मिलने से नाराज़ हुए मनोहर सिंह पंडितया व राजाराम बड़ेभाई ने कांग्रेस प्रत्याशी कमल सिंह चौहान के पक्ष में अपना फार्म वापस ले लिया है। बता दे की कल्याणपुर निवासी एडवोकेट मनोहर पंडितीय ने कांग्रेस का टिकट न मिलने से नाराज होकर निर्दलीय फॉर्म भरा था। जिससे चुनाव क्षेत्र में यह चर्चा चल रही थी कि अगर पंडितया चुनाव में खड़े रहते हैं तो कांग्रेस का वोट बैंक बंट जाएगा और बीजेपी आसानी से चुनाव जीत जाएगी। किंतु कांग्रेस प्रत्याशी कमल सिंह चौहान और क्षेत्रीय नेताओं तथा जिला नेतृत्व के मान मनोबल के बाद आखिरकार मनोहर सिंह पंडितया ने अपना निर्दलीय फार्म वापस खींच लिया है। वहीं आम आदमी पार्टी के राजेश सोलंकी ने भी कमल सिंह चौहान के पक्ष में अपना नाम वापस ले लिया है।

इस अवसर पर बलवंत सिंह तोमर, बाल बहादुर सिंह, दशरथ सिंह मुरावर,बापू लाल मालवीय, कैलाश परमार, भेरू सिंह मालवीय, सोहेल मिर्जा आदि नेता शामिल हुए वहीं दूसरी ओर आज कांग्रेस प्रत्याशी के चुनावी दौरे में अनेक कार्यकर्ता चौहान के जनसंपर्क में शामिल रहे

# आकर्षक रंगोली बनाई, रैली निकाल छात्राओं ने मतदान के प्रति किया जागरूक



*__आष्टा, देशबन्धु।__ नागरिकों को अपने मताधिकार के प्रति जागरूकता करने के उद्देश्य से राजश्री कॉलेज एवं शास्त्री उमावि की विद्यार्थियों द्वारा नगरपालिका के सामने स्थित परिसर में आकर्षक एवं मनमोहक मतदान के प्रति जागरूकता से ओतप्रोत रांगोली की विभिन्न कलाकृतियां उकेरी गई। इसी प्रकार सीएम राईज स्कूल एवं टैलेंट इनोवेटिव स्कूल के हौनहार विद्यार्थियों द्वारा नगर के विभिन्न मार्गो से जागरूकता रैली निकाली गई। विद्यालयों की छात्राओं द्वारा बनाई गई मनमोहक एवं आकर्षक मतदाता जागरूकता से ओतप्रोत रांगोली की मुख्य नगरपालिका अधिकारी राजेश सक्सेना ने निरीक्षण कर छात्राओं की सराहना की।इस अवसर पर मुख्य नगरपालिका अधिकारी राजेश सक्सेना ने कहा कि मतदान के दिवस कोई भी अवकाश नही समझे, बल्कि इस दिवस को मतदान का महाकुंभ समझते हुए प्रत्येक नागरिक को इस महाकुंभ में मतदान की डुबकी लगाकर इस दिवस को भव्यता प्रदान करना आवश्यक है। मतदान जागरूकता एक समर्थनीय समाज और सशक्त लोकतंत्र के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। श्री सक्सेना ने सभी नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि सबको मिलकर व अपने परिजनों, ईष्टमित्रों को मतदान के प्रति जागरूक कर मतदान अवश्य कराना है, मतदान प्रत्येक नागरिक का कर्त्तव्य है जिसका पूरी सजगता से निर्वाहन करना है। मतदान लोकतंत्र का अभिन्न अंग है। मुख्य नगरपालिका अधिकारी राजेश सक्सेना की मौजूदगी में उपस्थित सभी नपा कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों तथा विद्यालयों की शिक्षिकाओं द्वारा मतदाता जागरूकता के नारे लगाकर नागरिकों को मतदान के प्रति जागरूक भी किया। रांगोली एवं रैली के सफल आयोजन में नगरपालिका की सामुदायिक संगठक पार्वती शर्मा, शिवराज अहिरवार ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाहन किया। इस अवसर पर उपयंत्री पी.के. साहू, लेखापाल अनिरूद्ध नागर, स्थापना प्रभारी मनीष श्रीवास्तव, अरूण श्रीवास्तव, सीएमएम महेन्द्र पोसवाल, उपयंत्री आदित्य तलनीकर, मोहम्मद इसरार, नारायणसिंह सोलंकी, आशीष बैरागी, अरूण विश्वकर्मा, कैलाश घेंघट, मदनमोहन शर्मा, सुशील पांचाल, जितेन्द्र बुदासा सहित अन्य लोग मौजूद थे।*

देशबन्धु

सागर, शुक्रवार 3 नवम्बर 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन



# जांच एजेंसियों की साख

दिल्ली सरकार के कथित शराब घोटाले के सिलसिले में मिले नोटिस के अनुरूप वैसे तो दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गुरुवार को प्रवर्तन निदेशालय के दिल्ली कार्यालय में उपस्थित होना था, लेकिन वे यह कहकर नहीं आये कि पहले से ही उनका आज मध्य प्रदेश में राजनीतिक कार्यक्रम तय है जहां विधानसभा के चुनाव होने वाले हैं। वहां उनके उम्मीदवार खड़े हैं। इस चुनावी व्यस्तता के कारण वे अभी ईडी कार्यालय नहीं आ सकेंगे। यह जवाब उन्होंने गुरुवार की सुबह ही ईमेल के जरिये भेजा था। साथ में यह आरोप भी लगाया कि ईडी द्वारा उन्हें भेजा गया समन 'अवैध और राजनीति से प्रेरित' है। यह नोटिस केन्द्र में सत्तारुढ़ भारतीय जनता पार्टी के इशारे पर भेजा गया है ताकि वे विभिन्न राज्यों के चुनाव प्रचार के लिए न जा सकें। उन्होंने यह भी कहा कि ईडी को यह नोटिस तत्काल वापस लेना चाहिए।

उल्लेखनीय है कि इस मामले में दिल्ली के उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और आप के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह पहले से ही न्यायिक हिरासत में हैं। साल 2021-22 की दिल्ली सरकार की आबकारी नीति को उप राज्यपाल वीके सक्सेना ने कथित अनियमितताओं के चलते रद्द कर दिया था। उनके अनुसार इसमें 338 करोड़ रुपये का मनी लॉन्ड्रिंग का केस बनता है। साथ ही यह मामला केन्द्रीय जांच एजेंसियों को सौंप दिया गया था। 16 अप्रैल को वैसे केजरीवाल सीबीआई के कार्यालय में बैठकर करीब 9 घंटों तक चली पूछताछ के दौरान 56 सवालों के जवाब दे चुके थे और उन्होंने पूरे मामले को बेबुनियाद, मनगढ़ंत और आप को खत्म करने का प्रयास करार दिया था। अब 30 अक्टूबर को उन्हें फिर से समन दिया गया था कि वे गुरुवार को उपस्थित हों। इससे केजरीवाल की गिरफ्तारी तय बतलाई जा रही थी। मुमकिन है कि उन्हें ईडी दूसरा समन जारी करे या गिरफ्तार कर ले। वैसे गुरुवार को केजरीवाल मध्यप्रदेश के सिंगरौली में पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के साथ एक रोड शो करने के लिये निकल गये थे।

ईडी के इस तरह से अचानक व संक्षिप्त नोटिस पर केजरीवाल को फिर से बुलाये जाने का मकसद उनकी गिरफ्तारी हो सकती है जिसके कारण उनकी पार्टी के नेताओं और अन्य दलों से जुड़े लोगों में प्रतिक्रिया होना भी स्वाभाविक है। यह साफ है कि जिस आम आदमी पार्टी को कभी भाजपा अपने सहयोगी दल के रूप में देख रही थी, अब इसलिये खटकने लगी है क्योंकि वह कांग्रेस के नेतृत्व में बने संयुक्त विपक्षी गठबन्धन इंडिया का हिस्सा बन गई है। आप सरकार के मंत्री गोपाल राय ने गुरुवार को ही आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि भाजपा एक सुनियोजित राजनीतिक साजिश के तहत केजरीवाल को गिरफ्तार करना चाहती है। इसके लिए वह केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है क्योंकि उसे डर है कि यदि सारे विपक्षी दल एक हो गए तो वह 2024 का लोकसभा चुनाव नहीं जीत पाएगी। पार्टी की एक अन्य मंत्री आतिशी ने पहले ही भाजपा पर आप नेताओं को झूठे मामलों में फंसाने का प्रयास करने का आरोप लगाया था। उन्होंने कहा था कि हर तरफ से जानकारी मिल रही है कि 2 नवंबर को जब अरविंद केजरीवाल ईडी के सामने पेश होंगे तो ईडी उन्हें गिरफ्तार कर लेगी।

आगे ईडी और आप क्या करने जा रही है, यह तो फिलहाल पता नहीं परन्तु कई लोगों के अनुसार ईडी के सामने उपस्थित न होकर केजरीवाल अपना पक्ष कमजोर कर रहे हैं। सम्भव है कि तकनीकी रूप से और कानूनी प्रक्रिया के अंतर्गत यह सही भी हो परन्तु यह भी ज़रूरी है कि जहां आवश्यक हो वहां प्रतिरोध भी किया जाना चाहिये। केजरीवाल हों या अन्य विपक्षी नेता, सभी के मामलों में साफ होता जा रहा है कि केन्द्र सरकार अपने पास मौजूद जांच एजेंसियों का उपयोग अपनी मर्जी से तथा राजनैतिक हित साधने के लिये करने में कोई गुरेज़ नहीं करती। सच तो यह है कि जांच एजेंसियों ने भी अपनी रीढ़ की हड्डी को गंवा दिया है। वह पिछले तकरीबन एक दशक से भाजपा के इशारे पर ही नाच रही है। भाजपा के लिये उसके नियम-कानून और हैं तो विपक्षी दलों के लिये कुछ और। देश भर में अनेक ऐसे मामले हुए हैं जिनकी जांच या उन पर फैसला चेहरे व पार्टी देखकर होता है।

केन्द्र के अधीन काम करने वाली ये जांच एजेंसियां भाजपा के लिये अनेक सरकारों को गिराने या बनाने के काम में भी प्रत्यक्ष-परोक्ष रूप से सहयोग करती दिखाई देती हैं। भाजपा विरोधी नेताओं को डराकर उसके खेमे में लाने का काम महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, कर्नाटक आदि राज्यों में सारे लोग देख ही चुके हैं। महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री के रूप में कार्यरत अजित पवार का मामला साफ बताता है कि भाजपा के लिये ये एजेंसियां उपकरण के तौर पर कार्य कर रही हैं। देवेन्द्र फडनवीस के मुख्यमंत्री बनाने के लिये जब समर्थन की आवश्यकता थी तो राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी को साथ लेकर रातों-रात अजित पवार के खिलाफ लम्बित मामले हटा दिये गये और उन्हें क्लीन चिट दी गई। जब उद्धव ठाकरे की सरकार गिरानी थी तो पहले शिवसेना को एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में तोड़ा गया तथा बाद में फिर से अजित पवार को लाकर उनके व उनकी पत्नी के खिलाफ बचे-खुचे प्रकरण वापस ले लिये गये।

केजरीवाल को आज नहीं तो कल फिर से समन मिलना ही है और उन पर गिरफ्तारी की तलवार अभी भी लटकी हुई है, परन्तु अब गिरफ्तारियों का डर विरोधियों के मन से जा रहा है। अलबत्ता इन एजेंसियों की साख पूर्णत: मिट्टी में मिल चुकी है।

# एप्पल का वह हिस्सा जो कटा हुआ है

एक समय था जब राजा-महाराजा प्रजा का हाल जानने के लिए भेस बदलकर उनके बीच जाया करते थे क्योंकि वे जानना चाहते थे कि उनके ख़िलाफ़ कोई नाराज़गी या उन्माद तो नहीं है। जो काम वे कर रहे हैं उन्हें जनता पसंद कर रही है या हाहाकार मचा है। उत्तर रामायण में तो वर्णन है कि भगवान राम को उनके गुप्तचरों ने ही सूचना दी थी कि प्रजा माता सीता के बारे में अलग सोच रही है। इसके बाद जो हुआ वह आज तक बहस में है कि राम को सीता का त्याग करना चाहिए था या नहीं। अपनी सबसे प्रिय सीता का जिन्हें पहली बार पुष्प वाटिका में देख उन्हें खयाल आया था कि वे इतनी सुन्दर हैं कि सुंदरता भी उनसे ही सुन्दर होती है, फिर भी उन्होंने प्रजा के लिए यह कठोर निर्णय लिया। सीता के वनगमन का हृदय विदारक निर्णय। राम वे राजा थे जो प्रजा की सोच पर खरा उतरने के लिए किसी भी हद तक जा सकते थे। अपने सबसे प्रिय का त्याग भी कर सकते थे। कालांतर में बादशाह अकबर के नाम भी किस्से दर्ज़ हैं कि वे रूप बदल कर जनता के बीच दाखिल हो जाते थे। दरअसल ये उस दौर के तरीके थे जब राजा जनप्रिय बने रहने के लिए निज प्रयास करते थे। एक आज का दौर है जहां निजता हरने का कारोबार जारी है। मीडिया चैनल्स जनता को रोज़ नफरत के मुद्दों की पुड़िया बांट देते हैं और निज़ाम अलग सोच रखने वाले यानी विपक्ष के नेता, पत्रकार, सामजिक कार्यकर्ताओं आदि की जासूसी करा कर अपने लिए सत्ता का रास्ता साफ कर देना चाहता है। कहते हैं कि सरकार चाणक्य से प्रेरित है जिन्होंने गुप्तचरी को राजनीति का हिस्सा ही बना दिया था ताकि विद्रोहियों का काम तमाम किया जा सके।

बीते मंगलवार को विपक्ष के कुछ नेताओं और पत्रकारों ने सरकार से जवाब मांगा कि उनके एप्पल फ़ोन पर कंपनी की तरफ़ से मैसेज आया है कि उनके फ़ोन की सूचनाएं हैक करने की कोशिशें की जा रही हैं और यह 'स्टेट स्पॉसर्ड अटैक' यानी कि राज्य प्रायोजित हमला हो सकता है। ऐसा कहने के पीछे एप्पल ने वजह दी थी कि यह जासूसी तंत्र बहुत महंगा और ताकतवर है जिसे केवल बड़ी सरकारें और देश ही वहन कर सकते हैं। यह सच है कि एप्पल द्वारा जारी नोटिफिकेशन में किसी सरकार का नाम नहीं लिया गया है, इसलिए भारत सरकार को सीधे-सीधे दोषी ठहराना सही नहीं होगा, लेकिन सवाल उठता है कि विपक्ष के आरोप के बाद सबसे पहली सफाई सरकार की ओर से क्यों आई कि यह कोई गंभीर मसला नहीं है और यह एप्पल का ऑटोमेटेड अर्थात खुद ब खुद जेनरेट हुआ नोटिफिकेशन है। कई बार यूजर किसी नए उपकरण से अपने अकाउंट को खोलते हैं तो गूगल की ओर एक अलर्ट मैसेज का मेल आता है कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने आपका अकाउंट खोलने की कोशिश की है। आप सावधान हो जाइये। गूगल आपको दोबारा खाता खोलने देने से पहले यह सुनिश्चित करता है कि यह आप ही हैं। सरकार अपनी पहली प्रतिक्रिया में इस जासूसी को इसी दायरे में रखती है। बेशक डेटा सुरक्षा, और निजता को लेकर फ़ोन कंपनियां बहुत संवेदनशील हैं या यही उनके व्यापार की यूएसपी भी है। एप्पल के आई फ़ोन इसी सुविधा के लिए ही जाने जाते हैं। दुनिया भर की सरकारें, नेता, व्यापारी इसी के 'गुनगाहक' हैं ताकि कोई उनकी गुप्त बातचीत या सौदों में सेंधमारी न कर सके। एप्पल कंपनी उन्हें यह आश्वासन देती है लेकिन तमाम हैकर्स उसके इस तिलस्म को तोड़ने में जुटे रहते हैं ताकि धंधे की दुनिया में वे आगे आ सकें और किसी का एकाधिकार खत्म हो जाए।



वर्षा भम्भाणी मिर्ज़ा

> फ़ोन जासूसी के बाद ही एप्पल ने अपने सुरक्षा तंत्र को और मज़बूत किया। करीब 150 देशों में ऐसी जासूसी गतिविधियों के लिए वह उपभोक्ताओं को तुरंत नोटिफिकेशन भेजता है। वह निजता के साथ समझौता नहीं करना चाहता लेकिन ऐसा हो रहा है। इससे इंकार की कोई ठोस वजह भी नहीं मिलती। मामले की क्रोनोलॉजी पर गौर करें।

डेटा को सुरक्षित रखने और ग्राहक की निजता की रक्षा करने वाली कंपनियों और हैकर्स के बीच तू डाल-डाल तो मैं पात-पात का संघर्ष चलता रहता है। दो साल पहले भी इज़रायली कंपनी पैगसस के जासूसी तंत्र की पोल खुली थी। 2021 के मानसून सत्र से पहले इस जासूसी का भांडाफोड़ हुआ था। सत्ता पक्ष के चेहरे तब फक्क पड़ गए थे। दुनिया के खोजी पत्रकारों ने एक साथ खुलासा किया था कि इज़रायल की कंपनी का यह ऐसा स्पायवेयर है जो फ़ोन में दाखिल कर दिया जाता है, जिसकी भनक भी यूजर को नहीं लगती और वह बड़े आराम से डेटा ट्रांसफर कर देता है। यह बड़ी फ़ोन कंपनियों के लिए बड़ी चेतावनी थी। खोज में भारत के कई पत्रकार भी शामिल थे। पत्रकारों ने अपने खुलासे में यह भी कहा था कि भारत में करीब तीन सौ व्यक्तियों के फ़ोन में पैगसस का यह जासूसी तंत्र डाला गया था। यूं पैगसस स्पायवेयर 2016 से काम कर रहा है जो पहली बार 2019 में वाट्सऐप और एप्पल की जानकारी में आया। निजता के इस उल्लंघन को तत्काल अदालत में चुनौती दी गई। मामला गंभीर था इसलिए खूब हंगामा मचा। सुप्रीम कोर्ट ने जांच के लिए एक कमिटी का गठन किया। 29 फ़ोन उपकरणों को जांचा गया लेकिन जासूसी वायरस होने के पुख्ता प्रमाण नहीं मिल सके। मामला खारिज हो गया लेकिन सर्वोच्च न्यायालय की महत्पूर्ण टिप्पणी आज भी यथावत है कि सरकार ने जांच में सहयोग नहीं किया। अगर किया होता तो आज एक बार फिर चुनाव से ठीक पहले यह स्पायवेयर विपक्षी फ़ोन में घुसकर जासूसी की हिमाकत (बेवकूफ़ी) न करता। यह वही रवैया था जो अब तक कायम है कि चुनावी बॉन्ड में कौन कितना पैसा किस पार्टी को देता है, इसे बताने की सरकार को कोई ज़रूरत नहीं है। अमेरिका के सातवें राष्ट्रपति एंड्रयू जैक्सन का कथन है कि संविधान से मिले नागरिक अधिकारों की हैसियत कभी भी उस बुलबुले से ज़्यादा नहीं होगी जब तक कि उसे एक स्वतन्त्र न्यायपालिका से संरक्षित न किया गया हो।

इस फ़ोन जासूसी के बाद ही एप्पल ने अपने सुरक्षा तंत्र को और मज़बूत किया। करीब 150 देशों में ऐसी जासूसी गतिविधियों के लिए वह उपभोक्ताओं को तुरंत नोटिफिकेशन भेजता है। वह निजता के साथ समझौता नहीं करना चाहता लेकिन ऐसा हो रहा है। इससे इंकार की कोई ठोस वजह भी नहीं मिलती। मामले की क्रोनोलॉजी पर गौर करें तो पहले एक्टिविस्टों, पत्रकारों के कंप्यूटर की हैकिंग, उन पर देशद्रोह के मुकदमे, फिर दो साल पहले पैगसस का प्रोजेक्ट जासूसी और अब एप्पल का नोटिफिकेशन। कहते हैं कि हर सत्ता जासूसी करती है। तब क्या इसे वैध कर दिया जाए? हर नागरिक की निजता छीन ली जाए? निजता का अधिकार हमें संविधान से मिला हुआ सर्वोच्च अधिकार है। अब हमारी सरकारों को इसे छीनना चाहिए या इसकी रक्षा करनी चाहिए? मानव अधिकार कार्यकर्ता फादर स्टैन स्वामी का कम्प्यूटर किसने हैक किया? एक बीमार बुजुर्ग से कौन खौफ खा रहा था? आखिर क्यों वे ज़मानत के इंतज़ार में मौत की नींद सो गए? जो जासूसी इतनी ही उचित है तब कर दीजिये एक और संशोधन! खैर अच्छी बात यह रही कि विपक्ष के प्रमाण देने के बाद सूचना तकनीकी (आईटी) मंत्री ने जांच का आश्वासन देते हुए कहा है कि मामला सीईआरटी (कंप्यूटर इमरजेंसी रेस्पॉन्स टीम) जो कि कंप्यूटर सुरक्षा और तकनीक से जुड़ी सरकारी संस्था है, उसे सौंप दिया गया है। यह संस्था एप्पल के साथ टीम बनाकर जांच करेगी।


गौरतलब है कि मंगलवार को ही विपक्ष के तमाम नेता मल्लिकार्जुन खड़गे, शशि थरूर, तृणमूल कांग्रेस से महुआ मोइत्रा, समाजवादी पार्टी के अखिलेश यादव, उद्धव ठाकरे, शिवसेना की प्रियंका चतुर्वेदी, आम आदमी पार्टी के राघव चड्ढा को एप्पल से चेतावनी वाला सन्देश मिला था। इससे पहले केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल कह चुके थे कि किसी ने इन नेताओं के साथ मज़ाक किया है; और यूं भी विपक्ष एक ख़राब वक्त से गुज़र रहा है इसलिए उन्हें हर बात में साज़िश नज़र आती है। इस बयान से अलग सरकार इसकी जांच पूरी पारदर्शिता और ज़िम्मेदारी से कराए तो ही जासूसी जैसी अवैध कार्यप्रणाली का सच सामने आ सकता है। ऐसा केवल तभी संभव है जब 'स्टेट स्पॉसर्ड अटैक' नोटिफिकेशन में भारत सरकार एक पार्टी न हो। वह स्टेट चीन और पाकिस्तान हो। मामला इस ओर ही जाता हुआ लगता यदि भारत सरकार ने सुप्रीम कोर्ट की जांच में सहयोग किया होता। जांच का यह सेब पूरा होना चाहिए, काटा हुआ नहीं। संभव है कि इस बार पारदर्शिता और ईमनदारी से यह जांच हो तभी ही लोकतंत्र की शक्ति बनी रह पाएगी। जिसकी लाठी उसी की ही भैंस भी रही तो फिर सरकार तो रहेगी, लेकिन नैतिकता नहीं।

(लेखिका स्वतंत्र पत्रकार हैं?)

# भाजपा फिर मंदिर भुनाने की राह चली

संघ-भाजपा के अयोध्या के राम मंदिर को चुनाव में भुनाने के उद्यम का, एक और चक्र शुरू हो गया है। इसी महीने होने जा रहे मध्य प्रदेश के चुनाव अभियान में तो नामजदगी के पर्चे भरे जाने की आखिरी तारीख से पहले ही, राममंदिर की बाकायदा एंट्री हो चुकी थी। राज्य के विभिन्न हिस्सों में भाजपा ने बड़ी-बड़ी होर्डिंगें लगाकर, न सिर्फ 'भव्य राम मंदिर बनकर हो रहा तैयार' की याद दिलाई है बल्कि इसके श्रेय पर भाजपा के दावे की ओर खुला इशारा करते हुए, उसके साथ 'फिर एक बार भाजपा सरकार' की तुक जोड़ने की भी कोशिश की है। होर्डिंग पर अयोध्या में निर्माणाधीन राम मंदिर की विशाल तस्वीर के साथ ही, एक ओर प्रधानमंत्री मोदी की बड़ी सी तस्वीर है और दूसरी ओर, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा को बीच में रखते हुए, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान समेत, भाजपा के प्राय: सभी शीर्ष नेताओं को तस्वीर में जगह दी गई है।

कांग्रेस पार्टी ने चुनाव के लिए धार्मिक अपील का सहारा लिए जाने का मामला होने को रेखांकित करते हुए, चुनाव आयोग से इसकी शिकायत की है। यह शिकायत खासतौर पर तब की गई, जब इस होर्डिंग का इस्तेमाल इंदौर में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की एक चुनाव सभा में किया गया, जो राज्य के शीर्ष भाजपा नेताओं में से एक, कैलाश विजयवर्गीय के पक्ष में प्रचार के लिए आयोजित की गई थी। वैसे यह भी हैरानी की बात नहीं है कि उक्त शिकायत के कई दिन बाद, इन पंक्तियों के लिखे जाने तक, चुनाव आयोग के इस शिकायत पर किसी तरह से हरकत में आने की कोई खबर नहीं आई थी। इस मामले में अपने बचाव की उनकी दलील यही थी कि भाजपा की राम और उनके मंदिर में आस्था है और उनके अपनी इस आस्था का प्रदर्शन करने का विरोध करने वाले, राम और राम मंदिर के विरोधी हैं, उसके बनने का विरोध करते आए हैं। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष, बीडी शर्मा ने न सिर्फ यह दलील पेश कि हम रामभक्त हैं, राम के मंदिर की तस्वीर क्यों नहीं लगाएंगे, बल्कि उन्होंने खास संघी शैली में विपक्ष के लिए कहा कि दूसरे चाहें तो, बाबर की तस्वीर लगा सकते हैं!



राजेन्द्र शर्मा

> संघ-भाजपा जोड़ी का इस तरह सांप्रदायिक ध्रुवीकरण के अपने जाने-पहचाने हथियार के लिए लपकना, उसके संकट को ही दिखाता है। उनका सबसे बड़ा संकट यह है कि मोदी के चेहरे के साथ, उनका यह सबसे धारदार हथियार भी, बार-बार के इस्तेमाल से और जनमानस के प्रतिरोध की बढ़ती कठोरता के चलते, ज्यादा से ज्यादा भोंथरा होता जा रहा है।

इससे कोई यह नहीं समझे कि यह कोशिश भाजपा के मध्य प्रदेश के नेताओं तक ही सीमित हो सकती है। इसी क्रम में, मोदी की भाजपा में दो-नंबर के आसन पर सवार माने जाने वाले, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मध्य प्रदेश में ही उज्जैन में अपनी प्रचार सभा में खुलकर राम मंदिर बनने के श्रेय का दावा किया। शाह ने राहुल गांधी पर टिप्पणी करते हुए कहा कि वह उन्हें मंदिर के उद्घाटन की तारीख बताने आए हैं। कांग्रेसी व्यंग्य से उनसे कहा करते थे कि 'ये मंदिर वहीं बनाएंगे पर तारीख नहीं बताएंगे'; अब तारीख बता रहे हैं—22 जनवरी 2024। शाह ने अपने भाषण में बार-बार इसका दावा किया कि उनकी पार्टी के विरोधियों, खासतौर पर कांग्रेस ने अयोध्या में राम मंदिर को नहीं बनने देने की सभी संभव कोशिशें की थीं। यानी न सिर्फ भाजपा के पक्ष में वोट को, राम मंदिर के लिए वोट बताया जा रहा था बल्कि कांग्रेस या अन्य विपक्षी पार्टियों के लिए वोट को, राम मंदिर के खिलाफ वोट भी बताया जा रहा था।

याद रहे कि इस पूरे सिलसिले की शुरूआत और किसी ने नहीं, खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की थी। प्रधानमंत्री ने अपने चुनाव प्रचार के वर्तमान चक्र की शुरूआत से पहले, चित्रकूट का दौरा किया और इस दौरे के क्रम में इसका विस्तार से बखान किया कि किस तरह, उन्हें 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में निर्माणाधीन राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर उपस्थित रहने के लिए निमंत्रित किया गया है और किस तरह इस निमंत्रण से वह धन्य महसूस कर रहे हैं, आदि आदि। यह संघ-भाजपा के लिए इसका स्पष्ट संकेत था कि राम मंदिर की शुभारंभ की तारीख की घोषणा के बहाने से, अयोध्या मंदिर के मुद्दे को भुनाने के एक और चक्र में जुट जाएं। बहुत से टिप्पणीकारों के अनुमान के विपरीत, जिन्हें लग रहा था कि अंतत: राम मंदिर के शुरू होने को नरेंद्र मोदी की भाजपा द्वारा अगले आम चुनाव में ही भुनाने की कोशिश की जाएगी, नरेंद्र मोदी ने चित्रकूट से इसका स्पष्ट संकेत दे दिया कि विधानसभाई चुनाव के मौजूदा चक्र से ही इसे भुनाना शुरू कर दिया जाए। उन्हें लगा होगा कि इसे भुनाना लोकसभा चुनाव के लिए ही उठा रखना, समझदारी नहीं नासमझी का मामला भी साबित हो सकता है। नरेंद्र मोदी वैसे भी, चुनावी-राजनीतिक लड़ाई में, वैध-अवैध कोई भी हथियार, उठा रखने में विश्वास नहीं रखते हैं; फिर विधानसभा चुनावों का वर्तमान चक्र तो वैसे भी उनके ही चेहरे पर लड़े जाने के बावजूद, काफी कठिन दिखाई दे रहा है।

वर्तमान चुनावों में संघ-भाजपा का सांप्रदायिक अपील तथा ध्रुवीकरण का सहारा लेना, न तो राम मंदिर की अपील तक ही सीमित रहने जा रहा है और न ही सिर्फ मध्य प्रदेश तक सीमित रहने जा रहा है। राजस्थान में खुद प्रधानमंत्री मोदी, उदयपुर के कन्हैयालाल टेलर की हत्या की दुर्भाग्यपूर्ण घटना का सांप्रदायिक संदेशों के लिए इस्तेमाल कर, संघ-भाजपा की कतारों को सांप्रदायिक ध्रुवीकरण का सहारा लेने के लिए, नामजदगी के पर्चे भरे जाने से पहले से ही प्रेरित कर आए थे। उधर कांग्रेस शासित छत्तीसगढ़ में, सांप्रदायिक ध्रुवीकरण के खुले खेल के लिए उनकी पार्टी ने, अपने सबसे नंगई से सांप्रदायिक प्रचार करने वाले मुख्यमंत्रियों में से एक, हिमंत विस्वा शर्मा को उतार दिया, जिसने राज्य के इकलौते मुस्लिम मंत्री को नाम लेकर हमले का निशाना बनाया। बेशक, यह सिलसिला चुनाव के इस चक्र में शामिल तीन हिंदीभाषी राज्यों तक भी सीमित नहीं रहा है।

तेलंगाना में भी, हालांकि भाजपा के गुब्बारे की हवा उम्मीदवारों के नामों की घोषणा से पहले ही निकल चुकी थी, भाजपा ने अपने निवर्तमान विधायक, टी राजासिंह का निलंबन खत्म कर, उसे बड़ी तत्परता से चुनाव में उतार दिया है। सांप्रदायिक बदजुबानी और उकसावे भरे भाषणों व हरकतों के लिए ही कुख्यात, पांच साल पहले हुए विधानसभाई चुनाव में जीते अपने इस इकलौते विधायक को, पैगंबर मोहम्मद के खिलाफ भड़काऊ टिप्पणी करने के बाद, भाजपा को निलंबित करना पड़ा था। तेलंगाना में भाजपा, ओवैसी की पार्टी एमआईएम के 'जवाब' के ही तौर पर आम तौर पर अपनी प्रासंगिकता साबित करने की ही कोशिश नहीं कर रही है, उसने इसका भी ऐलान किया है कि सत्ता में आते ही वह पहला काम, अन्य पिछड़े वर्ग के हिस्से के तौर पर, राज्य में पिछड़े मुसलमानों को हासिल मामूली आरक्षण खत्म करने का ही करेगी!

इसी बीच संघ-भाजपा की सांप्रदायिक सेनाएं, आतंकवाद विरोध की पाखंडपूर्ण मुद्रा के साथ, खून-खराबे भरे इस्राइल-फिलिस्तीनी टकराव का भी, जहां तक संभव हो इस्तेमाल करने में जुट गई हैं। इस्राइल द्वारा गाज़ा में फिलिस्तीनियों के नरसंहार को बढ़-चढ़कर समर्थन देने के जरिए, संघ-भाजपा की पक्की मुस्लिमविरोधी छवि को ही और चमकाने की कोशिश की जा रही है, ताकि सांप्रदायिक ध्रुवीकरण की ओट में आम देशवासियों की बदहाली के सभी वास्तविक सवालों को दबाया जा सके। इसके बाद भी अगर कोई कसर रह गई थी तो वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा सरदार पटेल के जयंती के मौके पर किए गए इस ऐलान से पूरी हो जानी चाहिए कि 'तुष्टीकरण ही देश के लिए सबसे बड़ा खतरा है।' विपक्ष को निशाना बनाने के लिए, प्रधानमंत्री किस तरह तुष्टीकरण के रास्ते उसे आतंकवाद तथा राष्ट्रविरोध से जोड़ने की कोशिश कर रहे हैं, यह अलग से चर्चा की मांग करता है। बहरहाल, तुष्टीकरण और आतंकवाद को समानार्थी बनाने के जरिए, हमास संबंधी अति-प्रचार की पृष्ठभूमि में किस तरह वह, मुसलमान और आतंकवाद को साथ-साथ रख देते हैं, यह समझना भी मुश्किल नहीं है। सभी जानते हैं कि संघ-भाजपा की शब्दावली में 'तुष्टीकरण' का एक ही अर्थ है—मुस्लिम विरोध! तुष्टीकरण के खतरे का अर्थ है, मुसलमानों का खतरा! यह खेल, अगले कुछ हफ्तों में और नंगई से खेला जाएगा।

बहरहाल, संघ-भाजपा जोड़ी का इस तरह सांप्रदायिक ध्रुवीकरण के अपने जाने-पहचाने हथियार के लिए लपकना, उसके संकट को ही दिखाता है। उनका सबसे बड़ा संकट यह है कि मोदी के चेहरे के साथ, उनका यह सबसे धारदार हथियार भी, बार-बार के इस्तेमाल से और जनमानस के प्रतिरोध की बढ़ती कठोरता के चलते, ज्यादा से ज्यादा भोंथरा होता जा रहा है।

**(लेखक साप्ताहिक पत्रिका लोक लहर के संपादक हैं।)**

## पावन प्रसंग

# जो देता है सो पाता है

पाने के लिए कुछ छोड़ना पड़ता है और कुछ देने की बात सामने आते ही मन निष्ठुर बन जाता है। मुंह मोड़ लेता है, ऐसे व्यक्ति उपहास्यास्पद बनते हैं और खाली हाथ निराश लौटते हैं। किसान जानता है कि फसल काटने की योजना बनाते समय उसे घर में जमा किया हुआ बीज खर्च कर खेत में डालने की तैयारी करनी चाहिए। जो बीज बोने का खर्च और श्रम सहन न करें, किंतु कोठे भर देने जितनी फसल पाने के मनसूबे बांधता रहे, उसकी इच्छा पूरी होना असंभव है। विद्यार्थी पढ़कर अफसर बन जाते हैं, पर इसके लिए उन्हें 14 वर्ष अनवरत श्रम करके स्नातकोत्तर परीक्षा प्राप्त करनी पड़ती है। फीस और किताब, कापी का खर्च सहन करना पड़ता है। गणेशजी का वरदान पाकर बिना कुछ किए विद्वान और पदाधिकारी बनने के स्वप्न इस जमाने में पूरे हो सकेंगे, ऐसी आशा किसी को भी नहीं करनी चाहिए। पेट साफ होने के उपरांत ही भूख लगती और स्वादिष्ट व्यंजन खाने का अवसर मिलता है। जो मल त्याग नहीं करना चाहता उसे नया भोजन प्राप्त करने की भी आशा नहीं करनी चाहिए। सांस छोड़ने के बाद ही नई प्राणवायु मिलती है जो सांस बंद किए बैठा है, उसके श्वांस-प्रश्वांस कैसे चलेंगे।

यह संसार दर्पण की तरह है, इसमें अपना ही चेहरा हर किसी के चेहरे में झांकता हुआ देख सकते हैं। हम जैसे भी भले-बुरे जो कुछ भी हैं, वैसी ही मुखाकृति दूसरों की भी दिखा देगी। यहां क्रिया की प्रतिक्रिया होती रहती है। कुएं या गुंबज की तरह प्रतिध्वनि सुनने को मिलती रहती है। जैसा भी कुछ हम अपने मुंह से बोलते हैं, उलटकर वैसी ही आवाज सुनते हैं। हमारा चिंतन एवं व्यवहार यदि यह है कि हमें किसी के लिए त्याग न करना पड़े, दूसरे ही सदा हमारी सेवा-सहायता के लिए दौड़े आएं। दूसरे सदा सद्भावना व्यक्त करते रहें और हम अपनी उपेक्षा-वृत्ति पर ही कायम रहें तो समझना चाहिए कि यह मनोरथ कभी पूरा न हो सकेगा। रबड़ की गेंद जिस दिशा में जितने जोर से मारी जाती है, वहां से वह ठीक उलटी दिशा में उतने ही जोर से वापस आती है। देखना यह है कि हम दूसरों के साथ कैसा रवैया अपनाते और कैसा व्यवहार करते हैं? उसकी प्रतिक्रिया और व्यवहार जब दूसरों के साथ टकराते हैं, तो ठीक वैसी ही प्रतिध्वनि प्रतिक्रिया उत्पन्न करता है।

घाटे का सौदा नहीं है। सत्पात्रों के हाथ हमारी सेवा, सद्भावना एवं सहायता पहुंचती तो निश्चित रूप से वह अनेक गुनी होकर वापस लौटती है। उदारतापूर्वक यदि हम अपने को खाली करते रहेंगे तो बदले में ईश्वरीय व्यवस्था हमें उसी अनुपात से भर देगी। खाली तालाब चाहे उथला हो या गहरा वर्षा आते ही लबालब भर जाता है।

**युग निर्माण योजना**

## आपके पत्र

# झूठे सपने के टूटने का दर्द

समाजसेवी अण्णा हजारे का दर्द भी छलक आया। जिस समयावधि से उन्होंने भ्रष्टाचार के विरूद्ध का ऐलान किया था, उसी राजघाट पर उनके सहयोगी रहे लोगों के पोस्टर चस्पा हो रहे थे। मजबूरन अण्णा ने अरविन्द केजरीवाल की पत्र लिखकर पूछ ही लिया कि आखिर आप में और बाकी सब में अंतर क्या है? अण्णा निस्वार्थ सत्याग्रही हैं। अरविन्द केजरीवाल की राजनीतिक महत्वाकांक्षा को दूर से समझ पाए। इसके बावजूद उम्मीद थी कि शायद अरविन्द एक ईमानदार राजनीतिक विकल्प प्रस्तुत करेंगे पर 'इंडिया अगेंस्ट करप्शन' के आंदोलन से निकली आम आदमी पार्टी से उन ईमानदार दानदाताओं को घोर निराशा हुई जिन्होंने एक बड़े उद्देश्य के लिए तन, मन, धन समर्पित किया था। इसलिए उन्होंने ही यह चुनौती पेश कर दी है कि पहले लिए गए दान का ईमानदारी से हिसाब से इस अभियान का पहला स्वर विदेश की धरती से फूटा।

भारत की धरती के बाहर अण्णा-अरविन्द के आंदोलन को संबल प्रदान करने वालों में डॉ. मुनीश रायजादा सबसे अग्रणी थे। उन्होंने न केवल खुद बड़ा आर्थिक सहयोग दिया वरन और लोगों को भी प्रेरित किया था। भारत से बाहर बसे ऐसे भारतवंशी जिसे देश की भ्रष्ट राजनीति से पीड़ा पहुंचती थी, उन्होंने एक नए विकल्प को हाथों हाथ लिया। पहले इंडिया अगेंस्ट करप्शन फिर आम आदमी पार्टी पर जमकर वर्षा की। इसके अगुआ डॉ. रायजादा आजपा के एनआरआई याने अप्रवासी भारतीय सेल के संयोजक बने पर बिहार चुनाव के समय अरविन्द केजरीवाल के लालू प्रसाद यादव के साथ गलबहियां डाले जाने के खिलाफ लेख लिखे जाने के चलते पार्टी से निलंबित चल रहे थे। अमेरिका के रहने वाले इन्हीं बालरोग विशेषज्ञ नादी को यह बात नागवार गुजर रही है कि आम आदमी पार्टी (आप) ने अपनी वेबसाइट से दानदाताओं की सूची दो यह पार्टी के मूल सिद्धांत के बिल्कुल विपरीत है। ईमानदार राजनीति के लिए पूरी तरह से पारदर्शी चंदा प्रणाली की आवश्यक माना गया था। इस तरह आप का स्थायी बन गई, लेकिन अन्ना की उंगली पकड़ कर धरना प्रदर्शन के बाद राजनीति में प्रवेश कर गए केजरीवाल ने पीछे मुड़कर नहीं देखा। केजरीवाल अब बड़े राजनीतिज्ञ बन गए हैं। लेकिन उनके पदचिन्हों पर चलकर राजनीति में अपना मुकाम जमाने वाले नेताओं की नीति बिगड़ गई और करोड़ों के भ्रष्टाचार कर तिजोरी भरते पकड़े गए और अब जेल की हवा खा रहे हैं। केजरीवाल को भी समन भेजा गया है। हजारे को गुमराह किया गया था।

**कांतिलाल मांडोत, सूरत**

कमलनाथ और दिग्विजय को लेकर कसा तंज, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष बोले

# कैमरे के पीछे गाली और सामने ताली



**भोपाल, देशबन्धु।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णु दत्त शर्मा ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ और पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह को लेकर तंज कसा है। उन्होंने कहा कि कमलनाथ और दिग्विजय सिंह की हकीकत यह है कि वह आपस में मतभेद रखते हैं, लेकिन सबके सामने वह एक दूसरे से मित्रवत व्यवहार करते हैं।

श्री शर्मा ने पत्रकार वार्ता में कहा कि कमलनाथ और दिग्विजय पर निशाना साधने के साथ ही भाजपा की उपलब्धियों का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश के 68 वें स्थापना दिवस पर हमने संकल्प लिया है कि हम प्रदेश को देश का नंबर एक राज्य बनाकर रहेंगे। डबल इंजन की सरकार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में और प्रदेश की भाजपा की सरकार के नेतृत्व में आज प्रदेश पूरे देश के अंदर सभी राज्यों में लगातार आगे बढ़ता हुआ दिखाई दे रहा है। उन्होंने प्रदेश को सशक्त, सक्षम और स्वर्णिम मध्यप्रदेश बनाने के लिए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में काम किया जा रहा है। श्री शर्मा ने कहा कि 2003 के पहले प्रदेश को बीमारू राज्य के नाम से देश भर में जाना जाता था, लेकिन अब विकसित राज्य के तौर पर जाना जाता है।

## अब प्रदेश कृषि के क्षेत्र में प्रदेश अव्वल बन गया है

श्री शर्मा ने कहा कि गेहूं निर्यात में 45प्रतिशत की भागीदारी के साथ मध्य प्रदेश प्रथम स्थान पर है। उन्होंने कहा कि 2023 में सिंचाई केवल 7 लाख हेक्टेयर में होती थी,लेकिन अब 45 लाख हेक्टेयर में होती है।

श्री शर्मा ने कहा कि स्वच्छता के मामले में इंदौर छटवीं बार पहले स्थान पर आया। प्रदेश के शहरों और गांवों में भी स्वच्छता की दिशा में बेहतर काम किया जा रहा है। श्री शर्मा ने कहा कि प्रदेश ने वापस टाइगर स्टेट का तमगा हासिल किया है। पन्ना क्षेत्र में करीब 100 टाइगर और प्रदेश में यह आंकड़ा 526 से बढ़कर 725 तक पहुंच गया। महिलाओं को सम्मान प्रदेश में भाजपा का अभिमान है और मुख्यमंत्री श्री चौहान के नेतृत्व में हमारी बहनों को पहले 1 हजार रुपये देने का ऐलान किया था।

कांग्रेस ने लगाया आरोप, राजनैतिक दबाव में इंदौर कलेक्टर

# विजयवर्गीय के खिलाफ अपराधिक आरोप, फिर भी निरस्त नहीं किया नामांकन



**भोपाल, देशबन्धु।** प्रदेश कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि इंदौर क्रमांक 1 से भाजपा प्रत्याशी कैलाश विजयवर्गीय के खिलाफ गंभीर आपराधिक मामलों को लेकर उस पर कांग्रेस द्वारा दर्ज कराई गई आपत्तियों को दरकिनार कर निर्वाचन अधिकारी और इंदौर कलेक्टर ने उनके नामांकन को रद्द नहीं किया। पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी केके मिश्रा ने आज पत्रकारों को बताया कि विजयवर्गीय के खिलाफ पीड़ित महिला ने पश्चिम बंगाल में गंभीर आपराधिक प्रकरण दर्ज कराया था, जिस पर हाईकोर्ट ने उनके खिलाफ मामला दर्ज करने के निर्देश दिए थे और सुप्रीम कोर्ट ने भी विजयवर्गीय को कोई राहत न देते हुए उच्च न्यायालय के निर्णय को उचित ठहराया था।

इस मामले में जमानती गिरफ्तारी वारंट पर न्यायालय में उपस्थित न होने पर विजयवर्गीय को न्यायालय द्वारा फरार घोषित कर उनके नाम पर स्थायी वारंट जारी कर दिया गया। वहीं विजयवर्गीय के खिलाफ छत्तीसगढ़ के कांग्रेस नेता कनक तिवारी ने मानहानि का मामला दर्ज कराया था। इस मुकदमे मे निर्धारित प्रकिया के अनुसार विजयवर्गीय के नाम पर समन जारी किया गया। इस समन की तामिली होने के उपरांत भी जब वे न्यायलय में उपस्थित नही हुए तो उनके नाम पर गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया। इन आपराधिक मामलों की जानकारी विजयवर्गीय ने शपथ पत्र में नहीं दी। कांग्रेस प्रत्याशी संजय शुक्ला की ओर से इस पर आपत्ति दर्ज कराई थी, जिसे इंदौर कलेक्टर और जिला निर्वाचन अधिकारी खारिज कर दिया। कांग्रेस प्रत्याशी द्वारा की गई आपत्तियों को दरकिनार कर उनके नामांकन को वैध करार दे दिया, जो सरासर अनुचित है। श्री मिश्रा ने आरोप लगाया कि कलेक्टर राजनीतिक दवाब में काम कर रहे हैं। कांग्रेस नेता ने कहा कि जब भोजपुर, चुरहट और खरगापुर में निर्वाचन अधिकारी एसडीएम अन्य प्रत्याशियों की आपत्तियों पर फैसला लेकर नामांकन होल्ड कर सकते हैं, तो कलेक्टर गंभीर आपराधिक मामलों में फैसला क्यों नहीं ले सकते।

कमलनाथ ने लगाया आरोप

# भाजपा केवल 'पुलिस, पैसे और प्रशासन' के सहारे



**भोपाल, देशबन्धु।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने भारतीय जनता पार्टी पर पुलिस, पैसे और प्रशासन के दम पर सरकार चलाने का आरोप लगाते हुए कहा कि अब जनता इस कुशासन से मुक्ति चाहती है। श्री कमलनाथ ने नरसिंहपुर के करेली में आयोजित कांग्रेस की चुनावी सभा में कहा कि स्कूली बच्चों को विश्व की सबसे बड़ी स्कॉलरशिप देने का काम कांग्रेस की सरकार करने वाली है। उन्होंने लोगों से अपील की कि ज़ब वोट देने जायें तो कांग्रेस के वचनपत्र को पढ़कर जायें। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश में स्वास्थ्य, पंचायत व्यवस्था, शिक्षा व्यवस्था सब चौपट हैं और रोजगार भी नहीं है। प्रदेश का प्रत्येक व्यक्ति भ्रष्टाचार से पीड़ित है। श्री कमलनाथ ने आरोप लगाया कि सरकार ने मध्यप्रदेश के भविष्य पर ताला लगा रखा है और यह ताला केवल 50 प्रतिशत कमीशन देने पर ही खुलता है। उन्होंने कहा कि ये युवाओं, महिलाओं , किसानों के भविष्य का चुनाव है। श्री कमलनाथ ने कहा कि सरकार आने पर कांग्रेस फिर से किसानों का कर्ज माफ करने वाली है। साथ ही धान का समर्थन मूल्य ढाई हजार रुपए देने का काम होगा।

## केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले की पार्टी ने मप्र में भाजपा को दिया समर्थन

**भोपाल, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी की केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार और मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की सरकार द्वारा अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति वर्ग के कल्याण के लिए किये जा रहे कार्यों से प्रभावित होकर रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आठवले) ने मध्यप्रदेश में भारतीय जनता पार्टी को विधानसभा चुनाव में समर्थन देने की घोषणा की है।

रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आठवले) की मध्यप्रदेश इकाई ने मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव में भाजपा को समर्थन देते हुए प्रदेश की सभी विधानसभा सीटों पर भाजपा के प्रत्याशियों को जिताने की अपील की है। रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आठवले) के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले के निर्देश पर पार्टी की मध्यप्रदेश इकाई ने इस संबंध में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्री विष्णुदत्त शर्मा को पत्र भेजकर समर्थन देने की घोषणा की है।

# भाजपा के दिग्गजों को घेरेगी कांग्रेस, प्रवक्ताओं की तैनाती

**भोपाल, देशबन्धु।** कांग्रेस अब भाजपा के दिग्गजों को घेरने जा रही है, इसके लिए पार्टी ने अपने दर्जन भर तेज तर्रार प्रवक्ताओं की तैनाती की है। प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग द्वारा नियुक्त बतौर प्रभारी नियुक्त किए गए ये प्रवक्ता भाजपा नेताओं के घोटाले, भ्रष्टाचार सहित अन्य मुद्दों को पुरजोर तरीके से उठाएगी। साथ ही विधानसभा क्षेत्रों में रहकर भाजपा प्रत्याशियों के खिलाफ प्रचार पप्रसर को गति देंगे। इसके साथ ही कांग्रेस के पक्ष में अपनी बात पुरजोर तरीके से मीडिया के सामने रखेंगे।

प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष केके मिश्रा ने यह जिम्मेदारी सौंपी है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के निर्वाचन क्षेत्र बुधनी विधानसभा के प्रभारी प्रवक्ता निर्मल पुरोहित बनाए गए हैं, दिमनी से चुनाव मैदान में उतरे भाजपा प्रत्याशी नरेन्द्र सिंह तोमर पर नजर रखने अजीत सिंह भदौरिया को प्रभार दिया गया है। भाजपा महासचिव और इंदौर-1 विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी कैलाश विजवर्गीय पर नजर रखने अमित चौरसिया को प्रभारी प्रवक्ता बनाया गया है। नगरीय प्रशासन मंत्री और खुरई से भाजपा प्रत्याशी भूपेन्द्र सिंह को घेरने की जिम्मेदारी अवनीश बुंदेला को दी गई है। जबकि दतिया विधानसभा प्रत्याशी नरोत्तम मिश्रा की घेराबंदी की जिम्मेदारी प्रभारी प्रवक्ता धर्मेन्द्र शर्मा को दी गई है।

## हर विधानसभा पर रखेंगे पैनी नजर

निवास से भाजपा फग्गन सिंह कुलस्ते पर नजर रखने शहरयार खान को तैनात किया गया है। भाजपा प्रत्याशी रीति पाठक के निर्वाचन क्षेत्र सीधी विधानसभा के लिए प्रभारी प्रवक्ता रवि वर्मा, जबलपुर पश्चिम विधानसभा प्रत्याशी राकेश सिंह के क्षेत्र से प्रवीण धौलपुरे, लालसिंह आर्य के निर्वाचन क्षेत्र गोहद से स्वदेश शर्मा, भाजपा प्रत्याशी प्रहलाद पटेल के निर्वाचन क्षेत्र नरसिंहपुर से प्रवक्ता कुंदन पंजाबी, सांसद राव उदय प्रताप सिंह के गाडरवारा विधानसभा क्षेत्र से राजकुमार उपाध्याय केलू और सतना से भाजपा प्रत्याशी गणेश सिंह के निर्वाचन क्षेत्र से उपेन्द्र मिश्रा प्रभारी प्रवक्ता बनाए गए हैं।

## कंट्रोल रूम स्थापित

प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में मीडिया कंट्रोल रूप स्थापित किया है जो प्रतिदिन समूचे 230 विधानसभा क्षेत्रों में अपने जिला प्रवक्ताओं के जरिए से समूची जानकारी एकत्र करेगा। इसके साथ ही आवश्यक दिशा निर्देश भी संबंधितों को जारी किए जाएंगे। कंट्रोल रूम प्रतिदिन होने वाले सभी घटनाक्रमों पर अपनी पैनी नजर भी रखेगा। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता संतोष सिंह परिहार व सुश्री फरहाना खान कांग्रेस मीडिया विभाग की कंट्रोल रूम प्रभारी होंगी।

# भाजपा ने चुनाव आयोग से की पेड न्यूज की शिकायत

**भोपाल, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी के एक प्रतिनिधि मंडल ने चुनाव आयोग में मध्यप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष व कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार कमलनाथ की पेड न्यूज संबंधी शिकायत चुनाव आयोग में की है। समाचार-पत्र में प्रकाशित समाचार को पेड न्यूज की श्रेणी में बताते हुए चुनाव आयोग से प्रतिनिधिमंडल ने कार्यवाही की मांग की गई है। प्रतिनिधि मंडल ने मध्यप्रदेश के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को सौंपे ज्ञापन में कहा है कि विदिशा विधानसभा क्षेत्र से संबंधित एक समाचार प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष व पार्टी के उम्मीदवार कमलनाथ के प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से प्रकाशित किया गया है। उक्त समाचार को कमलनाथ और कांग्रेस पार्टी की लोकप्रियता बढ़ाने के उद्देश्य से प्रकाशित कराया गया है। भाजपा के प्रतिनिधि मंडल ने उक्त पेड न्यूज को उनके निर्वाचन व्यय में सम्मिलित कर आचार संहिता के उल्लंघन संबंधी कार्यवाही करने की मांग की है। प्रतिनिधि मंडल में भाजपा विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक श्री मनोज द्विवेदी और प्रदेश सह संयोजक श्री अशोक विश्वकर्मा शामिल थे।

## कूटरचित वीडियो पर भी जताई आपत्ति, मुख्यमंत्री की छवि खराब करने का आरोप

भाजपा विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक मनोज द्विवेदी और प्रदेश सह संयोजक अशोक विश्वकर्मा ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को सौंपे ज्ञापन में बताया है कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की छवि खराब करने के लिए एक कूटरचित वीडियो सोशल मीडिया (एक्स) पर अपलोड किया गया है। शिकायत में कहा गया है कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कूटरचित वीडियो मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की छवि को धूमिल करने व भाजपा की जनहितैषी सरकार को बदनाम करने के लिए किया गया है। ऐसे षड्यंत्र कांग्रेस पार्टी द्वारा पूर्व में भी किए जा चुके हैं। शिकायत में सोशल मीडिया पर कूटरचित वीडियो पोस्ट करने वाले पवन दीक्षित व दोषी व्यक्तियों के विरूद्ध आईटीएक्ट व आचार संहिता के उल्लंघन का प्रकरण दर्ज कर वैधानिक कार्यवाही की मांग की गई है।

# भाजपा प्रत्याशी कृष्णा गौर पर धार्मिक भावनाएं भड़काने का आरोप

## कांग्रेस ने चुनाव आयोग में की शिकायत, प्रकरण दर्ज करने की मांग

**भोपाल, देशबन्धु।** कांग्रेस ने भाजपा प्रत्याशी श्रीमती कृष्णा गौर पर धार्मिक उन्माद फैलाकर आमजनों की भावनाओं को ठेस पहुंचाने का आरोप लगाया है। चुनाव आयोग में इस बात की शिकायत करते हुए कांग्रेस ने उनके खिलाफ प्रकरण दर्ज करने की मांग की है। प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष एवं चुनाव आयोग कार्य प्रभारी जे.पी. धनोपिया ने चुनाव आयोग को इस मामले की है। आयोग से की शिकायत में उन्होंने बताया कि गोविन्दपुरा विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी श्रीमती कृष्णा गौर द्वारा मंगलवार 31 अक्टूबर को प्रधान मण्डपम के पास होशंगाबाद रोड पर चुनाव प्रचार करते हुए महिला मतदाताओं के बीच में कांग्रेस पार्टी के प्रति अपमानजनक शब्दों का प्रयोग करते हुए कहा कि अगर कांग्रेस पार्टी की सरकार बनेगी तब हिन्दू महिलाओं के लिए करवा चौथ का व्रत रखना मुश्किल होगा, करवा चौथ नहीं मना पाओंगे, नव रात्रि का उत्सव होता है, माँ दुर्गा की आराधना होती है लेकिन आराधना नहीं कर सकेंगे, दीपावली का त्यौहार भी नहीं मना सकेगें इसलिए कांग्रेस पार्टी को वोट न देते हुए भाजपा को ही मतदान करें।

कांग्रेस का आरोप है कि श्रीमती कृष्णा गौर द्वारा चुनावी प्रक्रिया के दौरान धर्म का प्रयोग करते हुए बहुसंख्यक वर्ग की महिलाओं को गुमराह करते हुए कांग्रेस पार्टी के खिलाफ जहर उगलते हुए अनर्गल आरोप लगाए है और धार्मिक उन्माद फैलाकर आमजनों की भावनाओं को ठेस पहुंचाने का काम किया है, चुनाव के दौरान उन्होंने धर्म का दुरूपयोग करते हुए कांग्रेस की छवि को धूमिल करने का प्रयास किया है जो कि सीधे सीधे आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन है। भोपाल गोविन्दपुरा विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी श्रीमती कृष्णा गौर द्वारा किए गए आदर्श आचार सहिता के उल्लंघन पर उनके खिलाफ प्रकरण दर्ज कर कार्यवाही की जाए।

## आचार समिति के सामने आज पेश होगी महुआ

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** पैसा लेकर सवाल पूछने के विवाद में उलझी तृणमूल कांग्रेस की लोकसभा सदस्य महुआ मोइत्रा ने बुधवार को कहा कि वह अपने खिलाफ आरोपों की जांच के लिए गुरुवार को संसद की आचार समिति के समक्ष उपस्थित होंगी लेकिन उन्होंने यह सवाल उठाया है कि क्या समिति आपराधिक प्रकृति के आरोपों की जांच कर सकती है। वह अपने खिलाफ शिकायत करने वाले वकील और हलफनामा देने वाले उद्यमी से जिरह करना चाहती हैं। सुश्री मोइत्रा ने आचार समिति के अध्यक्ष विनोद कुमार सोनकर को मंगलवार को प्रेषित पत्र को बुधवार को सोशल मीडिया पर जारी करते हुए लिखा कि चूंकि समिति ने उन्हें जारी समन को सार्वजनिक किया है, इसलिए वह समिति को लिखे अपने पत्र को सार्वजनिक कर रही हैं। उन्होंने लिखा है कि उनके खिलाफ शिकायत करने वाले वकील जय अनंत देहाद्रई और स्वत: हलफनामा दाखिल करने वाले कारोबारी दर्शन हीरानंदानी ने आरोपों के संबंध में दस्तावेजी साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किए हैं, इसलिये उन्हें देहाद्रई और हीरानंदानी के साथ जिरह करने की अनुमति दी जाए।

## शिकायतकर्ता ने कोई साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किए

सुश्री मोइत्रा ने कहा है कि शिकायतकर्ता देहाद्रई ने आरोपों के समर्थन में कोई दस्तावेजी साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किए हैं और उन्होंने मौखिक गवाही के समय भी कोई साक्ष्य नहीं दिया है। ऐसे में नैसर्गिक न्याय का सिद्धांत है कि उन्हें देहाद्रई से जिरह करने की अनुमति मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि वह उनके खिलाफ हलफनामा देने वाले हीरानंदानी के साथ भी जिरह करना चाहती हैं।

# बागियों को मनाने में जुटी कांग्रेस और भाजपा

**भोपाल, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश में नामांकन भरने की प्रक्रिया पूरी होने के साथ ही कांग्रेस और भाजपा को बागी नेताओं का रुख परेशान कर रहा है। ऐसा इसलिए क्योंकि दोनों ही दलों के कई नेताओं ने निर्दलीय अथवा छोटे दलों की ओर से बतौर उम्मीदवार नामांकन दाखिल किए हैं।राज्य में 17 नवंबर को होने वाले मतदान के लिए 30 अक्टूबर तक नामांकन भरे गए हैं। नामांकन भरने वालों की संख्या 3,832 है, इसमें बड़ी संख्या में कांग्रेस और भाजपा के ऐसे असंतुष्ट नेता भी शामिल हैं जो टिकट न मिलने के चलते बागी हो गए हैं और उन्होंने नामांकन भी दाखिल कर दिया है।

भाजपा और कांग्रेस दोनों ही दलों को इन बागियों के मैदान में होने के कारण चुनाव में बड़े नुकसान की आशंका सता रही है। नामांकन वापसी की तारीख 2 नवंबर है, लिहाजा दोनों ही दल इन बागियों से सीधे संपर्क कर रहे हैं और उन्हें मनाने में जुटे हुए हैं। भाजपा की ओर से तो केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने भी कई ऐसे नेताओं से दूरभाष पर बातचीत की है जो नाराज होकर नामांकन भर चुके हैं। सूत्रों का कहना है कि कई नेताओं ने दो नवंबर को नामांकन वापस लेने का भरोसा दिलाया है तो वहीं कई दीगर नेता अब भी चुनाव लड़ने की बात पर अड़ हुए हैं। भाजपा ने प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा, संगठन महामंत्री हितानंद, राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय सहित कई नेताओं को यह जिम्मेदारी सौंपी है कि वह असंतुष्टों को मनाएं। साथ ही भरोसा दिलाए कि सरकार बनते ही उन्हें महत्व दिया जाएगा।

दूसरी ओर कांग्रेस भी बागियों से परेशान है और पूर्व मुख्यमंत्री व पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ व पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ऐसे नाराज और असंतुष्टों से बातचीत कर रहे हैं जो नामांकन भर चुके हैं। पार्टी की ओर से नाराज लोगों को मनाने के लिए जहां संगठन में जिम्मेदारी सौंपी जा रही है तो दूसरी ओर कई नेताओं को आश्वासन दिया जा रहा है कि उनके सम्मान का पार्टी ख्याल रखेगी सत्ता में आने पर उन्हें बड़ी जिम्मेदारी सौंप जाएगी।

राहुल ने तेलंगाना में केसीआर पर साधा निशाना

# केसीआर सरकार भ्रष्टाचार में है लिप्त



**कोल्लापुर, एजेंसी।** तेलंगाना में विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस सक्रिय मोड में दिखाई दे रही है। कांग्रेस ने एक बार फिर बीआरएस सरकार पर निशाना साधा है। बीआरएस सरकार पर कांग्रेस ने जमकर आरोप लगाए हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने कहा कि बीआरएस सरकार बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार में लिप्त है। उन्होंने लोगों की आकांक्षाओं को धोखा दिया है।

राहुल गांधी मंगलवार को तेलंगाना के कोल्लापुर पहुंचे। यहां उन्होंने एक रैली को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि कालेश्वरम सिंचाई परियोजना एक विश्वासघात है। यह पैसा आपका और आपके भविष्य का है। मुख्यमंत्री ने तेलंगाना के गरीबों, किसानों, मजदूरों से एक लाख करोड़ रुपऐ चुराए हैं। बैराज के खंभे अब टूट रहे हैं। तेलंगाना में प्रत्येक परिवार को 2040 तक लगभग 31,000 रुपए का बोझ उठाना होगा। तेलंगाना के लोगों का पूरा पैसा केसीआर के परिवार के हाथों में जा रहा है।

गांधी ने आगे कहा कि अगर कांग्रेस इस बार सत्ता में आती है तो केसीआर द्वारा चुराया गया पैसा जनता वापस करेगी। तेलंगाना की जनता ने दोराला तेलंगाना नहीं बल्कि जनता के तेलंगाना का सपना देखा था। राज्य में इस बार कांग्रेस और बीआरएस के बीच मुकाबला नहीं है। बल्कि, असल मुकाबला दारोला तेलंगाना (सामंतों) और प्राजला तेलंगाना (जनता का तेलंगाना) के बीच है। कांग्रेस पार्टी सत्ता में आई तो जनता की अकांक्षाओं के लिए काम करेगी, जिसके लिए तेलंगाना का गठन किया गया था। तत्कालीन कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने लोगों की इच्छाओं का ख्याल और उनका सपना पूरा करवाया।

## भाजपा-ओवैसी पर भी साधा निशाना

राहुल गांधी ने कहा कि आज सभी विपक्षी मुख्यमंत्रियों के खिलाफ सीबीआई और ईडी जैसी एजेंसियों जांच कर रही हैं लेकिन केसीआर के खिलाफ कोई भी एजेंसी जांच नहीं कर रही। केसीआर ने जीएसटी और कृषि कानूनों सहित लोकसभा में भाजपा का समर्थन किया था। अगर आप बीजेपी और एआईएमआईएम को वोट देंगे तो मदद बीआरएस को मिलेगी।

## मिजोरम के लिए सोनिया ने जारी किया वीडियो

मिजोरम विधानसभा की 40 सीटों पर आगामी 7 नवंबर को चुनाव होने जा रहे हैं। राज्य की सत्तारूढ़ मिजो नेशनल फ्रंट पार्टी का जोरम पीपल्स मूवमेंट और कांग्रेस के साथ कड़ा मुकाबला है। यहां पर बीजेपी भी पूरे जोर शोर से मैदान में उतरी हुई है। इस बीच कांग्रेस ने संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी का एक विडियो जारी किया है, जिसमें वह मिजोरम की जनता से पार्टी के हक में वोट करने की अपील कर रही हैं।

## जम्मू-कश्मीर में एसआईए के दो साल पूरे

श्रीनगर, एजेंसी। जम्मू-कश्मीर पुलिस राज्य जांच एजेंसी (एसआईए) ने अपने अस्तित्व के दो साल पूरे किए और एजेंसी ने जम्मू-कश्मीर में 'शून्य आतंकवाद' हासिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जम्मू-कश्मीर में एक नवंबर, 2021 को गठित एसआईए को आतंकवाद से संबंधित मामलों की जांच और मुकदमा चलाने का काम सौंपा गया। साथ ही इसे राष्ट्रीय जांच एजेंसी और अन्य केंद्रीय एजेंसियां के साथ समन्वय के लिए नोडल एजेंसी के रूप में नामित किया गया। इन दो वर्षों में, एजेंसी ने 45 मामले दर्ज किए और आगे की जांच के लिए जम्मू-कश्मीर के अन्य थानों से 12 अतिरिक्त मामले अपने हाथ में ले लिए।

# आखिर विपक्षी नेताओं के फोन में किसकी दिलचस्पी : चिदंबरम

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** फोन की जासूसी मामले पर विपक्ष आक्रमक हो गया है। विपक्षियों ने केंद्र सरकार पर जमकर हमला बोला है। एपल मैसेज चेतावनी आने के बाद से ही विपक्ष ने सरकार पर तीखे सवाल दागे हैं। इसी दौरान पूर्व गृह मंत्री पी. चिदंबरम ने एक सरकारी एजेंसी की ओर इशारा करते हुए कहा यह फिलहाल संदेह है। चिदंबरम ने कहा कि इससे इनकार नहीं किया जा सकता है कि विपक्षी नेताओं को एपल के जरिए आए खतरे का मैसेज राज्य प्रायोजित प्रयासों के बारे में अलर्ट हो। उन्होंने गंभीर सवाल खड़े करते हुए कहा, यह मैसेज सिर्फ विपक्षी नेताओं को ही क्यों आए। आखिर विपक्षी नेताओं के फोन में किसकी दिलचस्पी है। उन्होंने कहा, पेगासस का मुद्दा अभी तक सुलझा नहीं, वहीं संदेह की उंगली सरकारी एजेंसी की ओर उठ रही है। बता दें कई विपक्षी नेताओं ने मंगलवार को दावा किया कि उन्हें एपल से एक अलर्ट मिला है, जिसमें उनके आईफोन से छेड़छाड़ करने की कोशिश करने और कथित हैकिंग की चेतावनी दी गई है। इस आरोप को आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने खारिज करते हुए कहा कि मामले की गहनता से जांच की जाएगी। एपल ने अपने आधिकारिक बयान में कहा कि राज्य-प्रायोजित हमलावर बहुत अच्छी तरह से फंडिंग वाले और ट्रेंड हैं और उनके अटैक के तरीके समय के साथ बदलते रहते हैं।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

**सरकार नहीं चला पाए....** और तबाह करने में कांग्रेस सरकार ने कोई कसर नहीं छोड़ी। उन्होंने कहा कि जब कमलनाथ मुख्यमंत्री थे तो हमेशा पैसों का रोना रोते थे। कहते थे मामा खजाना खाली कर गया, लेकिन भाइयो-बहनों जनता की सेवा के लिए मेरे पास पैसों की कोई कमी नहीं हैं। जहां चाह होती है वहां राह निकल ही आती है। श्री चौहान ने आरोप लगाया कि कमलनाथ और कांग्रेस की सरकार ने भाजपा की सारी योजनाएं बंद कर दी थी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में देश निरंतर विकास कर रहा है और डबल इंजन की सरकार में मध्यप्रदेश भी विकास पथ की ओर अग्रसर है। प्रदेश में भाजपा की सरकार फिर बनेगी और विकास को गति मिलेगी।

**नौजवानों का भविष्य सबसे....** ही अंधकार में रहा तो किस तरह से मध्य प्रदेश के भविष्य का निर्माण होगा। प्रदेश में 1 करोड़ नौजवान बेरोजगार हैं और युवाओं का भला सरकार की योजनाओं से हो सकता है, लेकिन अगर इन योजनाओं में 50 प्रतिशत कमीशन है तो नौजवानों का भला नहीं हो सकता है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि आज से केवल 12 दिन बचे हैं। इन 12 दिनों में आपको 24 घंटे काम करना है अपने भविष्य के लिए, प्रदेश के भविष्य के लिए। उन्होंने 15 महीने की सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए बताया कि 15 महीना में सागर जिले में 80500 किसानों सहित प्रदेश के 27 लाख किसानों का कर्ज माफ किया, हमने 1 हजार गौशाला बनवाई, हमने पेंशन बढ़ाने का काम किया। इस बार हमारी सरकार आते ही हम फिर से किसानों का कर्ज माफ करने का काम करेंगे।कमलनाथ ने कहा कि सरकार आने पर फिर से सौ यूनिट फ्री बिजली देने, कन्या विवाह की राशि को 1 लाख 1 हजार करने, 26 सौ रुपये गेहूं और 25 सौ रुपये धान का समर्थन मूल्य देंगे, जिसको बढ़ाकर 3 हजार तक ले जाने का काम हमारी सरकार करने वाली है। प्रदेश में हम बेरोजगारों को 15 सौ रुपये से लेकर 3 हजार रुपये तक की आर्थिक सहायता प्रत्येक महीने करने का काम करेंगे।

**भ्रष्टाचारियों के खिलाफ कार्रवाई....** पड़ेगा। यह मोदी की गारंटी है कि एक भी बचने वाला नही है। भष्टाचारियों पर कार्रवाई के लिए आपने मुझे सत्ता में बिठाया है। यह काम मैं रोकने वाला नही हूं, भले ही लाखो गाली मिले या फिर कोई कुछ कर ले।

**केसीआर ने जनता का पैसा....** हर महीने 4000 रुपए का फायदा होगा। इससे पहले बुधवार को भी राहुल ने मुख्यमंत्री केसीआर पर हमला बोला था। कलवाकुर्थी में जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेता ने कहा कि मैं नरेंद्र मोदी नहीं हूं। जब वादा करता हूं तो उसे पूरा करके दिखाता हूं।

**खड़गे, राहुल, प्रियंका सहित....** पदयात्रा करेंगे। 10 नवंबर को वे सतना में रैली को संबोधित करेंगे। दिपावली के अगले दिन 13 नवंबर को श्री गांधी टिमरनी और उदयपुरा में रैली के बाद शाम को भोपाल में पदयात्रा करेंगे। श्री गांधी 14 नवंबर को विदिशा और राजनगर में रैली को संबोधित करेंगे। 15 नवंबर को श्रीमती वाड्रा दतिया में और इसी दिन श्री खड़गे आमला में रैली को संबोधित करेंगे। कांग्रेस प्रवक्ता ने बताया कि पार्टी नेता सुरेश पचौरी, अजय सिंह राहुल, कांतिलाल भूरिया, अरुण यादव, सज्जन सिंह वर्मा, श्रीमती विजयलक्ष्मी साधो, जीतू पटवारी, कमलेश्वर पटेल, उमंग सिंगार, ओंकार मारकम भी विधान सभा क्षेत्रों में जनसंपर्क और रैली करेंगे।

**रामलीला मैदान में तीसरी....** किए गए हैं। अब इस कड़ी में तीन नवंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में रैली आयोजित की जाएगी। रैली की मुख्य मांगों में पीएफआरडीए एक्ट में संशोधन करना या उसे पूरी तरह खत्म करना, शामिल है। जब तक इस एक्ट को खत्म नहीं किया जाता, तब तक विभिन्न राज्यों में लागू हो रही ओपीएस की राह मुश्किल ही बनी रहेगी। वजह, एनपीएस के तहत कर्मियों का जो पैसा कटता है, वह पीएफआरडीए के पास जमा है। केंद्र सरकार कह चुकी है कि वह पैसा राज्यों को नहीं लौटाया जाएगा। ऐसे में जहां भी ओपीएस लागू हो रहा है, वहां पर सरकार बदलते ही दोबारा से एनपीएस लागू हो जाए, इस बाबत कुछ कहा नहीं जा सकता। ऐसे में राज्यों द्वारा की जा रही ओपीएस बहाली में कई पेंच फंसे रहेंगे।


**कार्यालय संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल संभाग, सागर**

क्रमांक 2316/स.अ./ आवंटन/ सागर/2023 दिनांक 02.11.2023

**भवन भूखण्ड हस्तान्तरण/नामांतरण हेतु सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मण्डल कॉलोनी पं. दीनदयाल नगर सागर में स्थित भवन क्रमांक सीनियर एलआईजी 68 मंडल द्वारा श्रीमती ललिता ठाकुर पति श्री उमेश ठाकुर को आवंटित किया गया था। श्रीमती ललिता ठाकुर की मृत्यु उपरांत उक्त भवन का नामांतरण सुश्री अंजु झा पिता श्री उमेश ठाकुर के नाम से किया गया। जिसका विक्रय विलेख मंडल द्वारा 23.03.2010 को निष्पादित कराया गया। सुश्री अंजु झा पिता श्री उमेश ठाकुर द्वारा उक्त भवन विक्रय विलेख निष्पादित दिनांक 07.11.2017 के माध्यम से श्री हरिशंकर कौशिक एवं श्री रामप्रकाश कौशिक पिता श्री काशीराम कौशिक को विक्रय किया। श्री हरिशंकर कौशिक एवं श्री रामप्रकाश कौशिक पिता श्री काशीराम कौशिक द्वारा उक्त भवन विक्रय विलेख निष्पादित दिनांक 29.08.2023 के माध्यम से श्री रामकृपाल पाण्डेय पिता श्री प्रेमनारायण पाण्डेय को विक्रय किया। श्री रामकृपाल पाण्डेय पिता श्री प्रेमनारायण पाण्डेय द्वारा उक्त भूखण्ड/भवन स्वयं के नाम से नामांतरित/हस्तांतरित कराने हेतु आवेदन/दस्तावेज/ शपथ पत्र इस कार्यालय में प्रस्तुत किये गये है। यदि किसी व्यक्ति को संस्था या हित रखने वाले वैध व्यक्ति को हस्तांतरण/नामांतरण बावत आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशन होने से 15 दिवस के अंदर लिखित में वैध आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि के पश्चात हस्तांतरण/नामांतरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। जिस पर किसी का कोई दावा मान्य नहीं होगा।

**सम्पत्ति अधिकारी**

**म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल संभाग, सागर**

### एक परिवार-एक रोजगार का किया वादा, भाजपा प्रत्याशी राकेश गिरी के लिए मांगे वोट

# शिवराज बोले- लाडली बहनों की आय करेंगे दस हजार




**टीकमगढ़, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान गुरुवार को करीब ढाई घंटे की देरी से टीकमगढ़ पहुंचे। जनसभा में उन्होंने बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि प्रदेश में सरकार बनी तो (एक परिवार एक रोजगार) की दिशा में काम होगा। प्रत्येक परिवार के एक व्यक्ति को नौकरी या स्वरोजगार से जोड़ा जाएगा। देरी के कारण सीएम ने टीकमगढ़ में रोड शो का कार्यक्रम कैंसिल कर दिया।

दरअसलए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को आज सुबह 12.35 बजे पहुंचना थाए लेकिन वह करीब 3 बजे सभा स्थल पर पहुंचे। मंच पर पहुंचकर मुख्यमंत्री ने सीधे अपना भाषण शुरू कर दिया। उन्होंने पूर्व सीएम कमलनाथ पर निशाना साधते हुए कहा कि 15 महीने की कांग्रेस सरकार ने भाजपा की जन कल्याणकारी योजनाएं बंद कर दी थी। इसी पाप के चलते कमलनाथ की सरकार गिर गई। उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद महिलाओं से कहा कि लाडली बहना योजना के माध्यम से दी जा रही राशि बढ़ाकर 3000 की जाएगी। कांग्रेस ने 60 सालों में सिंचाई योजनाओं पर ध्यान नहीं दिया। भाजपा ने टीकमगढ़ जिले में बान सुजारा बांध बनाया। आगे केन बेतवा लिंक परियोजना से समूचे बुंदेलखंड के किसान खुशहाल होंगे। मुख्यमंत्री ने केन बेतवा लिंक परियोजना के लिए मंच पर मौजूद केंद्रीय मंत्री डॉ वीरेंद्र कुमार की तारीफकी। अंत में भाजपा प्रत्याशी राकेश गिरी को जिताने के लिए लोगों से अपील की।

## देरी के कारण रोड शो किया कैंसिल

सीएम शिवराज सिंह करीब ढाई घंटे की देरी से पहुंचे थे। करीब आधा घंटे तक उन्होंने मंच पर भाषण दिया। इसके बाद उन्हें मोहनगढ़ और नौगांव जाना था। देरी के चलते सीएम ने टीकमगढ़ के मुख्य बाजार में होने वाले रोड शो कार्यक्रम को कैंसिल कर दिया। जनसभा के बाद वे सीधे हेलीपैड के लिए रवाना हो गए।

### आदर्श आचार संहिता की उड़ी धज्जियां

# पेट्रोलपंप पर सैकड़ों बाइकों में डलवाया गया पेट्रोल, भाजपा कार्यालय पर बांटे गए खाने के पैकेट




**टीकमगढ़, देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव 2023 को लेकर गुरूवार को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की चुनावी सभा पृथ्वीपुर विधानसभा क्षेत्र के मोहनगढ़ में आयोजित की गई। इस चुनावी सभा में भीढ़ जुटाने के लिए पृथ्वीपुर विधायक डॉ शिशुपाल यादव के भाई पार सिंह यादव की मौजूदगी में भाजपा मंडल दिगौड़ा के दोनों महामंत्रियों सहित मंडल के अन्य पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के द्वारा दिगौड़ा में स्थित श्री रावतपुरा पेट्रोलपंप पर क्षेत्र से आए लोगों को उनकी बाइक में पेट्रोल डालने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को 200 रुपये की रसीद दी गई। यह पेट्रोल की पर्ची दोपहर 12 बजे से वितरित की गई। जैसे ही यह खबर लोगों को लगी तो वह भाजपा कार्यालय से अपनी बाइकों में झंडे लगाकर पेट्रोलपंप पर पहुंच गए। वहां पर पहुंचने के बाद विधायक के भाई की उपस्थिति में मंडल के पदाधिकारियों द्वारा सैकड़ों व्यक्तियों को 200रु की पर्ची दी गई। लोगों ने वह पर्ची पेट्रोलपंप पर देकर अपनी बाइकों में पेट्रोल डलवाकर भाजपा कार्यालय से खाने के पैकिट लेकर मुख्यमंत्री की सभा में शामिल होने के लिए मोहनगड़ के लिए निकल गए। वहीं दिगौड़ा के एक वरिष्ठ भाजपा नेता द्वारा बताया गया कि मोहनगढ़ में मुख्यमंत्री की चुनावी सभा मे शामिल होने के लिए विधायक डॉ शिशुपाल यादव की तरफ से प्रत्येक मोटरसाइकिल में 200रु का पेट्रोल डलवाया जा रहा है।

## पेट्रोल की पर्ची नहीं मिली तो हो गए नाराज

दिगौड़ा में मोहनगढ़ जाने के लिए पेट्रोल की पर्ची की खबर मिलते ही सैकड़ो लोग अपनी बाइक लेकर पेट्रोल पंप पर पहुंचे, लेकिन वहां पर लोगों की अधिक संख्या होने के कारण कई लोगों को पेट्रोल डालने की पर्ची नहीं मिल पाई, जिस कारण वह नाराज हो गए। उन लोगों ने मंडल के लोगों व पर्ची बांटने वाले लोगों पर आरोप लगाए कि इन लोगों ने यह पेट्रोल की पर्चियां अपने-अपने जान पहचान वालों को वितरित कर दीं। हम लोगों को नहीं दी है। जिससे हम लोग अब वापिस अपने घर जा रहे हैं।

# जतारा के प्रेक्षक ने स्टेडिंग कमेटी बैठक की



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** विधानसभा निर्वाचन 2023 हेतु विधानसभा क्षेत्र-44 जतारा के लिये नियुक्त सामान्य प्रेक्षक रायनिहतिलांग रापथाप ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में स्टेडिंग कमेटी की बैठक ली। बैठक में जतारा विधानसभा क्षेत्र के अभ्यर्थी शामिल हुये। बैठक में नाम निर्देशन के पष्चात अभ्यर्थियों को निवार्चन से संबंधित सभी बिन्दुओं की जानकारी दी। जिसमें अभ्यर्थियों द्वारा व्यय लेखा की जानकारी, विभिन्न प्रकार की अनुमतियों सहित अन्य जानकारियां दी गई। इस अवसर पर रिटर्निंग अधिकारी जतारा लोकेन्द्र सिंह सरल सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## महाविद्यालय के छात्र एवं छात्राओं ने मतदाताओं को किया जागरूक

**पलेरा, देशबन्धु।** ईएलसी क्लब शासकीय महाविद्यालय पलेरा द्वारा गोद ग्राम हनोता में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। बीते गुरुवार के दिन मौके पर पहुंचे छात्राओं ने मतदाताओं के घर-घर जाकर मतदान करने हेतु जागरूक किया। छात्र एवं छात्राओं के द्वारा ग्रामवासियों को अपने मत का प्रयोग करने हेतु किसी भी प्रकार के लालच में न आने की समझाइश दी गई। शासकीय महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रत्येक नागरिक को ब्अपहपस ंचच डाउनलोड एवं प्रयोग करने की सलाह दी गई। मतदाताओं को बताया गया कि इस ऐप के माध्यम से गोपनीयता के साथ भारत निर्वाचन आयोग को सीधे शिकायत की जा सकती है। उक्त मतदाता जागरूकता अभियान प्रभारी डॉक्टर बलराम अग्निहोत्री एवं प्राचार्य डॉक्टर एमएल प्रजापति नेतृत्व में चलाया गया। इस मौके पर अनिरुद्ध प्रताप सिंह, गौरव कृष्ण तिवारी, अभिषेक यादव, चारू यादव, सक्षम अर्जरिया, शीतल राय, शिवानी यादव, वर्षा त्रिपाठी, अनिकेत तिवारी ने अपनी सक्रिय सहभागिता निभाई।

# खरगापुर से आप प्रत्याशी सोनी का जनसंपर्क जारी



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** खरगापुर विधानसभा की आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी प्यारेलाल सोनी को मिल रहा है। जनता का भारी समर्थन आम आदमी पार्टी से प्रत्याशी प्यारेलाल सोनी अपना नामांकन पत्र भरने के बाद जब अपनी जनता जनार्दन के बीच पहुंचे और उन्होंने आम आदमी पार्टी के चुनाव चिन्ह झाड़ू पर मोहर लगनी की लोगों से अपील की है, प्यारे लाल सोनी का कहना है कि अगर मध्य प्रदेश में आम आदमी पार्टी की सरकार बनती है तो किसी भी विधानसभा में कोई भी दलाल नहीं रहेगा। आपके काम सीधे दिए जाएंगे जो अभी तक लोगों को कमीशन देकर अपने कार्य करवाना पड़ रहा है और कई पैसा देने बाद भी काम नहीं हो नहीं पाते झरिया हो या सरिया मकान हो जमीन हो बालू हो हर जगह बीजेपी के दलाल पैदा हो गए हैं। जो इस मध्य प्रदेश के लोगों के लिए नासूर बन गए हैं हमें इस भाजपा जैसी निकम्मी सरकार को उखाड़ फेंकना चाहिए भाजपा सरकार पर जमकर बरसे प्यारेलाल सोनी उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार और कांग्रेस की सरकार जब भी मध्य प्रदेश में रही तब तक भ्रष्टाचार मध्य प्रदेश में बड़ा है। उन्होंने कहा है कि मैं अभी तक मैंने खरगापुर विधानसभा से पहली बार मैंने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ा था। जिसमें भी हमें जनता का बहुत आशीर्वाद प्राप्त हुआ दूसरा चुनाव में समाजवादी पार्टी से प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ा उसमें भी मुझे जनता का आशीर्वाद प्राप्त हुआ और अब यह मेरा तीसरा चुनाव आम आदमी पार्टी से चुनाव चिन्ह झाड़ू से प्रत्याशी हूं मुझे इस बार भी जनता का अपार आशीर्वाद मिलेगा आम आदमी पार्टी प्रत्याशी प्यारेलाल सोनी का कहना है कि अब जो हम अपनी बहन बेटियों का कन्यादान करेंगे। उसमें हर एक बहन बेटी को एक मोटरसाइकिल और एक फ्रेश दिया जाएगा। बाकी जो सामान दिया जाता है वह सभी दिया जाएगा जिस कारण हमारी बहन बेटी के घर में किसी भी चीज की जरूरत ना पड़े दिल्ली और पंजाब की तरह इस बार मध्य प्रदेश से भाजपा का सुपड़ा साफ होगा और आम आदमी पार्टी की सरकार बनेगी हमें अगर अपने मध्य प्रदेश में खुशहाली लाना है तो आम आदमी पार्टी को लाना जरूरी है। हमारे मध्य प्रदेश को भाजपा ने एक बीमारू राज्य कर दिया है जिसमें स्वास्थ्य सेवाएं बिल्कुल ठप्प है शिक्षा बिल्कुल ठप्प पड़ी है। स्कूल है तो स्कूल में शिक्षक नहीं है अस्पतालों में डॉक्टर नहीं है किसानों को सही दामों पर उनको खाद नहीं मिल रहा है बहन बेटी हमारी मध्य प्रदेश में अभी सुरक्षित नहीं है। अगर हम अपने मध्य प्रदेश में खुशहाली लाना चाहते हैं तो आप सभी लोगों को आशीर्वाद बहुत जरूरी है और आप लोग आम आदमी पार्टी की झाड़ू का बटन दबाए और मध्य प्रदेश में खुशहाली लाएं।

## स्थापना दिवस के अवसर पर विद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** जिले के दिगौड़ा कस्बे में स्थित निकहत विद्यालय में गुरूवार को स्थापना दिवस के मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के छात्रों सहित शिक्षकों ने भाग लिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के पश्चात विद्यालय में समस्त छात्रों के लिए भोजन की व्यवस्था की गई। विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने बताया कि मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर आज निकहत विद्यालय दिगौड़ा में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कस्बे के गणमान्य नागरिक, विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र एवं शिक्षकों के द्वारा भाग लिया गया। इस कार्यक्रम के पश्चात विद्यालय में पढ़ने वाले समस्त छात्रों एवं गणमान्य नागरिकों को भोजन की व्यवस्था की गई। विद्यालय में भोजन की व्यवस्था होने से पढ़ने वाले छात्र बहुत ही खुश दिखाई दिए।

# कनेरा पुलिस ने 3 लाख 29 हजार से ज्यादा की नगदी को किया जप्त



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** वर्तमान में चल रही विधानसभा चुनाव-2023 आचार संहिता के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम के द्वारा सभी थाना प्रभारियो को अपने-अपने थाना क्षेत्रों में सघन चेकिंग कर अवैध गतिविधियो की रोकथाम हेतु निर्देशित किया गया है। इसी तारतम्य में बुधवार रात को एसडीओपी जतारा अभिषेक गौतम के दिशा निर्देशन में चौकी कनेरा नाका पुलिस और एफ एसटी टीम द्वारा कनेरा नाका चेकिंग पॉइंट पर चेकिंग की जा रही थी। चेकिंग के दौरान एक पिकअप गाड़ी एमपी36जी0918 को रोककर चैक किया गया। जिसमें रजनीश पिता जगदीश प्रसाद यादव निवासी करमोरा जिला टीकमगढ़ के कब्जे से कुल 1 लाख 83 हजार और निर्पत पिता चंदू लोधी नि ग्राम बनेरा थाना बल्देवगढ़ के कब्जे से कुल 1 लाख 46 हजार 500 रूपये कुल रूपये 3 लाख 2 हजार 500 रूपये संदेहात्मक रुप में रखे हुये पाये जाने से एफएसटी टीम को बुलाकर जप्त कर वैधानिक कार्रवाई की गई। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी बम्होरी कला नीतेश जैन, चौकी प्रभारी कनेरा उप निरीक्षक आकाश रूसिया, प्रधान आरक्षक नरेंद्र, प्रधान आरक्षक मुईन एवं एफएसटी प्रभारी राजेश विक्रम सिंह ब एफएसटी टीम की सराहनीय भूमिका रही।

## व्यय प्रेक्षक ने चैक पोस्टों का किया आकस्मिक निरीक्षण

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा टीकमगढ़ जिले के लिये नियुक्त व्यय प्रेक्षक शिवप्रसाद एस द्वारा गुरूवार को बानपुर, मऊघाट तथा ककरवाहा चैक पोस्ट का निरीक्षण किया तथा आवष्यक निर्देश दिये। इसके साथ ही व्यय प्रेक्षक शिवप्रसाद एस ने विभिन्न मतदान केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने आयोग द्वारा निर्धारित मतदाता सुविधाओं का अवलोकन किया तथा मतदान केंद्र की व्यवस्था के संबंध में संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। भ्रमण के दौरान लाइजनिंग आफीसर आरके श्रीवास्तव तथा सेक्टर आफीसर एवं बीएलओ उपस्थित रहे।

### पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती के रिश्तेदार कांग्रेस में हुए शामिल

# दुष्यंत लोधी ने दिग्विजय के हाथों ली सदस्यता



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती के रिश्तेदार और अखिल भारतीय लोधी क्षत्रिय महासभा के प्रदेश महामंत्री दुष्यंत सिंह लोधी ने गुरुवार को कांग्रेस ज्वाइन कर ली। उन्होंने भोपाल पहुंचकर पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के बंगले पर कांग्रेस की सदस्यता ली। कांग्रेस ज्वाइन करने के बाद दुष्यंत लोधी ने भाजपा पर लोधी समाज की उपेक्षा के आरोप लगाए हैं। हालांकि वे टीकमगढ़ से भाजपा से टिकट की दावेदारी कर रहे थे। दुष्यंत सिंह लोधी उमा भारती की सगी बड़ी बहन के नाती है। करीब 5 साल पहले वह बल्देवगढ़ ब्लॉक से जनपद सदस्य का चुनाव जीते थे। जनपद अध्यक्ष बनने के लिए उन्होंने काफी प्रयास किया, लेकिन एक वोट से वे अध्यक्ष नहीं बन सके थे। इस बार उन्होंने जिला पंचायत सदस्य का चुनाव लड़ा था, लेकिन हार गए। वर्तमान में दुष्यंत लोधी अखिल भारतीय लोधी क्षत्रिय महासभा के प्रदेश महामंत्री और राजपूत लोधी सेना के बुंदेलखंड प्रभारी हैं। गुरूवार को उन्होंने अपने समर्थकों के साथ भोपाल पहुंचकर पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह के बंगले पर कांग्रेस की सदस्यता ले ली। दुष्यंत लोधी के कांग्रेस में शामिल हो जाने से टीकमगढ़ और खरगापुर विधानसभा में भाजपा प्रत्याशियों को नुकसान हो सकता है।

## टिकट नहीं मिलने से नाराज दिखे दुष्यंत

कांग्रेस ज्वाइन करने के बाद दुष्यंत लोधी ने बताया कि उन्होंने टीकमगढ़ विधानसभा से भाजपा से टिकट की मांग की थी। लेकिन पार्टी ने टिकट नहीं दिया। उन्होंने भाजपा पर लोधी समाज की अपेक्षा के आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशियों के समर्थन में गांव-गांव प्रचार करेंगे।

# खाद्य विभाग की लापरवाही के चलते लोगों की सेहत से हो रहा खिलवाड़



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव के साथ दीपावली त्योहार नजदीक आ गया है। मिठाइयों की खपत भी दुकानों से अधिक होने लगी है, लेकिन शुद्धता की परख नहीं हो पा ही है। इस प्रकार की लापरवाही खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा की जा रही है। इससे आमजनों की सेहत पर बुरा असर पड़ रहा है। जिन जांचों के आंकड़े एक महीने में होने चाहिए, वह आंकड़े जनवरी से अब तक बताए जा रहे है। टीकमगढ़, छतरपुर, दमोह, उप्र के मऊरानीपुर, ललितपुर, महरौनी, बानपुर क्षेत्र के हजारों लीटर दूध शहर में आ रहा है। नकली और असली खोया जबलपुर, ग्वालियर, झांसी, कानपुर, भोपाल के साथ अन्य शहरों से सुबह बसों के माध्यम से आ रहा है। उस सामग्री से महीनों पहले मिठाईयां बनाने की शुरूआत हो जाती है। फिर उन्हें फ्रेजर में सुरक्षित रख दिया जाता है। लेकिन उन स्थानों पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी नहीं पहुंच पा रही है। शहर के साथ जिले में खुली दूध डेयरियों पर कितना मिलावटी का कार्य चल रहा है। जहां तक पहुंचने में जिम्मेदार परहेज कर रहे है।

## 222 में से 88 सैंपल हुए फैल

खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा मिठाइयों की दुकानों से मिठाइयों के सैंपल लिए थे। 222 सैंपलों को भोपाल प्रयोग शाला में जांच के लिए भेजे गए थे। उनमें से 88 सैंपल फैल हो गए है। 18 मामले एडीएम कोर्ट में चल रहे है। जिनका निर्णण होना बाकी है।

## सड़क किनारे रखी मिठाइयों की हालात खराब

मुख्य सडक किनारे नास्ता और मिठाइयां बनाई जा रही है। उनकी सुरक्षा के लिए भी कुछ नहीं है। उसमें डस्ट और विभिन्न प्रकार के कण प्रवेश कर जाते है। वहीं सामग्री आमजनों को विक्रय हो जाती है। जिससे वह बीमार पड़ जाता है। यहां तब सबसे हालाब खराब मिठाइयों की अस्पताल चौराहा और लुकमान चौराहा की है। जहां पर सप्ताह से अधिक समय की मिठाइयों को काउंटरों पर मिठाइयों को ताजा बताकर बेचा जा रहा है।

## इन स्थानों पर मिठाइयों की दुकानें

जिले के कुण्डेश्वर, बगाज माता, बड़ागांव धसान, समर्रा, पठा, बुडेरा, विंध्यवासिनी, धजरई, बल्देवगढ़, खरगापुर, पलेरा, जतारा, मवई, लिधौरा, दिगौड़ा के साथ दर्जनों स्थानों पर मिठाइयों की सैंकड़ों दुकानें संचालित हो रही है, लेकिन जांच के नाम पर इतिश्री की जा रही है।

## खराब मिठाइयों का शरीर पर पड़ता है बुरा असर

जिला अस्साल में पदस्थ शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ पीएल विश्वकर्मा ने बताया कि मिलावट मिठाइयों के सेवन करने से शरीर पर बुरा असर पड़ता है। उल्टी दस्त के साथ हदय पर असर पड़ता है। घर की बनाई हुई मिठाइयों को खाए। बाहर की मिठाइयों को लेने से परहेज करें।

## इनका कहना

जिले की मिठाई दुकानों से मिठाइयों की सैंपल लिए जा रहे है। वह सैंपल भोपाल प्रयोग शाला में जांच के लिए भेजे जा रहे है। उसमें से 88 सैंपल फैल हो गए है। कुण्डेश्वर में मिठाईयों की दुकानों से सैंपल लिए जा रहे है।

**मनीष जैन,** खाद्य सुरक्षा अधिकारी, टीकमगढ़

## अजय टंडन फिर एक वार फिर सुर्खियों में

# आप पार्टी प्रत्याशी चाहत पाण्डे के विरुद्ध दिया बड़बोला बयान

**दमोह देशबन्धु।** धीर गंभीर बीजेपी प्रत्याशी और दमोह से भाजपा प्रत्याशी पूर्व वित्तमंत्री जयंत मलैया के विरुद्ध दमोह के निवर्तमान विधायक और कांग्रेस से विधानसभा प्रत्याशी अजय टंडन अपने बड़बोलापन और तुनकमिजाजी के कारण एक वार फिर सुर्खियों में हैं। इस बार कांग्रेस प्रत्याशी अजय टंडन के सुर्खियों में आने की वजह आप पार्टी से प्रत्याशी चाहत पाण्डे के ऊपर किया गया कमेंट है जिसमें वह चाहत पाण्डे को दमोह की कुलियों में घुसेडने पर भूल-भुलैया में खो जाने का दावा कर रहे हैं। हाल ही में कांग्रेस प्रत्याशी अजय टंडन से मीडिया ने पूछा कि आम आदमी पार्टी ने चाहत पांडे को मैदान में उतारा है। इस पर बडबोले अजय टंडन ने कहा कि वह टीवी स्टार हैं। दमोह दमदारों का शहर है यदि उन्हें शहर की किसी कुलिया में घुसेड़ देंगे न, तो बाहर निकलते नहीं बनेगा, मतलब रास्ता खोजना पड़ेगा कि रास्ता कहां है? दमोह भूलभुलैया है। यहां टीवी स्टारों की जरूरत नहीं है। यहां काम करने वालों की जरूरत है।

इस बयान पर चाहत पांडे ने कहा कि मैंने छोटी उम्र से नाम कमाया है। मुझे अपना नाम बताने की जरूरत नहीं पड़ती। दमोह की गलियों में लोग मुझे मेरे किरदार से, मेरे नाम से, मेरे काम से पहचानते हैं।

उन्हें बोलने के पहले थोड़ा सोचना चाहिए कि वह क्या बोल रहे हैं। आप दमोह की गलियों में घुसेड देने की बात कर रहे हैं, जबकि दमोह मेरी जन्मभूमि है, मेरी परवरिश यहीं हुई है। मैं यहां पर खेली हूं, टंडन जी आप बोलने से पहले जरा सोच समझकर बोलें। लड़की को इतना कमजोर मत समझें। आपने सिर्फ मेरी इंसल्ट नहीं की, आपने ताल ठोक के बोला है। आपने मेरे बारे में जो कहा उससे आपके अहंकार का पता चल रहा है।

### पहले भी कांग्रेस पदाधिकारी को दी गालियां बनी थी सुर्खियां

ज्ञात हो कि सागर जिला कांग्रेस संगठन की एक बैठक 28 मार्च 2022 को 2018 तथा पिछले चुनावों में हार की समीक्षा हेतु चल रही थी जिसमें दमोह विधायक एवं सागर जिले के प्रभारी अजय टंडन व एआईसीसी से संजय कपूर अध्यक्षता कर रहे थे। तभी हार की समीक्षा के दौरान रहली विधानसभा क्षेत्र के लोगों ने जब हर चुनाव में कांग्रेस की हार के कारण गिनाए तो अजय टंडन ने कहा कि गड़े मुर्दे मत उखाड़ो, सच बात तो यह है कि पंडित गोपाल भार्गव को चुनाव में हराना असंभव है और अपनी छाती ठोक-ठोक कर कहने लगे कि प्रत्याशी में दम होनी चाहिए जैसे मैं अपनी दम पर ही चुनाव जीता हूँ। कुछ लोगों द्वारा जब कार्यकताओं की महत्ता पर बात की गयी तो अजय टंडन विधायक आग बबूला हो गये और गंदी गंदी मां की गालियों की बौछार शुरू कर दी और कार्यकर्ता को मारने के लिए कुर्सी पर से उठ खड़े हुए थे। जहां एक ओर भाजपा महिला वोटरों की संख्या और अहमियत को समझते हुए योजनाओं पर योजनाएं लायी वहीं कांग्रेस प्रत्याशी द्वारा पहले पार्टी पदाधिकारियों और अव महिला प्रत्याशी के विरुद्ध इस तरह का बयान कहीं कांग्रेस को भारी ना पड जाये।

## 5 अपराधियों पर की प्रतिबंधात्मक कार्यवाई

दमोह देशबन्धु। जिला मजिस्ट्रेट मयंक अग्रवाल ने आपराधिक गतिविधियों पर तत्काल प्रभाव से नियंत्रण करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक सुनील तिवारी के प्रतिवेदन पर म.प्र. राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत 05 अपराधियों पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की है। उन्होंने थाना नोहटा के अनावेदक जगदीश सींग लोधी पिता साहब सींग लोधी निवासी ग्राम बहेरिया, थाना बटियागढ़ के अनावेदक मंगना ऊर्फशेरा खान पिता जहूर खान निवासी ग्राम फुटेराकलां, थाना पथरिया के अनावेदक महेन्द्र सिंह पिता गुमान सिंह लोधी निवासी ग्राम किन्द्रहो, थाना तेजगढ़ के अनावेदक गुड्डू ऊर्फप्रहलाद पिता लल्लू सींग लोधी निवासी ग्राम पतलोनी तथा थाना दमोह देहात के अनावेदक मोनू ऊर्फसुशील पिता मुन्ना ऊर्फ राम अवतार मिश्रा निवासी ग्राम नरसिंहगढ़ को आगामी 03 माह अर्थात 90 दिवस की कालावधि तक के लिये दिये गये निर्देशों का पालन करने हेतु पाबंद किया है। जारी प्रतिबंधात्मक आदेशानुसार अनावेदक जगदीश सींग लोधी को अनुविभागीय मजिस्ट्रेट (एसडीएम) तेन्दूखेड़ा के न्यायालय में एवं अन्य अनावेदकों को संबंधित थानों के थाना प्रभारी के समक्ष 12 बजे से 01 बजे के मध्य अपनी उपस्थिति दर्ज करायेंगे तथा सामान्य नागरिक की भांति नेक चाल चलन बनाकर रखेगा। इन निर्देशों का उल्लंघन करने पर अधिनियम की धारा 14 के तहत कार्यवाही की जायेगी।

# पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट से मौत का आंकडा 5 तक पहुंचा

**दमोह देशबन्धु।** जिला मुख्यालय के बडे पुल क्षेत्र के समीप जिस अवैध पटाखा बनाने वाली फैक्ट्री में विस्फोट से घटना के दिन जहां फैक्ट्री संचालक छुट्टन गुप्ता सहित दो और महिला कर्मचारी की मौत हो गयी थी वहीं 11 मजदूर घायल हो गये थे जिनमें से चार मजदूरों को जिला अस्पताल से जबलपुर रेफर किया गया था जबकि अन्य घायलों का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है।

रेफर हुई चार महिलाओं में रामकली की विगत दिवस बुधवार को मौत की सूचना प्राप्त हुई दी वहीं बुधवार-गुरुवार की रात्रि को भी एक और वुरी खवर सुनाई दी कि करीब 1:40 बजे परिजनों के बताए अनुसार विनीता राजपूत उम्र 55 वर्ष निवासी मारुताल की भी दुखद मौत हो गयी है। शव का पंचनामा और पोस्टमार्टम कार्रवाई जबलपुर में पुलिस द्वारा की गयी है।

## दुष्कर्म के आरोपी को महत्व 24 घंटे में पुलिस ने किया गिरफ्तार

**दमोह देशबन्धु।** थाना अंतर्गत सिंग्रामपुर चौकी के एक ग्राम में 2 दिन पूर्व एक नाबालिक के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया था। जिसकी शिकायत जबेरा थाने में दर्ज की गई थी। पुलिस के द्वारा सक्रियता दिखाते हुए महज 24 घंटे के अंदर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा। थाना प्रभारी विजय अहिरवार ने जानकारी देते हुए बताया कि सिंग्रामपुर चौकी एक ग्राम में ग्राम के ही कुछ लोगों में विवाद चल रहा था। जिस पर दूसरे परिवार की 11 वर्षीय मासूम को जानवर का कहकर



18 वर्षीय राहुल नाम का युवक गलत करने के उद्देश्य से ले गया था। व उसके साथ दुष्कर्म किया जिसकी शिकायत परिवारजन द्वारा जबेरा थाने में दर्ज कराई। जिस पर थाना प्रभारी विजय अहिरवार व चौकी प्रभारी आलोक तिरपुड़े द्वारा युवक को खोजने का प्रयास किया परंतु युवक फरार हो गया था ।पुलिस के द्वारा मुखबिर की सूचना से महज 24 घंटे के अंदर युवक को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। पुलिस के द्वारा आरोपी युवक के खिलाफ आईपीसी की धारा 341, 376, 376एबी,506 पास्को एक्ट, ब एससीएसटी एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध कर आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत किया व न्यायालय के द्वारा उसे जेल भेजा गया। उक्त कार्रवाही में थाना प्रभारी विजय अहिरवार, चौकी प्रभारी आलोक तिरपुड़े, एएसआई रवि डिम्हा, प्रधान आरक्षक रणधीर, संतोष खरे,रणमत सिंह, आरक्षक राममनोहर, वीरेंद्र सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# मतदाता जागरूकता के लिये रन फॉर डेमोक्रेसी का हुआ आयोजन



**दमोह देशबन्धु।** विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत मतदाता जागरूकता हेतु जे. पी. बी .स्कूल दमोह से खेल एवं युवा कल्याण विभाग एवं नेहरू युवा केंद्र के द्वारा रन फॉर डेमोक्रेसी का आयोजन स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत किया गया। यह रन जेपीबी स्कूल से होकर कीर्ति स्तंभ, अंबेडकर तिराहा होते हुए घंटाघर से पुनः वापस लौटी। इस आयोजन का उद्देश्य मतदाताओं को जागरूक करना है, जिसमें स्कूल के विद्यार्थियों एवं खेल विभाग के खिलाड़ियों द्वारा लोकतंत्र के नारे लगाए गए एवं गीत के माध्यम से नागरिकों को अनिवार्य रूप से मतदान करने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी एस के नेमा, डॉ आलोक सोनवलकर, डी के मिश्रा खेल विभाग से सेफुल्ला खान, नेहरू युवा केंद्र से तेज खान, बांसा तारखेड़ा नेहरु युवक मंडल से जितेन्द्र राजपूत,नमन खरे, स्वीप समिति से एनएसएस जिला संगठक डॉ जितेन्द्र कुमार चौधरी, सिद्धार्थ जाउरकर, सौरभ खरे, पीटीआई धर्मेंद्र असाटी, मनीष, प्रीति बर्मन अरविंद नामदेव, तरुण नामदेव सहित अधिक संख्या में आधिकारी कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## पथरिया में त्रिकोणीय मुकाबला अब 17 उम्मीदवार मैदान में बचे

**दमोह पथरिया देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव में नामांकन वापसी के बाद अब 17 उम्मीदवार मैदान में बचे पिछले चुनाव की बात की जाए तो इस बार भी त्रिकोणीय मुकाबला है पथरिया में बसपा रामबाई सिंह, भाजपा लखन पटेल वही प्रत्याशी मैदान में हैं जो 2018 में रहें सिर्फ कांग्रेस प्रत्याशी राव बृजेन्द्र सिंह बदला। भाजपा प्रत्याशी लगातार तीसरी बार मैदान में तो बसपा प्रत्याशी दूसरी बार, कांग्रेस प्रत्याशी पहली बार है। पथरिया का एक रिकार्ड तो टूट गया कि लगातार टिकट मिलने का लेकिन अभी तक लगातार जीत का रिकॉर्ड नही टूटा है। सभी प्रत्याशियों के अपनी अपनी उपलब्धि क्षेत्र की जनता को बता रहे तो कोई वादे कर रहे हैं ऐसे में जनता किस पर विश्वास जताएंगी यह देखना होगा।

# जिले की चारों विधानसभा क्षेत्र के मतदान दलों का प्रशिक्षण 7 से 10 तक

**दमोह देशबन्धु।** विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत मतदान दलों को प्रशिक्षण 07 नवम्बर 2023 से दिया जायेगा। विधानसभा क्षेत्र 54-पथरिया के मतदान दलों का प्रशिक्षण 07 नवम्बर को शासकीय मॉडल कॉलेज बरपटी के 10 कक्षों में एवं शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज दमोह के 06 कक्षो में आयोजित किया जायेगा। 8 नवम्बर को विधानसभा क्षेत्र 54-पथरिया एवं 55-दमोह के मतदान दलों का प्रशिक्षण शासकीय मॉडल कॉलेज बरपटी के 10 कक्षों में अयोजित किया जायेगा।

इसी प्रकार विधानसभा क्षेत्र 55-दमोह के मतदान दलों का प्रशिक्षण शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज दमोह के 07 कक्षों में आयोजित किया जायेगा। 09 नवम्बर को विधानसभा क्षेत्र 55-दमोह के मतदान दलों का प्रशिक्षण शासकीय मॉडल कॉलेज बरपटी के 10 कक्षों में आयोजित किया जायेगा। इसी प्रकार 56-जबेरा के मतदान दलों प्रशिक्षण शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज दमोह के 07 कक्षों में आयोजित किया जायेगा। 10 नवम्बर को विधानसभा क्षेत्र 56-जबेरा के मतदान दलों का प्रशिक्षण शासकीय मॉडल कॉलेज बरपटी के 10 कक्षों में एवं शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज दमोह के 06 कक्षों में आयोजित किया जायेगा। विधानसभा क्षेत्र 57-हटा के मतदान दलों का प्रशिक्षण 07 नवम्बर को शासकीय महाविद्यालय हटा के 06 कक्षों में एवं शासकीय डाईट हटा के 05 कक्षों में, 08 नवम्बर को शासकीय महाविद्यालय हटा के 06 कक्षों में एवं शासकीय डाईट हटा के 05 कक्षों में तथा 09 नवम्बर को शासकीय महाविद्यालय हटा के 03 कक्षों में आयोजित किया जायेगा।

## 16 अभ्यर्थियों ने ली अपनी अभ्यर्थिता वापस

**दमोह देशबन्धु।** विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत नाम वापिस के तहत 16 अभ्यर्थियों ने अपनी अभ्यर्थिता वापस ली है। विधानसभा क्षेत्र 54- पथरिया से 07 अभ्यर्थियों ने, विधानसभा क्षेत्र 55- दमोह से 04 अभ्यर्थियों ने, विधानसभा क्षेत्र 56- जबेरा से 03 अभ्यर्थियों ने तथा विधानसभा क्षेत्र 57- हटा (अजा) से 02 अभ्यर्थियों ने अपनी अभ्यर्थिता वापस ली है। विधानसभा क्षेत्र 54- पथरिया से अभ्यर्थी आशीष पटैल, दीपा कुर्मी, गंगाराम पटेल, नन्हें भाई अहिरवार, प्रेमनाराण अठ्या, राजकिशोर एवं देवेन्द्र सींग, विधानसभा क्षेत्र 55- दमोह से अनूपकांत/ मोंटी रैकवार, अवधेश प्रताप सिंह लोधी, वंदना कुर्मी (मनीषा), शेख मकसूद (बाबा भाई), विधानसभा क्षेत्र 56-जबेरा से मुराद बेग, मेघराज सिंह एवं रजनी ठाकुर (आदिवासी) तथा विधानसभा क्षेत्र 57- हटा (अजा) से मिहीलाल चौधरी एवं बी.एल. चौधरी ने अपनी अभ्यर्थिता वापस ली है।

## छात्र-छात्राओं के द्वारा वोट आकृति बनाकर वोट डालने का किया गया अनुरोध



**दमोह देशबन्धु।** शासकीय हाई स्कूल राजाबंदी पटेरा में स्वीप अभियान के तहत छात्र-छात्राओं द्वारा वोट आकृति बनाकर मतदाताओं को वोट डालने का आग्रह किया गया। इस अवसर पर सभी-छात्र छात्राओं ने संकल्प लिया कि आगामी 17 नवम्बर 2023 को वह परिवार एवं ग्राम के सभी मतदाताओं को वोट डालने हेतु प्रेरित करेंगे। स्टेट लेवल मास्टर ट्रेनर विद्यालय के प्राचार्य मुकेश गूजरे के साथ विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं द्वारा निरंतर विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें विद्यालय के सभी शिक्षकगण कैलाश पटेल, हरेंद्र सिंह, कपिल साहू, मनोहर पटेल अपनी सहभागिता निभा रहे हैं।

# गुरूनानक उ.मा. विद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम सम्पन्न




**दमोह देशबन्धु।** म.प्र.राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर द्वारा जारी निर्देशों के तहत प्रिंसिपल जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष रेणुका कंचन एवं जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव अम्बुज पाण्डेय के मार्गदर्शन में आज गुरूनानक उ.मा. विद्यालय में बच्चों को मैत्रीपूर्ण विधिक सेवाएं और उनके संरक्षण के लिये, पॉक्सो एक्ट एवं अन्य कानूनी जानकारी के लिये विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। शिविर में न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी राममनोहर सिंह दांगी, जिला विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चौरसिया, प्राचार्य श्रीमती हर्षा हजारी, शिक्षकगण एवं छात्र-छात्रायें उपस्थित रहे। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी राममनोहर सिंह दांगी ने छात्र-छात्राओं के साथ आए दिन होने वाली छेड़छाड़ जैसे मामलों पर जानकारी देते हुये कहा पॉक्सो एक्ट के तहत नाबालिग बच्चों के साथ होने वाले यौन अपराध एवं छेड़छाड़ के मामलों में कार्यवाही की जाती है। यह एक्ट बच्चों को लैंगिक अपराध जैसे गंभीर मामलों से सुरक्षा प्रदान करता है। 18 वर्ष से कम उम्र के बालक या बालिका दोनों हो सकते हैं।

यह कानून बालक या बालिका दोनों को समान रूप से सुरक्षा प्रदान करता है। उन्होंने कहा ऐसे पीड़ित बालक या बालिका की पहचान गुप्त रखी जाती हैं, कोई भी बच्चा अपने विरूद्ध होने वाले अपराधों को छिपाये नहीं ऐसे अपराधों के विरूद्ध आवश्यक कदम उठायें। उन्होंने इंटरनेट के माध्यम से होने वाले अपराधों के संबंध में जानकारी दी। जिला विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चौरसिया ने मूल अधिकार एवं कर्तव्य विषय पर कहा समानता के अधिकार के द्वारा हमें जाति, धर्म, स्थान की वजह से भेदभाव नहीं किया जा सकता, स्वतंत्रता के अधिकार के अंतर्गत हमें बोलने की स्वतंत्रता दी गई किन्तु सीमाओं को ध्यान में रखकर बोलना चाहिये एवं कर्तव्यों का पालन भी करना चाहिये। इसके साथ ही बच्चों को मैत्रीपूर्ण विधिक सेवाएं और उनके संरक्षण, मूल अधिकार एवं कर्तव्य, शिक्षा का अधिकार, मानव तस्करी के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई।

## ग्राम पंचायत सुनहरा में हुआ भारी भ्रष्टाचार

# बिना काम कराए निकाल ली राशि

**पन्ना, देशबन्धु।** जिले में अधिकारी लगातार बदलते रहे उसके बावजूद भ्रष्टाचार में कोई अंकुश नही लगा है, लगातार शासन की योजनाए भी भ्रष्टाचार चल रहा है, ग्रामीण विकास विभाग के अन्तर्गत ग्राम पंचायतो द्वारा कराये जा रहे चुनाव कार्यो में सरपंच, सचिव, उपयंत्री मिलकर लगातार फर्जीवाडा करके शासन की राशि हडप रहें है। इसी प्रकार का मामला पन्ना जनपद पंचायत अन्तर्गत ग्राम पंचायत सुनहरा का प्रकाश में आया है। ग्राम पंचायत सुनहरा के पंच राजू रैकवार ने कलेक्टर के नाम दिये गये आवेदन में बताया कि ग्राम पंचायत क्षेत्र अन्तर्गत माध्यमिक शाला कल्याणपुर के बगल में नाला पर रिपटा निर्माण का कार्य दर्शाया गया है। जिसमे लगभग पांच लाख की राशि खर्च करना बताया गया है। जबकी उक्त स्थान पर आज दिनांक तक कोई भी कार्य नही कराया गया है तथा लेबर एवं मटेरियल के नाम पर राशि आहरित कर ली गई है। इसी प्रकार ग्राम पंचायत अन्तर्गत शोखता सामुदायिक गढ्ढे के कार्यो में दो लाख अठारह हजार की राशि मजदूरी एवं मटेरियल के नाम पर खर्च की गई है। जबकी उक्त कार्य भी नही करया गया है। इसी प्रकार माध्यमिक शाला सुनहरा में बाउन्ड्री बाल निर्माण चार लाख नब्बे हजार दर्शाया गया है। जिसमे दो लाख बीस हजार लेबर तथा दो लाख सत्तर हजार मटेरियल पर खर्च होने का उल्लेख किया गया है। यह भी कार्य ग्राम पंचायत द्वारा नही कराया गया है। ग्राम पंचायत में रूप हारबेस्टिंग कार्य के नाम पर भी राशि निकालकर फर्जीवाडा किया गया है। ग्राम पंचायत क्षेत्र में भगेपुर तालाब के पास वसुधा बंदन, अम्रत वाटिका के नाम पर भी राशि आहरित की गई है। जबकी कही पर भी अम्रत वाटिका का निर्माण नही किया गया है।

# कलेक्टर ने लापरवाही पर छात्रावास वार्डन को किया निलंबित



**पन्ना, देशबन्धु।** कलेक्टर हरजिंदर सिंह ने शासकीय उत्कृष्ट उ.मा. विद्यालय पन्ना अंतर्गत संचालित बालक छात्रावास के वार्डन एवं माध्यमिक शिक्षक सुनील कुमार श्रीवास्तव को पदीय दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही बरतने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में छात्रावास वार्डन का मुख्यालय विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय अजयगढ़ निर्धारित किया गया है। इस अवधि में इन्हें निलंबन भत्ता मिलेगा। निलंबन पश्चात माध्यमिक शिक्षक एवं सुभाष चन्द्र बोस बालक छात्रावास के वार्डन रंजीत सिंह कुशवाहा को बालक छात्रावास शासकीय उत्कृष्ट उ.मा. विद्यालय पन्ना का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

उल्लेखनीय है कि आज बालक छात्रावास के छात्रों द्वारा जिला कलेक्टर को समक्ष में उपस्थित होकर अवगत कराया गया था कि वार्डन द्वारा छात्रों को गुणवत्तापूर्ण भोजन प्रदान नहीं किया जा रहा है और न ही निर्धारित मीनू का पालन किया जा रहा है। इसके अलावा वार्डन का व्यवहार भी छात्रों के प्रति क्रूरतापूर्ण है। छात्रों द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि पूर्व में शिकायत पर वार्डन द्वारा कुछ छात्रों के साथ मारपीट भी की गई थी। जिला शिक्षा अधिकारी के माध्यम से शिकायत की जांच कराए जाने पर शिकायत को प्रथम दृष्टया सही पाया गया और छात्रावास वार्डन सुनील कुमार श्रीवास्तव का कृत्य सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के विपरीत कदाचरण की श्रेणी में होने पर सिविल सेवा वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपील नियम 1966 के नियम 9 के तहत निलंबित करने की कार्यवाही की गई है।

# 13 उम्मीदवारों ने नाम वापस लिया



**पन्ना, देशबन्धु।** विधानसभा निर्वाचन अंतर्गत आज 13 उम्मीदवारों ने अभ्यर्थिता से नाम वापस लिया है। पन्ना विधानसभा से पांच और पवई एवं गुनौर विधानसभा से चार-चार उम्मीदवारों द्वारा नाम वापस लिए गए। नाम वापसी की अंतिम तिथि 2 नवम्बर को अपरान्ह 3 बजे तक निर्धारित थी। पन्ना विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र अंतर्गत अभ्यर्थी मनोज कुशवाहा, चौहान सिंह, नसीम खां, हसीब खान और श्रीकांत दुबे, पवई विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र अंतर्गत भगवानदास सिंह, भुवन विक्रम सिंह, विक्रमादित्य सिंह और शानदार सिंह उर्फगुड्डू राजा तथा गुनौर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र अंतर्गत देवकी प्रजापति, जड़ा बाई चौधरी, चौधरी जितेन्द्र जाटव और भगवानदास चौधरी शामिल हैं।

# आपराधिक मामलों की मीडिया में करनी होगी घोषणा

***पन्ना, देशबन्धु।*** *भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विधानसभा निर्वाचन के सभी उम्मीदवारों को उनके विरूद्ध लंबित तथा दोषसिद्ध आपराधिक मामलों की मीडिया में घोषणा करनी होगी। यह घोषणा निर्धारित प्रपत्र फार्मेट सी.1 एवं सी.2 में नाम वापसी की अंतिम तिथि से लेकर मतदान होने की तारीख से दो दिन पहले तक कम से कम तीन अलग-अलग तारीखों में प्रकाशित करना होगा। यह सामग्री कम से कम 12 आकार फोंट में समाचार पत्रों में उचित स्थान पर प्रकाशित की जानी चाहिए ताकि व्यापक रूप से प्रचारित किया जा सके। आपराधिक मामलों वाले ऐसे सभी उम्मीदवारों के लिए यह भी अपेक्षित होगा कि वे उपर्युक्त अवधि के दौरान तीन अलग-अलग तारीखों को टीवी चैनलों पर भी उपर्युक्त घोषणा प्रसारित करेंगे, किन्तु टीवी चैनलों पर घोषणा के मामलों में इसे मतदान सम्पन्न होने के लिए निर्धारित समय समाप्त होने से 48 घंटे पहले पूरा कर लिया जाना चाहिए। प्रारूप.26 की मद 5 और 6 में घोषणाओं के अनुसार आपराधिक मामलों वाले सभी उम्मीदवारों के मामले में, रिटर्निंग अधिकारी, समाचार पत्रों और टीवी चैनलों में व्यापक प्रचार के लिए आपराधिक मामलों के बारे में घोषणा प्रकाशित करने के लिए इन दिशा निर्देशों के बारे में एक लिखित पत्र देंगे।*

*उम्मीदवारों को दिए जाने वाले ऐसे पत्र के लिए एक मानक फार्मेट सी.3 उपयोग करें। उम्मीदवार जिला निर्वाचन अधिकारी को अपने निर्वाचन व्यय लेखा के साथ उन समाचार पत्रों की प्रतियां जमा करेंगे, जिनमें इस संबंध में उनकी घोषणा प्रकाशित की गई है। राजनैतिक दलों द्वारा बनाए गए आपराधिक मामलों वाले उम्मीदवारों के मामले में उम्मीदवारों को रिटर्निंग अधिकारी के समक्ष यह घोषित करना होगा कि उन्होंने अपने राजनैतिक दल को अपने खिलाफ आपराधिक मामलों के बारे में सूचित कर दिया है। ऐसी घोषणा के लिए प्रावधान प्रारूप.26 में नई जोड़ी गई मद (6 क) में किया गया है। ऐसे सभी राजनैतिक दल संबंधित राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी को एक रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे जिसमें यह बताया गया हो कि उन्होंने इन दिशा निर्देशों की अपेक्षाएं पूरी कर ली हैं और इसके साथ ही दल द्वारा प्रकाशित की गई घोषणा पत्रों वाली पेपर कटिंग संलग्न है।*

# जिले के आठ विधानसभा क्षेत्रों में 97 उम्मीदवार लड़ेगें चुनाव

## 107 में से 10 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन-पत्र वापस लिए, सबसे अधिक 21 सागर में तथा सबसे कम 8-8 बीना, खुरई में प्रत्याशी, नाम वापस लेने वाले सभी 10 निर्दलीय

**सागर, देशबन्धु।** सागर जिले में नाम वापसी के अंतिम दिन गुरुवार को 107 में से 10 अभ्यर्थियों ने अपने नाम निर्देशन-पत्र वापस ले लिए। सबसे अधिक रहली क्षेत्र में 6 अभ्यर्थियों ने नामाकंन-पत्र वापस लिए, यहां संवीक्षा के बाद 21 अभ्यर्थी थे। इस प्रकार जिले के आठ विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में अब 97 उम्मीदवार विधानसभा चुनाव लड़ेंगे। सबसे अधिक 21 उम्मीदवार सागर विधानसभा क्षेत्र में तथा सबसे कम 8-8 अभ्यर्थी बीना एवं खुरई विधानसभा क्षेत्र में चुनाव मैदान में उतरे है। विगत 21 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक 119 अभ्यर्थियों द्वारा नाम निर्देशन-पत्र जमा किये गये थे। 31 अक्टूबर को नाम निर्देशन-पत्रों की संवीक्षा में विधि सम्मत नहीं पाये जाने पर 12 नामांकन-पत्र निरस्त किये गये थे। नाम वापसी की अंतिम तिथि तक बीना विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 8, सुरखी में 12 एवं देवरी में 10 अभ्यर्थियों में से किसी भी अभ्यर्थी द्वारा अपना नाम निर्देशन-पत्र वापस नहीं लिया गया। रहली में से 21 में 6 अभ्यर्थियों, खुरई में 9, नरयावली में 10, तथा सागर में 22 और बंडा में 15 में से एक-एक अभ्यर्थी ने अपना नामाकंन पर्चा वापस लिया। इस प्रकार अब बीना में 8, सुरखी में 12, देवरी में 10, रहली में 15, नरयावली में 9, सागर में 21, बंडा में 14 तथा खुरई में 8 उम्मीदवार चुनाव लड़ेगें। जिले की आठों विधानसभा सीटों के लिए 17 नवबंर को सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान होगा।

विधानसभावार उम्मीदवारों की स्थिति

**सागर विधानसभा सीट-** शैलेंद्र जैन भाजपा, निधि जैन कांग्रेस, मुकेश जैन आम आदमी पार्टी, स्मोही जाटव बसपा, रामलाल रजक भारतीय शक्ति चेतना, सुबोध शुक्ला निर्दलीय, दीपक कोष्ठी निर्दलीय, लक्ष्मीकांत राज निर्दलीय, उमेश त्राहिमाम निर्दलीय, सोना पटेल सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर ऑफ इंडिया, महेंद्र कुमार कोरी निदर्लीय, नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी आजाद समाज पार्टी, गोवर्धन पटेल निर्दलीय,




असलम शेर निर्दलीय, मो. फारुख निर्दलीय, सीतादेवी दुबे निर्दलीय, मिर्जा रिजवान बेग निर्दलीय, सैलबाला सुरनया निर्दलीय, असलम खान निर्दलीय, जाहिद खान निर्दलीय, पीर मोहम्मद निर्दलीय।

**बीना विधानसभा सीट-** महेश राय भाजपा, निर्मला सप्रे कांग्रेस, रामेंद्र अहिरवार बसपा, रामसिंह चढ़ार निदर्लीय, दशरथ निर्दलीय, जीवन निर्दलीय, दीपक अहिरवार समाजवादी पार्टी, नीलेश सिंह पवार निर्दलीय।

**खुरई विधानसभा सीट-** भूपेंद्र सिंह भाजपा, रक्षा राजपूत कांग्रेस, मनोज रजक बसपा, चालीराजा लोधी भारतीय शक्ति चेतना पार्टी, मनोज कुमार जैन निर्दलीय, अजीज खान निर्दलीय, भूपेंद्र लोधी निर्दलीय, लक्खू अहिरवार निर्दलीय।

**देवरी विधानसभा सीट-** बृजबिहारी पटेरिया भाजपा, हर्ष यादव कांग्रेस, देवेंद्र सिंह लोधी निदर्लीय, प्रहलाद सिंह निर्दलीय, रानू लोधी निर्दलीय, मुकेश रजक निर्दलीय, कामता प्रसाद आजाद समाज पार्टी, अरविंद दीक्षित भारतीय शक्ति चेतना पार्टी, बालचंद्र निर्दलीय, रजत दीवान गोंडवाना गणतंत्र पार्टी।

**रहली विधानसभा सीट-** गोपाल भार्गव भाजपा, ज्योति पटेल कांग्रेस, अशोक लोधी भारतीय शक्ति चेतना पार्टी, रजनी कुशवाहा गोंडवाना गणतंत्र पार्टी, राजेश सिंह सोयाम गणा सुरक्षा पार्टी, कमलेश निर्दलीय, ज्योति पटेल निर्दलीय, दिनेश कुमी निर्दलीय, नंदकिशोर कुर्मी निर्दलीय, रजनी गुप्ता निर्दलीय, राजकुमारी कुमी निर्दलीय, श्यामरानी कुर्मी निर्दलीय, सावित्री बाई निर्दलीय, सूर्या प्रकाश पटेल निर्दलीय, सोहन कुर्मी निर्दलीय।

**बंडा विधानसभा सीट-** तरवर सिंह लोधी कांग्रेस, वीरेंद्र सिंह लोधी भाजपा, कुं. रंजोर सिंह बुंदेला बसपा, सुधीर यादव आप, भानुप्रताप सिंह लोधी भारतीय शक्ति चेतना पार्टी, रामभजन बंसल भारतीय संपूर्ण क्रांतिकारी पार्टी, सुनील जैन समाजवादी पार्टी, चांद खान निर्दलीय, एड. पुष्पेंद्र अहिरवार निर्दलीय, भगवानदास यादव निर्दलीय, रोवा निर्दलीय, लक्ष्मन सिंह निर्दलीय, वीरेंद्र भैया निर्दलीय, वीरेंद्र सिंह लोधी निर्दलीय।

**नरयावली विधानसभा सीट-** प्रदीप लारिया भाजपा, सुरेंद्र चौधरी कांग्रेस, अरविंद तोमर आप, सुरेश धानक भारतीय शक्ति चेतना पार्टी, लटोरी प्रसाद सूर्यवंशी बसपा, कोमल चढ़ार निर्दलीय, धमेंद्र अहिरवार आजाद समाज पार्टी, आकाश अहिरवार अभा. गौंडवाना गणतंत्र पार्टी, हरविंदु धानुक अखिल भारतीय आरक्षित समाज पार्टी।

**सुरखी विधानसभा सीट-** गोविंद सिंह राजपूत भाजपा, नीरज शर्मा कांग्रेस, तुलसीराम पाल भारतीय शक्ति चेतना पार्टी, अनीता दांगी बसपा, नीरज शर्मा निर्दलीय, शिशुपाल सिंह निर्दलीय, योगेश सिंह कुशवाहा निर्दलीय, जाकिर अली निर्दलीय, सैफुद्दीन निर्दलीय, रघुनाथ पटेल जन अधिकार पार्टी, आशीष सेन निर्दलीय, विनोद कुर्मी निर्दलीय।

### नाम वापस लेने वाले अभ्यर्थी

तरूण पटेल निर्दलीय रहली, रजनी निर्दलीय रहली, कंछेदी कुर्मी निर्दलीय रहली, बीडी पटेल निर्दलीय रहली, अमिल कुर्मी निर्दलीय रहली, सरोज रानी निर्दलीय रहली, सीताराम निर्दलीय नरयावली, नीरज रैकवार निर्दलीय सागर, गणेश निर्दलीय बंडा, सुनीता राजपूत निर्दलीय खुरई।

## सागर जिले के 8 विधानसभा क्षेत्र के उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह आंवटित

विधानसभा निर्वाचन की प्रक्रिया में नाम निर्देशन पत्र वापिस लेने की अंतिम तिथि के समय के बाद गुरुवार को जिले की आठ विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में शेष रह गये 97 उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह का आवंटन कर दिया गया। राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के उम्मीदवारों का पूर्व निर्धारित चुनाव चिन्ह ही रहेगा।

**विधानसभा क्षेत्र 35-** बीना से एड. निर्मला सप्रे इंडियन नेशनल कांग्रेस हाथ का पंजा, महेश राय भारतीय जनता पार्टी कमल का फूल, रामेन्द्र अहिरवार बहुजन समाज पार्टी हाथी, दीपक कुमार अहिरवार समाजवादी पार्टी साईकिल, जीवन निर्दलीय कूदने की रस्सी, दशरथ निर्दलीय जंजीर, नीलेश सिंह पवार निर्दलीय गन्ना किसान, रामसींग चढ़ार निर्दलीय कैची।

**विधानसभा क्षेत्र 36-** खुरई से भूपेन्द्र सिंह भारतीय जनता पार्टी कमल का फूल, मनोज कुमार रजक बहुजन समाज पार्टी हाथी, बहिन रक्षा सिंह राजपूत इंडियन नेशनल कांग्रेस हाथ का पंजा, चाली राजा लोधी भारतीय शक्ति चेतना पार्टी बांसुरी, अजीज खां निर्दलीय एयरकंडीशनर, भूपेन्द्र लोधी निर्दलीय अलमारी, मनोज कुमार जैन निर्दलीय कैंची, लक्खू अहिरवार निर्दलीय केतली।

**विधानसभा क्षेत्र 37-** सुरखी से अनीता सतनाम दांगी बहुजन समाज पार्टी हाथी, गोविंद सिंह राजपूत भारतीय जनता पार्टी कमल का फूल, नीरज शर्मा इंडियन नेशनल कांग्रेस हाथ का पंजा, तुलसीराम पाल भारतीय शक्ति चेतना पार्टी बांसुरी, रघुनाथ पटेल जन अधिकार पार्टी गैस सिलेण्डर, आशीष सेन निर्दलीय सीटी, जाकिर अली निर्दलीय बल्ला, नीरज शर्मा निर्दलीय गन्ना किसान, इंजी. योगेश सिंह कुशवाहा निर्दलीय ऑटो. रिक्शा, विनोद कुर्मी निर्दलीय सेब, शिशुपाल सिंह निर्दलीय कड़ाही, सैफउदीन हिरनखेड़ा वाले निर्दलीय फूलगोभी।

**विधानसभा क्षेत्र 38-** देवरी से बृजबिहारी पटैरिया भारतीय जनता पार्टी कमल का फूल, हर्ष यादव इंडियन नेशनल कांग्रेस हाथ का पंजा, अरविंद दीक्षित भारतीय शक्ति चेतना पार्टी बांसुरी, कामता प्रसाद आजाद समाज पार्टी कांशीराम केतली, रजत दीवान गोंडवाना गणतंत्र पार्टी आरी, एड. देवेन्द्र सिंह लोधी निर्दलीय एयरकंडीशनर, प्रहलाद सिंह निर्दलीय बैटरी टार्च, बालचंद निर्दलीय फलों से युक्त टोकरी, मुकेश रजक निर्दलीय फूलगोभी, रानू लोधी निर्दलीय गैस सिलेण्डर।

**विधानसभा क्षेत्र 39-** रहली से गोपाल भार्गव भारतीय जनता पार्टी कमल का फूल, इंजी. ज्योति पटेल इंडियन नेशनल कांग्रेस हाथ का पंजा, अशोक लोधी भारतीय शक्ति चेतना पार्टी बांसुरी, रजनी कुशवाहा गोंडवाना गणतंत्र पार्टी आरी, राजेश सिंह सोयाम गण सुरक्षा पार्टी बैटरी टार्च, कमलेश साहू निर्दलीय सेब, ज्योति पटेल निर्दलीय ब्लैक बोर्ड, दिनेश कुर्मी निर्दलीय नाशपाती, नंदकिशोर कुर्मी निर्दलीय फुटबाल, रजनी गुप्ता सुरेन्द्र निर्दलीय अंगूठी, राजकुमारी कुर्मी निर्दलीय ट्रक, श्यामरानी कुर्मी निर्दलीय शटर, सावित्री निर्दलीय फोन चार्जर, सूर्या पटेल निर्दलीय पेट्रोल पंप, सोहन कुर्मी निर्दलीय माचिस की डिब्बी।

**विधानसभा क्षेत्र 40-** नरयावली से अरविंद तोमर आम आदमी पार्टी झाडू, इंजी. प्रदीप लारिया भारतीय जनता पार्टी कमल का फूल, लटोरी प्रसाद सूर्यवंशी बहुजन समाज पार्टी हाथी, एड. सुरेन्द्र चौधरी इंडियन नेशनल कांग्रेस हाथ का पंजा, धमेन्द्र अहिरवार आजाद समाज पार्टी केतली, सुरेश धानक भारतीय शक्ति चेतना पार्टी बांसुरी, हरविंद धानुक अखिल भारतीय आरक्षित समाज पार्टी बेट, आकाश अहिरवार निर्दलीय बाल्टी, कोमल चढार निर्दलीय ब्लैक बोर्ड।

**विधानसभा क्षेत्र 41-** सागर से निधि सुनील जैन इंडियन नेशनल कांग्रेस हाथ का पंजा, इंजी. मुकेश जैन ढाना आम आदमी पार्टी झाडू, शैलेन्द्र कुमार जैन भारतीय जनता पार्टी कमल का फूल, एड. स्मोही जाटव बहुजन समाज पार्टी हाथी, नरेन्द्र सिंह सूर्यवंशी आजाद समाज पार्टी कांशीराम केतली, रामलाल रजक भारतीय शक्ति चेतना पार्टी बांसुरी, सोना पटेल सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर ऑफइंडिया कम्युनिस्ट बैटरी टार्च, असलम सर निर्दलीय कैमरा, असलम खान निर्दलीय फुटबाल, उमेश त्राहिमाम निर्दलीय सीटी, गोवर्धन पटेल निर्दलीय ऑटो रिक्शा, जाहिद खान मंसूरी निर्दलीय सिलाई की मशीन, दीपक कोष्टी निर्दलीय एयरकंडीशनर, पीर मुहम्मद झगडू मिस्त्री निर्दलीय अलमारी, मु. फारूक निर्दलीय स्टम्प्स, महेन्द्र कुमार कोरी निर्दलीय कांच का गिलास, मिर्जा रिजवान बैग निर्दलीय हाकी और बाल, लक्ष्मीकांत राज निर्दलीय केक, शैलबाला सुनरया निर्दलीय हीरा, सीतादेवी दुबे निर्दलीय हारमोनियम, सुबोध शुक्ला आदिपुरूष निर्दलीय टोप।

**विधानसभा क्षेत्र 42-** बंडा से तरवर सिंह लोधी इंडियन नेशनल कांग्रेस हाथ का पंजा, कुंवर रंजोरसिंह बुंदेला बुंदेला बहुजन समाज पार्टी हाथी, वीरेन्द्र सिंह लोधी भारतीय जनता पार्टी कमल का फूल, सुधीर यादव आम आदमी पार्टी झाडू, भानुप्रताप सिंह लोधी भारतीय शक्ति चेतना पार्टी बांसुरी, राम भजन बंसल भारतीय संपूर्ण क्रांतिकारी पार्टी ऑटो रिक्शा, सुनील जैन समाजवादी पार्टी साईकिल, चांद खां निर्दलीय गन्ना किसान, एड. पुष्पेन्द्र अहिरवार निर्दलीय केतली, भगवान दास यादव निर्दलीय माचिस की डिब्बी, रोवा निर्दलीय कांच का गिलास, लक्ष्मन सिंह निर्दलीय अलमारी, वीरेन्द्र सिंह लोधी लंबरदार निर्दलीय हीरा, वीरेन्द्र भैया निर्दलीय सिलाई मशीन।

## लोगो की समस्याओं को दूर करना ही मेरी प्राथमिकता होगी: निधी सुनील जैन



**सागर, देशबन्धु।** नालियां नही बनी रोड पर पानी बह रहा है पाइप लाइन फटी हुई है लोगो की समस्याओं को सुन कर उन्हे दूर करना ही मेरी प्राथमिकता होगी। यह बात कांग्रेस की प्रत्याशी निधी सुनील जैन ने तिली एवं वाघराज वार्डो में जनसम्पर्क के दौरान कही। वार्ड में राधा कृष्ण जी की मूर्ति बना रही महिला के साथ प्रत्याशी निधी जैन चित्रकारी करने लगी। तिली वार्ड में बृद्ध महिला के यहा रोटी बनाई। बाघराज वार्ड के देसाई रेजीडेंसी में आवासीय कॉलोनी में भी जन संपर्क किया। बाघराज वार्ड के सोमनाथ पुरम कोलोनी में साई बाबा के दर्शन कर आशीर्वाद लिया और जन संपर्क किया इस दौरान जनता का अपार समर्थन मिला कांग्रेस प्रत्याशी निधी सुनील जैन ने दोपहर मै सभी कार्यकर्ताओं के साथ बैठकर भोजन किया। बाघराज वार्ड में चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया।

## भाजपा सरकार योजनाओं का लाभ देने में गरीब की जाति व धर्म नहीं पूछती: भूपेंद्र सिंह





**मालथौन, देशबन्धु।** महिलाओं और गरीबों को ताकत मिले, वे आर्थिक रूप से भी सशक्त हों, भाजपा सरकार की विकास योजनाओं का यही आधार है। सभी योजनाओं को सभी जाति की महिलाओं और गरीबों समान रूप से लाभ मिले यह भी भाजपा की सरकार सुनिश्चित करती है। यह बात ग्राम रोड़ा में आयोजित तीन शक्तिकेंद्रों के क्लस्टर सम्मेलन में मंत्री व खुरई से भाजपा प्रत्याशी भूपेंद्र सिंह ने कही। सम्मेलन में बड़ी संख्या में आई नारी शक्ति को इंगित करते हुए भूपेंद्र सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास परिवार की महिला के नाम पर होता है। महिलाओं को पंचायतों और नगरीय निकाय के चुनावों में 50 प्रतिशत सीटें आरक्षित होने से अब महिला सरपंच, जिला पंचायत और जनपद अध्यक्ष, नगर निगम, पालिका, परिषद अध्यक्ष के पदों पर भी काम कर रहीं हैं। अब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महिलाओं को संसद और विधानसभाओं में भी 33 आरक्षण देकर महिला सशक्तिकरण के लिए अपना संकल्प सिद्ध कर दिया है। मंत्री श्री सिंह ने कहा कि खुरई विधानसभा क्षेत्र में नगर पालिका को छोड़कर 325 गांव थे। इनमें से लगभग सौ गांव आज नगरों के लाभ ले रहे हैं और नगर परिषदों, पालिका से जुड़कर नगरों की तरह विकसित हो गये हैं। यदि सिर्फदो साल में 100 गांवों का कायाकल्प हो सकता है तो अगले दो सालों में बाकी 225 गांवों को भी विकास के लिए नगरों की सुविधाएं हासिल करा दी जाएंगी।

## भाजपा प्रत्याशी शैलेंद्र जैन को जनसंपर्क के दौरान मिला संतों का आशीर्वाद



**सागर, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी सागर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी एवं विधायक शैलेंद्र जैन ने गुरुवार को गांधी चौक और नरयावली नाका वार्ड में सघन जन संपर्क किया। जनसंपर्क में महापौर संगीता तिवारी, कंचन सोमेश जड़िया, रामेश्वर नेमा, विनीत भट्ट के साथ बड़ी संख्या में वार्ड वासी उपस्थित रहे। वही जनसंपर्क के दौरान विधायक शैलेंद्र जैन ने रामबाग मंदिर के महंत घनश्याम दास महाराज के आशीर्वाद प्राप्त किया, जिसके बाद पूज्य महाराज जी ने भी जन संपर्क में सानिध्य प्रदान किया। जनसंपर्क के दौरान भाजपा प्रत्याशी एवं विधायक शैलेंद्र जैन को नरयावली नाका एवं गांधी चौक वार्ड में भरपूर प्यार, स्नेह और आशीर्वाद मिला। संपर्क में अल्पसंख्यक समाज के लोगों द्वारा जिला अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष हैदर अली के नेतृत्व में स्वागत किया जनसंपर्क के दौरान कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता के अस्वस्थ होने की जानकारी मिलने पर विधायक शैलेंद्र जैन ने उनके पास पहुंचकर इलाज की समुचित व्यवस्था के निर्देश दिए।

## वरिष्ठ कांग्रेस नेता पं. संतोष पाण्डेय बने सागर विस क्षेत्र के चुनाव संचालक



**सागर, देशबन्धु।** जिला शहर कांग्रेस कमेटी की बैठक कार्यालय में हुई। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष राजकुमार पचौरी ने की। बैठक में सर्वसम्मति से पूर्व उपमहापौर एवं वरिष्ठ नेता पं. संतोष पाण्डेय को सागर विधानसभा क्षेत्र के लिए चुनाव संचालक चुना गया। बैठक में सागर विस क्षेत्र से प्रत्याशी निधी जैन, पूर्व विधायक सुनील जैन सहित समस्त कांग्रेस जन मौजूद रहे।

## कांग्रेस प्रत्याशी सुरेन्द्र चौधरी ने नरयावली के विभिन्न ग्रामों में किया सघन जन संपर्क



**सागर, देशबन्धु।** नरयावली विधान सभा से कांग्रेस प्रत्याशी सुरेन्द्र चौधरी ने गुरुवार को जेरई, बसिया, लौटना लौटनी, नरयावली, नगना ढोंगा, बम्होरी आदि विभिन्न ग्रामों में सघन जन संपर्क कर आशीर्वाद मांगा और विजय श्री दिलाने की अपील की। वही नरयावली विधानसभा मुख्यालय पर चुनाव कार्यालय का उद्घाटन पं. विजय पौराणिक, अनुराग तिवारी, राजू पांडे, शिवचरण दुबे, बाबू सिंह यादव, जितेंद्र सिंह रोहण, रामदयाल चौबे, लगन सिंह, शिवपाल यादव आदि वरिष्ठ जनों ने किया तथा कर्रापुर में गोपाल सिंह राजपूत, प्रेम नारायण उपाध्याय, शिवचरण सोनी, मुन्नालाल तिवारी, विशाल सिंह आदि वरिष्ठ जनों ने कर्रापुर चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया। इस दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस परिवार के लोग मौजूद रहे।

## एफएसटी ने कड़ता रोड के ढाबा से शराब और डीजल जब्त किया

**रहली, देशबन्धु।** फ्लाईग सर्विलांस टीम ने इंचार्ज प्रतीक श्रीवास्तव वन परिक्षेत्र अधिकारी ढाना के नेतृत्व में सी.विजिल पर प्राप्त शिकायत के आधार पर थाना क्षेत्र के कड़ता रोड स्थित अंश फैमिली ढाबा से शराब, बीयर और डीजल जब्त किया है। एफएसटी ने अंश फैमिली ढाबा के कमरे में दो पेटियां 61 पाव पावर विहस्की, 8 पाव सफेद देशी शराब बियर और एक लोहे के ड्रम से भरा हुआ 120 लीटर डीजल जब्त किया। ढाबा संचालक के विरूद्ध अवैध रूप से रखने पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना की जा रही है।

## सागर जिले में मतदान तिथि 17 नवम्बर को सामान्य अवकाश घोषित

**सागर, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश में सागर सहित अन्य जिलों में विधानसभा आम निर्वाचन के लिए मतदान तिथि शुक्रवार 17 नवम्बर को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक आर्य ने सामान्य प्रशासन विभाग के द्वारा 17 नवम्बर के सामान्य अवकाश की जारी अधिसूचना का अक्षरश: पालन कराया जाना सुनिश्चित कराने के दिशा निर्देश सभी 8 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के आरओ सहित अन्य विभागो के अधिकारियों को दिये है।

## विकास की दौड़ में आगे निकल रहा सुरखी विधानसभा क्षेत्र: गोविंद सिंह राजपूत



**सागर, देशबन्धु।** सुरखी विधानसभा क्षेत्र में विकास के कार्यों के साथ स्वास्थ्य शिक्षा और युवाओं की प्रगति के लिये तमाम कार्य किये जा रहे हैं हमने एक तरफ जहां राहतगढ़ में बड़ा सिविल अस्पताल स्थापित करवाया है वहीं स्कूल और महाविद्यालयों के भवनों का विस्तार भी कराया है। सुरखी विधानसभा क्षेत्र में सबसे बड़ी समस्या क्षेत्र की जनसंकट की थीए जिसे हमने लगभग हल कर दिया है। अब गांव गांव में टंकियों का निर्माण हो गया है पाईप लाईन बिछाकर हर घर में पानी पहुंचाया जा रहा है। एक समय था जब यहां पक्की सकड़े नहीं थी। लोगों को आवागमन में बड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ता था। लेकिन अब हर गांव में पक्की सड़क बनी गईं है और प्रमुख मार्गों से जुड़ गई हैं। यह बात सुरखी विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी गोविंद सिंह राजपूत ने कही। गोविंद सिंह गुरूवार को ग्राम कोलुआ, मढ़देवरा, सागौनी, मानकी सलैया में जनसंपर्क कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार और मैने हमारी विधानसभा में विकास के नये आयाम गढ़े हैं। आने वाले दिनों में भी विकास की रफ्तार तेज होगी। गोविंद सिंह ने कहा कि मैने सुरखी विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों के साथ ही संस्कृति, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, रोजगार जैसे मुद्दों पर ध्यान दिया है। अब आपकी बारी कि आपको विकास कराने वालों के साथ रहना है। भाजपा प्रत्याशी गोविंद सिंह राजपूत ने कहा कि मैं आपके सुख और दुख में हमेशा आपके साथ खड़ा रहता हूं, मैं आपको भरोसा दिलाता हूं कि यह विश्वास कभी टूटने नहीं दूंगा। जनसंपर्क के दौरान भाजपा कार्यकर्ता, बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## भाजपा के ही नहीं जन-जन के प्रत्याशी हैं गोविंद: सिंधिया

### सुरखी से भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में जैसीनगर में जनसभा का हुआ आयोजन



**सागर, देशबन्धु।** यहां भारत सरकार का कोई मंत्री नहीं, बल्कि आपके परिवार का सदस्य आया है। सुरखी और जैसीनगर से मेरा हृदय का रिश्ता है। पारिवारिक और भावनात्मक संबंध हैं। मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि सिंधिया परिवार जिससे भावनात्मक संबंध जोड़ लेता है उससे खून की आखिरी बूंद तक संबंध को निभाता है। सुरखी विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी गोविंद सिंह राजपूत भी ऐंसे ही हैं भावनात्मक संबंध के साथ आपसे जुड़े हुए हैं। गोविंद सिंह राजपूत केवल भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी ही नहीं है बल्कि जन-जन के प्रत्याशी हैं। यह बात केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने गुरुवार को सुरखी विधानसभा के जैसीनगर में भाजपा प्रत्याशी गोविंद सिंह राजपूत के समर्थन में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि मेरी आजी, अम्मा जी विजया राजे सिंधिया सागर जिले की बेटी है। इस माटी से मेरे पूज्य पिताजी माधवराव सिंधिया का भी गहरा नाता रहा है। सिंधिया ने कहा कि भाजपा की सोच राजनीति नहीं, जनसेवा करना है। राजनीति केवल माध्यम होना चाहिए। जबकि कांग्रेसी सत्ता और कुर्सी की लालच में दूसरे से ही लड़ रहे हैं। सिंधिया ने कहा कि यह चुनाव आपके भविष्य का चुनाव है। किसी समय मध्यप्रदेश बीमारू राज्य हुआ करता था, लेकिन पूर्ण रूप से विकसित होकर अब मध्यप्रदेश राष्ट्रीय पटल पर स्थापित हो गया है। डबल इंजन की सरकार ने विकास को नई रफ्तार दी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने केवल छल कपट किया है। वल्लभ भवन को भ्रष्टाचार का अड्डा बना दिया था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार केवल वादा करना जानती है। सत्ता में आने के बाद उन्होंने जो किसानों का कर्जा माफ करने का जो वादा किया था, वो भूल गए। मुझसे फर्जी प्रमाण पत्र बंटवा दिए और किसानों को बैंकों का और कर्जदार बना दिया। अगर किसी ने किसानों का कर्जा माफ किया है तो वो भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने माफ किया। हमने जो कहा वो कर दिया। भाजपा का एक ही नारा है कि जान जाए पर वचन न जाए।

### कमलनाथ 80 के मॉडल हैं: गोविंद सिंह

जनसभा में सुरखी से भाजपा प्रत्याशी गोविंद सिंह राजपूत ने कहा कि कमलनाथ कल यहां आए थे, कह रहे थे कि हम 18 के नहीं 23 के मॉडल हैं तो कमलनाथ जी आप 23 के नहीं 80 के मॉडल है। आपको सिर्फ कुर्सी दिख रही है। सुरखी विधानसभा का विकास नहीं दिख रहा। आप जहां आए थे वहां के विकास के बारे में ही पूछ लेते। आप तो यहां बड़े महादेव के मंदिर को ही भूल गए, आपका हैलीकॉप्टर जिस स्टेडियम में उतरा था, वह मैंने और भाजपा सरकार ने ही बनवाया है। पूरे विधानसभा क्षेत्र में मैंने करोड़ों रुपए के विकास कार्य कराए हैं। आप सिंचाई, शिक्षा, चिकित्सा, मार्केट, बस स्टैंड, मंगल भवन आदि की जानकारी ले लेते तो आपको असलियत का पता चल जाता। सभी स्थानों पर काम हुआ है और आगे भी होगा। गोविंद सिंह राजपूत जैसीनगर की जनता से कहा कि आपके और मेरे पूरे परिवार के संबंध वर्षों पुराने हैं। मैं 24 घंटे आपकी सेवा के लिए खड़ा हूं और आगे भी खड़ा रहूंगा। उन्होंने कहा कि मैं बड़े महादेव मंदिर के सामने वचन देता हूं कि आपकी सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहूंगा। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत, रामकुमार पप्पू तिवारी, सुखदेव मिश्रा, रामकुमार यादव, रामगोपाल सिंह लोधी, हरनाम सिंह, धीरज सिंह, दिग्विजय सिंह यादव, नरेंद्र डब्बू आठिया, नरेंद्र अहिरवार, मुन्ना पांडे, विष्णु त्यार, दिलीप पटेल समेत भाजपा के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं क्षेत्रवासी मौजूद थे।

स्वामी पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि.के लिए प्रकाशक गिरिराज चाचा मुद्रक गिरिराज चाचा द्वारा दैनिक भास्कर प्रेस (डी बी कार्प लि.) प्लाट नं. 36 इंडस्ट्रीयल एरिया सागर म.प्र. सागर से मुद्रित एवं 56 अग्रवाल बिल्डिंग एक्सिस बैंक के पीछे 10 सिविल लाईन्स, सागर मप्र से प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली***
प्रबंध संपादक **डॉ. योगेश दत्त तिवारी** फोन 07582-228742 ई-मेल. deshbandhusgr@yahoo.in **प्रेस पंजीयन- MPHIN/2016/69061** समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।